# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025








## खबर संक्षेप

### अब मुलताई का नाम होगा मुलतापी, सीएम की घोषणा

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ताप्ती उदगम स्थल मुलताई शहर का नाम बदलकर 'मुलतापी' करने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की। सूर्यपुत्री मां ताप्ती की महिमा को रेखांकित करते हुए सीएम यादव ने जिलेवासियों की पुरानी मांग को पूरा किया। इसके लिए राज्य सरकार जल्द ही केंद्र सरकार को औपचारिक प्रस्ताव भेजेगी। इसके बाद नाम बदल जाएगा।




### सोना 1.36 लाख के पार चांदी भी ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर रहे। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना 2,313 रुपए बढ़कर 1,36,283 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 3,273 रुपए बढ़कर 2,11,000 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रखी नींव

# देश का 'पहला' पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बनेगा धार में

**प्रदेश के दो जनजातीय बाहुल्य जिले धार और बैतूल में मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन**

*स्वामी विवेकानंद शिक्षा धाम फाउंडेशन के साथ हुए अनुबंध के तहत 25 एकड़ भूमि पर 260 करोड़ रुपए की लागत से धार का मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होगा*



जेपी नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार में पब्लिक प्राइवेट प्रार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर देश के पहले मेडिकल कॉलेज की नींव मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने रखी। पीपीपी मोड पर स्वामी विवेकानंद शिक्षा धाम फाउंडेशन के साथ हुए अनुबंध के तहत 25 एकड़ भूमि पर 260 करोड़ रुपए की लागत से धार का मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जेपी नड्डा ने रिमोट का बटन दबाकर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया। पीजी कॉलेज मैदान धार में शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। प्रदेश के दो जनजातीय बाहुल्य जिले धार और बैतूल में मंगलवार को मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन हो रहा है। यह पीपीपी मोड पर बनने वाला देश का पहला मेडिकल कॉलेज होगा।

*इसी वर्ष अगस्त माह में पीपीपी मॉडल पर बैतूल, कटनी, धार और पन्ना में चार नए चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए थे*



रिमोट का बटन दबाकर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास

## मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को दिया एक नेतृत्वः नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को एक नेतृत्व दिया है। राज्य में नवाचारी सोच और जन सहभागिता के साथ देश में पीपीपी मोड के आधार पर पहला मेडिकल कॉलेज शुरू किया जा रहा है। मध्यप्रदेश ने इस मामले में देश का नेतृत्व किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है।



### वर्ष 2002-03 में थे सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में वर्ष 2002-03 तक मात्र पांच मेडिकल कॉलेज थे। अब प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 33 हो चुकी है। राज्य में पिछले दो सालों में छह शासकीय मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए। इनमें आदिवासी अंचल सिंगरौली और श्योपुर के मेडिकल कॉलेज भी शामिल हैं।

### धार को मां नर्मदा और ऋषि दाधीच का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार को ऋषि दाधीच और मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है। यह जनसंघ के आदिपुरुष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मस्थली भी है। प्रधानमंत्री ने अपने 75वें जन्मदिवस पर धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया था।

### एमबीबीएस की वर्ष 2030 में 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्यः नड्डा

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि देश में 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज और 51 हजार एमबीबीएस सीटें थी, आज 819 मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस के लिए 1 लाख 29 हजार सीटें हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2030 से पहले 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। नड्डा ने विवेकानंद नॉलेज फाउंडेशन की पदाधिकारी सुनीता कपूर और श्रुति कपूर को को पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आरंभ करने पर बधाई दी।

इंदौर पुलिस पर साइबर अटैक

# ई-चालान की फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक



फाइल फोटो

***विभिन्न थानों में तैनात करीब एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी बने शिकार***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के विभिन्न थानों में तैनात करीब एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन एक फर्जी ई-चालान एपीके फाइल के जरिए हैक कर लिए गए हैं। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

इस साइबर हमले का मुख्य असर आजाद नगर, लसूडिया और चंदन नगर थानों में पदस्थ कर्मियों पर देखा गया है। चंदन नगर थाने सहित अन्य क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से एडवाइजरी जारी कर दी गई है ताकि अन्य कर्मचारी इस जाल में न फंसें। साइबर ठगों ने एक बेहद शातिर तरीका अपनाया है। पुलिसकर्मियों के वॉट्सएप पर ई-चालान के नाम से एक एपीके (एंड्रॉयड अप्लीकेशन पैकेज) फाइल भेजी गई।







## अभिनंदन समारोह में पहुंचे भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

# 6 किमी लंबे रोड शो में उमड़ पड़ी भीड़, गुलाबों की हुई बारिश

### *नितिन नबीन का पटना एयरपोर्ट से लेकर बेली रोड होते हुए मिलन हाईस्कूल ग्राउंड तक निकला रोड शो*

एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन 6 किलोमीटर लंबा रोड शो खत्म करने के बाद मिलर हाई स्कूल ग्राउंड पहुंचे। यहां पर 1,100 गुलाब से बने माला से भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इससे पहले पटना एयरपोर्ट से लेकर बेली रोड होते हुए मिलन हाईस्कूल ग्राउंड तक नितिन के लिए रोड शो में शामिल होने भाजपा नेताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, सांसद संजय जायसवाल, मंत्री दिलीप जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत कई बड़े नेताओं ने नितिन का स्वागत किया। इसके बाद नितिन रथ पर सवार होकर रोश शो के लिए निकले। उनके साथ रथ पर दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी थे।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा की


नितिन नबीन का स्वागत फूलों की बारिश से।

रोड शो के दौरान नितिन ने राजवंशी नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान की पूजा की। इसके बाद बेली रोड स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां से उनका रथ आयकर गोलंबर पहुंचा। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी है।

### हाथी-घोड़ा व बुलडोजर लेकर भी पहुंचे कार्यकर्ता

बेली रोड पर भाजपा नेता हाथी-घोड़ा और बुलडोजर लेकर नितिन नवीन के स्वागत में खड़े दिखे। बुलडोजर से भाजपा नेता अपने कार्यकारी अध्यक्ष पर फूलों पर बारिश की। नबीन के कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह दिन भाजपा के लिए भी बड़ा है और देश व बिहार के नौजवानों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि जिस वर्ष भाजपा की स्थापना हुई, उसी वर्ष के आसपास नितिन नबीन का जन्म हुआ, जो अपने आप में एक रोचक संयोग है।

### छोटा सा कार्यकर्ता भी गौरवान्वित होगा



भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि यह युग परिवर्तन का दौर है। संजय सिंह टाइगर ने कहा कि यह अन्य पार्टियों की तरह नहीं बल्कि अलग तरह की पार्टी है। छोटा सा कार्यकर्ता भी बड़े-बड़े पद पर जा सकता है। नबीन के नेतृत्व में शीर्ष पर जाएंगे।

### ममता सरकार को बंगाल की खाड़ी में भेजेंगे



राम कृपाल यादव ने कहा कि ममता सरकार को बंगाल की खाड़ी में भेजना है न, तो फिर आवाज जोर से लगानी पड़ेगी। नारा जोर से लगाना होगा। मैं इसी स्कूल का विद्यार्थी रहा हूं आज और आज इसी पर के प्रांगण में आज अपना संबोधन कर रहा हूं।

### पूरे देश में भाजपा का परचम लहराएगा



*दरभंगा के विधायक गोपाल ठाकुर ने मिथिला में बोलना शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। कहा कि नितिन के नेतृत्व में पूरे देश में भाजपा जीतेगी। आने वाले समय में बिहार का काफी विकास होगा और साथ ही मिथिलांचल का भी विकास होगा। मैं मां जानकी की जन्म भूमि सीतामढ़ी से आता हूं। नबीन जी के प्रतिष्ठा में हम लोग आसमान छुएंगे। मंत्री श्रेयशी सिंह ने कहा कि हम लोग बिहार के साथ-साथ बंगाल को भी जीतेंगे। इधर, पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी ने भोजपुरी में कहा कि बिहार से लेकर पूरे देश में भाजपा का परचम लहराएगा।*

### नबीन ने राहुल पर बोला हमला

### विदेश जाते ही देश को शर्मसार कर रहे और अपमान कर रहे

नबीन ने कहा कि भाजपामें शॉर्टकट की राजनीति की कोई जगह नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय वोट चोरी का नारा देने वाले नेताओं को जनता ने जवाब दे दिया, इसके बाद वे न तो बिहार आए और न ही जनता के बीच गए। चुनाव खत्म होने के बाद कुछ नेता देश से बाहर जाकर बिहार और देश की शिकायत करने लगे। राहुल जर्मनी जाकर अपने देश को गाली दी। उन्होंने अपने ही देश का अपना किया। वहीं उन्होंने तेजस्वी पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के एक बड़े नेता सदन की कार्यवाही के दौरान गायब रहते हैं और चुनाव के बाद विदेश चले जाते हैं। ऐसे नेताओं को बिहार की जनता और राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं को पंचायत से लेकर देश के शीर्ष पदों तक पहुंचने का अवसर देती है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर को सशर्त जमानत दी



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि सेंगर की सजा पर फिलहाल रोक रहेगी, क्योंकि दोषसिद्धि के खिलाफ अपील लंबित है। सेंगर को आदेश दिया कि वह पीड़िता के 5 किलोमीटर के दायरे में न आएं।

### योगेश को एआईसीटीई अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे और सदस्य सचिव प्रोफेसर श्यामा रथ की मौजूदगी में प्रोफेसर सिंह ने नई दिल्ली में स्थित मुख्यालय में अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। कुलपति के रूप में कार्यरत योगेश सिंह के पास एक लंबा अनुभव है।

### अखलाक मॉब लिंचिंग केस में अर्जी निरस्त



**नई दिल्ली।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में सुनवाई हुई। मामले में फास्ट-ट्रैक अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। कोर्टने दोनों पक्षों को सुना। मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

### बाड़मेर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी



**बाड़मेर।** राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर के कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट हो गई हैं। कलेक्ट्रेट के सरकारी ईमेल पर धमकी भरा मेल मिलने की सूचना के बाद पुलिस ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में देश भर में भारी विरोध

# बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विहिप ने किया उग्र प्रदर्शन, यूनुस के पुतले को किया आग के हवाले

### *दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की भरसक कोशिश भी की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया गया। विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रही। विश्व हिंदू परिषद ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा और अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर मंगलवार सुबह 11 बजे से शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया था। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन उग्र हो गया है। बताया जा रहा कि इस दौरान कई लोगों ने पविरोधस्वरूप मोहम्मद यूनुस के पुतले को जूतों को कुचला और फिर आग के हवाले किया गया। पुलिस प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी देखने को मिली है। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जुटकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

*विहिप ने पीड़ित परिवार को न्याय की गुहार लगाई*

*देशभर में बांग्लादेश के खिलाफ लोगों में भारी उबाल*


दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करते लोग, जनाक्रोश दिखा

### हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना में भी लोग सड़कों पर उतरे



बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग के खिलाफ देशभर में गुस्सा और नाराजगी है। यही वजह है कि दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना समेत देश के कई शहरों में लोग बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इसके साथ ही मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका।

### भीड़ ने पीटकर की थी हत्या

दीपू चंद्र दास पर कथित तौर पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर भीड़ ने हमला किया था। आरोप है कि युवक को पहले बेरहमी से पीटा गया, फिर उसके शव को पेड़ से लटकाकर आग लगा दी गई। इस अमानवीय घटना ने पूरे देश में आक्रोश फैला दिया।

### अत्याचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

कोलकाता में बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मार्च निकाला। कोलकाता में 'बोंगियो हिंदू जागरण' के बैनर तले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने 'हिंदू हुंकार पदयात्रा' निकाली। भगवा झंडे लिए प्रदर्शनकारी सियालदह से बांग्लादेश उप उच्चायोग की ओर बढ़ रहे थे, जिन्हें बेकबागान इलाके में भारी पुलिस बल ने रोक दिया।

### पुलिस ने किया लाठीचार्ज

जब प्रदर्शनकारियों ने उप उच्चायोग के करीब जाने के लिए पुलिस बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और हाल ही में हुई एक हिंदू युवक की

### जम्मू में भी विरोध प्रदर्शन

जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि या तो हिंदुओं को भारत लाया जाए या वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वकीलों ने यह भी मांग की कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को जम्मू से निकाला जाए।

### विहिप के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

इस बीच कार्यकर्ता बैरिकेडिंग हटाने लगे, जिस वजह से दिल्ली पुलिस ने कार्यकर्ताओं को खदेड़ने की कोशिश की। पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। दिल्ली में कार्यकर्ताओं ने मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंक दिया। बांग्लादेश में फंसे भारतीय नागरिकों, खासकर मेडिकल छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता गहराती जा रही है।

### ढाका में भी दिखी उग्रता

## बांग्लादेश में भी दीपू के लिए न्याय की मांग

22 दिसंबर 2025 को बांग्लादेश में दीपू की हत्या के खिलाफ ढाका के नेशनल प्रेस क्लब के सामने हिंदू संगठनों और अल्पसंख्यक समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दीपू निर्दोष था। उस पर झूठा आरोप लगाया गया कि उसने ईशनिंदा की है। इसके बाद कट्टरपंथियों ने उसे बुरी तरह पीटा, पेड़ से लटका दिया और फिर जिंदा जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। उनका दावा है कि इस साल जनवरी से अब तक 50 से ज्यादा गैर-मुस्लिमों की हत्या हो चुकी है और कई लोगों पर ईशनिंदा के झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। बांग्लादेश के भालुका में धार्मिक अपमान के झूठे आरोप में गारमेंट वर्कर दीपू चंद्र दास की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को जला दिया। जांच में उस पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने समय पर सूचना नहीं दी, जिससे दीपू की जान नहीं बचाई जा सकी।

### ईसी की मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी

## *छत्तीसगढ़, केरल, मप्र के साथ अंडमान में 93 लाख वोटर्स के नाम हटे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के 4 राज्यों- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और केरल में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया गया है। इस पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य फर्जीवाड़े को रोकना और मृत, शिफ्टेड या डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाकर सूची को शुद्ध बनाना था। इस प्रक्रिया में चार राज्यों से लाखों मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हो गए हैं। चारों राज्यों में निर्वाचन आयोग ने उन मतदाताओं को मौका दिया है जिनके नाम गलती से कट गए हैं। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 तय की गई है। स्क्रूटनी और सुधार के बाद 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ः 27,34,817 नाम कटे

छत्तीसगढ़ में 2003 के विशेष अभियान के बाद अब तक कुल 27,34,817 नाम हटाए गए हैं। इनमें से 19 लाख से ज्यादा मतदाता अपने पुराने पते से स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके हैं, जबकि 6.42 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। 1.79 लाख नाम 'दोहरी प्रविष्टि' से हटाए गए हैं।

### केरलः 24 लाख मतदाता सूची से बाहर

केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू. केलकर ने जानकारी दी कि राज्य में ड्राफ्ट सूची से 24 लाख से अधिक मतदाताओं को बाहर किया गया है। केरल में भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग पाए गए जो अब संबंधित बूथों


### अंडमान में 79.38% फार्म जमा

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में चलाए गए एससुआईआर अभियान के बाद मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया गया है। कुल गणना फॉर्म्स तीन लाख 10 हजार 404 में से 79.38 फीसदी यानी 2 लाख 46 हजार 390 गणना फॉर्म वापस मिले।

### हाईकोर्ट का अहम फैसला

## लावारिस कुत्तों को कहीं भी खाना खिलाने से रोकना गलत नहीं है

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बंबई हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को गैर-निर्धारित स्थानों पर आवारा कुत्तों को भोजन कराने से रोकने को भारतीय न्याय संहिता के तहत गलत तरीके से रोकना या बाधा डालना नहीं कहा जा सकता। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस संदेश पाटिल की पीठ ने एक महिला और उसके दोस्तों को आवासीय सोसाइटी के गेट पर कुत्तों को भोजन कराने से रोकने के आरोप में पुणे के 42 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति को गैर-निर्धारित स्थानों पर आवारा कुत्तों को गलत तरीके से खाना खिलाने से रोकने को भारतीय न्याय संहिता के तहत 'रोकने' के के अर्थ में नहीं कहा जा सकता। यह फैसला 18 दिसंबर को सुनाया गया, जिसकी एक प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई।

### केंद्रीय मंत्री प्रधान का प्रस्ताव

## ओडिशा के 108 एसईबीसी समुदायों को ओबीसी सूची में शामिल किया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार से ओडिशा के 108 सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग समुदायों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने का अनुरोध किया है। केंद्र स्तर पर ओबीसी के रूप में वर्गीकृत लोगों को ओडिशा में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के रूप में जाना जाता है। प्रधान ने वीरेंद्र कुमार को लिखे एक पत्र में कहा कि मैं ओडिशा में ओबीसी की राज्य और केंद्रीय सूचियों के बीच समानता से संबंधित एक अहम्‌ण मामले की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस विसंगति के परिणामस्वरूप इन समुदायों के सदस्यों के लिए प्रशासनिक अस्पष्टताएं और व्याख्यात्मक चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं, विशेष रूप से जब वे राज्यों के बीच प्रवास करते हैं।

## शांतिनिकेतन में पारंपरिक पौष मेला शुरू


**बीरभूम।** पश्चिम बंगाल में बीरभूम के विश्व धरोहर शांतिनिकेतन में पारंपरिक पौष मेले का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। छातिमतला परिसर में रवीन्द्र संगीत, ब्रह्म उपासना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

### दिल्ली कैबिनेट ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले

## 800 फैक्ट्रियों में लग जाएंगे ताले सड़कों पर सिर्फ डीटीसी की चलेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैबिनेट की अहम बैठक में प्रदूषण को खत्म करने और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दिल्ली के अंदर 50फीसदी बस ऑपरेट करने का जिम्मा जेलही इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम के पास था, जिसे अब खत्म कर दिया गया है। अब 100 फीसदी बस डेल्ही ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन ( डीटीसी) ऑपरेट करेगी।



### हाईटेक ई-वेस्ट प्लांट बनेगा

इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन के लिए दिल्ली सरकार होलंबी कलां में एक विशाल ई-वेस्ट प्लांट लगाने जा रही है। यह प्लांट 11.5 एकड़ में फैला होगा। पानी की बर्बादी रुकेगी।

### जल निकायों के लिए 100 करोड़ आवंटित

दिल्ली में 1,000 से अधिक वाटर बॉडीज में से 160 जल निकाय दिल्ली सरकार के अधीन हैं। सरकार ने इन 160 वाटर बॉडीज के रिजुवेनेशन के लिए 100 करोड़ के बजट को मंजूरी दी है।

### पीयूसीसी के बिना पेट्रोल नहीं मिलेगा

अब दिल्ली में ग्रेप हटने के बाद भी बिना वैध पीयूसीसी सर्टिफिकेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा। प्रदूषण फैलाने वाली 800 से अधिक इंडस्ट्रीज को बंद करने का आदेश दिया गया है। 411 को क्लोजर नोटिस दिया है।

### मसूद के बयान पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा, शहजाद ने किया हमला

# सहयोगी व परिवार को भी अब राहुल पर भरोसा नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश मसले पर मीडिया से बात करते हुए इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी को पीएम बनाने की वकालत की थी। उन्होंने कहा कि प्रियंका को प्रधानमंत्री बना दीजिए, इंदिरा गांधी जैसा जवाब मिलेगा। अब मसूद के बयान को भाजपा ने आधार बना दावा किया है कि खुद गांधी परिवार राहुल के हाथों में कमान पर सहमत नहीं है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मसूद ने तो साफ-साफ कह दिया कि अब उनको राहुल पर कोई भरोसा नहीं बचा है। अब राहुल हटाओ, प्रियंका जी को लाओ। उन्होंने कहा कि इस बात का समर्थन रॉबर्ट्र वाड्रा ने भी किया है। इसका मतलब जनमत तो राहुल से गया ही, उनके पास सहयोगियों का समर्थन भी नहीं है और न ही जनपथ का समर्थन मिल रहा है।

इमरान ने की थी राहुल को पीएम बनाने की वकालत, अब वे बात से पलटे

'अब राहुल हटाओ, प्रियंका जी को लाओ' चल रहा





### खेड़ा ने कहा- मसूद ने ठीक बोला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा कि जब सारे सवाल आपको हम से ही पूछने हैं कि साहब बांग्लादेश पर भी आप बोलो, कहीं कोई बलात्कार हो रहा है तो आप बोले, कहीं कोई किसी के साथ अन्याय हो रहा है तो आप बोले, जब जवाब हमें देने हैं तो लाइए सरकार भी हमें दे दीजिए, इनके बस की बात नहीं है सरकार चलाना। ठीक बोला उन्होंने।

### कांग्रेस कह चुकी राहुल और खरगे को हटाना चाहिए

*पूनावाला ने कहा कि कुछ दिन पहले, ओडिशा कांग्रेस नेता मोहम्मद मोकिम ने भी कहा था कि राहुल और मल्लिकार्जुन खरगे को उनके नेतृत्व पदों से हटा देना चाहिए और उनकी जगह प्रियंका को लाना चाहिए। उन्हें तुरंत पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया। इससे ज्यादा साफ नहीं हो सकता कि किसी को भी राहुल पर भरोसा नहीं है।*

### प्रियंका को आगे आना चाहिए, सब कह रहेः वाड्रा



प्रियंका के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि सब की मांग होती है, सब कहते हैं कि प्रियंका को आना चाहिए। उन्होंने खुद के राजनीति में आने के सवाल पर कहा कि लोगों की ओर से ऐसी मांगें जरूर आती हैं, लेकिन फिलहाल सबसे जरूरी है कि असल मुद्दों पर ध्यान दिया जाए।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

विश्व का सबसे विशालकाय शिवलिंग



सागर के नेशनल हाइवे-44 से गुजरा विशाल पाषाण शिवलिंग

# 33 फीट ऊंचा व 180 टन का विशाल शिवलिंग, जयकारों से गूंज उठा नेशनल हाइवे, 110 पहियों के ट्राला से जा रहा चंपारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

## चंपारण में विश्वस्तरीय विराट रामायण मंदिर की स्थापना होगी

धर्म और आस्था का अद्भुत दृश्य उस समय देखने को मिला जब विश्व का सबसे विशालकाय शिवलिंग सागर जिले के देवरी क्षेत्र से गुजरा।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम से बिहार के चंपारण तक की जा रही इस ऐतिहासिक यात्रा को देखने के लिए नेशनल हाईवे-44 पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। पत्थर से निर्मित यह शिवलिंग इतना भव्य है कि इसे ले जाने के लिए 110 पहियों वाले विशेष ट्राले का उपयोग किया जा रहा है। इस शिवलिंग की विशालता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी ऊंचाई 33 फीट और गोलाई भी 33 फीट है। चालक दल के सदस्य



आलोक सिंह ने 'हरिभूमि' को बताया कि एकल पाषाण से निर्मित इस शिवलिंग का वजन लगभग 180 टन है। शिवलिंग को चेन्नई में आकार दिया गया है। शिवलिंग लेकर बिहार के चंपारण जा रहे लोगों का कहना है कि चंपारण पहुंचने में उन्हें एक महीने का वक्त लगेगा।

### मंदिर का शिखर 270 फीट ऊंचा होगा

शिवलिंग लेकर जा रहे चालक दल के सदस्य आलोक ने बताया कि हम लोग 21 नवंबर को महाबलीपुरम से चले थे। चंपारण में विश्वस्तरीय विराट रामायण मंदिर की स्थापना होगी। 120 एकड़ क्षेत्रफल वाली इस महत्वकांक्षी परियोजना में ये पाषाण शिवलिंग भी स्थापित किया जाना है। जिस मंदिर में इस शिवलिंग की स्थापना होगी, उस मंदिर का शिखर 270 फीट ऊंचा होगा।

---

सुबह 8.54 बजे एलवीएम-एम6 रॉकेट का होगा प्रक्षेपण

# इसरो आज लॉन्च करेगा ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह



लांचिंग की तैयारी

- स्मार्टफोन को उच्च गति वाली सेल्युलर ब्रॉडबैंड सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया
- पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड होगा

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अमेरिका के एक नए पीढ़ी के संचार उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम-एम6 रॉकेट के प्रक्षेपण के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को यहां शुरू हो गई। एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत इसरो बुधवार को सुबह 8.54 बजे इस अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण पैड से भारी सामान को ले जाने वाले अपने प्रक्षेपण यान एलवीएम3-एम6 के जरिए 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' का प्रक्षेपण करेगा। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि 6,100 किलोग्राम वजनी यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण इतिहास में पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड होगा।

### वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना


इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था, जिसका वजन करीब 4,400 किलोग्राम था और जिसे इसरो ने दो नवंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। बुधवार का यह मिशन 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत संचालित किया जा रहा है। एनएसआईएल, इसरो की वाणिज्यिक इकाई है। यह ऐतिहासिक मिशन अगली पीढ़ी का ऐसा संचार उपग्रह स्थापित करेगा, जिसे दुनिया भर में सीधे स्मार्टफोन को उच्च गति वाली सेल्युलर ब्रॉडबैंड सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### निलंबित जज को जमानत देने वाले जज का ट्रांसफर

**इंदौर।** हाईकोर्ट जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल ने इंदौर जिला न्यायालय में पदस्थ सेशन जज प्रकाश कसेरा का तबादला किया है। आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ फर्जी आदेश तैयार करने के आरोप में उनकी कोर्ट की टाइपिस्ट नीतू सिंह आरोपी हैं।



### इटारसी की ऑर्डनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी

**इटारसी।** देश के डिफेंस सेक्टर में बड़ी भूमिका निभाने वाली इटारसी ऑर्डनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। फैक्ट्री के आधिकारिक ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ था, जिसके बाद हड़कंप मच गया।



### दीप्ति शर्मा टी 20 में बनी नंबर-1 बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा टी20 फॉर्मेट की नई नंबर वन गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति शर्मा मंगलवार को अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं।



### छिंदवाड़ा में एक साथ जन्मे 4 बच्चों की मौत

**छिंदवाड़ा।** जिले के जुन्नारदेव में एक साथ जन्मे चार बच्चों ने कुछ ही घंटों के भीतर दम तोड़ दिया। जन्म लेने वालों में तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल था। डॉक्टरों के अनुसार, यह एक 'सुपर प्रीमैच्योर' केस था, जिससे उनकी मौत हो गई।




---

कुल 5 करोड़ 74 लाख मतदाताओं को एसआईआर के फार्म दिए गए थे, उनमें से 90 फीसदी से ज्यादा फार्म आए

चुनाव आयोग ने मप्र के मतदाताओं का एसआईआर ड्राफ्ट किया जारी

# 42 लाख 74 हजार मतदाताओं के नाम कटे इनमें से 8,65,831 मतदाता 'नो-मैपिंग' में

*दावा आपत्ति का चरण 22 जनवरी से चलेगा। कोई भी मतदाता कभी भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। उसे फार्म-6 भरकर देने के साथ ही आपैचारिकता पूरी करना होगी*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने मप्र का मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का ड्राफ्ट मंगलवार को जारी कर दिया। प्रदेश में कुल 42 लाख 74 हजार 160 मतदाता कम हो गए हैं।

27 अक्टूबर की मतदाता सूची में 5,74,06,143 मतदाता थे, किंतु एसआईआर के बाद महज पौने दो महीने में यह घटकर 5,31,31,983 हो गए हैं। इनमें से 8,65,831 मतदाता नो-मैपिंग में आए हैं। इन सभी को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी को 7 दिन के अंदर अपना दावा प्रस्तुत करना होगा। तय समय पर दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करने को कहा गया है।

- हटाए गए मतदाताओं में से 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं
- सभी को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरु हो गई



मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा जानकारी देते हुए

**सभी को 7 दिन के अंदर अपना दावा प्रस्तुत करना होगा**

**तय समय पर दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करने को कहा गया**

### 55 जिलों में विशेष अभियान चलाया गया

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) संजीव कुमार झा ने बताया कि एसआईआर के लिए सभी 55 जिलों में विशेष अभियान चलाया गया। कुल 230 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों साथ 532 सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एआरओ) तथा 65,014 मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ के प्रयासों से परिणाम हासिल हुआ है। इसके साथ ही राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही 1,35,882 राजनैतिक दलों के बीएलए का सहयोग मिला है।

### 8 लाख 46 हजार 184 मतदाताओं की मृत्यु

मप्र में मंगलवार को जारी ड्राफ्ट के अनुसार 5,31,31,983 मतदाता हैं। कुल पांच करोड़ 74 लाख मतदाताओं को एसआईआर के फार्म दिए गए थे। उनमें से 90 फीसदी से ज्यादा एसआईआर के फार्म आ चुके हैं। कुल 42 लाख 74 हजार 160 मतदाताओं का एसआईआर जमा नहीं हुआ है। इसमें 8 लाख 46 हजार 184 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। यह कुल 1.47 फीसदी है। जबकि 8 लाख 42 हजार 677 मतदाताओं को ट्रेस नहीं किया जा सका है। यह 1.47 फीसदी हैं।

### अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा

सीईओ झा से साफ कर दिया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है, उन्हें नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगे जाएंगे। इनका नाम अंतिम प्रकाशन मे जोड़ा जाएगा। यह प्रक्रिया 22 जनवरी से 14 फरवरी तक चलेगी। अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। हटाए गए मतदाताओं में से 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं हैं।

### इंदौर में सबसे अधिक मतदाता अनुपस्थित पाए गए

एब्सेंट यानी अनुपस्थित मतदाताओं में सबसे अधिक इंदौर में पाए गए हैं। यहां से बड़ी संख्या में मतदाता अपने निर्धारित पतों पर नहीं मिले। इनकी कुल संख्या 1,75,424 है। दूसरे नंबर पर राजधानी भोपाल है, यहां कुल 1,0,1503 मतदाता नहीं मिले।

---

राहुल गांधी के जर्मनी दौरे का वीडियो जारी

# ईडी-सीबीआई विपक्ष के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहे

**भाजपा बोली- राहुल गांधी की कांग्रेस अराजकता चाहती है**

एजेंसी ▶▶ बर्लिन



राहुल गांधी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल ने कहा- भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल 17 से 19 दिसंबर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल ने कहा कि भाजपा राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। भाजपा ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है।

### राहुल विदेश जाते हैं भारत को बदनाम करते हैं: भाजपा

राहुल के बयान पर भाजपा ने मंगलवार को उन पर तीखा हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा- राहुल विदेश जाते हैं, भारत को बदनाम करते हैं, झूठ बोलते हैं। वे लीडर ऑफ अपोजिशन नहीं, बल्कि लीडर ऑफ प्रोपेडंगा हैं। उन्होंने जर्मनी में चीन तरक्की कर रहा है। चीन की प्रशंसा करो, भारत को बदनाम करो, यही अब राहुल गांधी की पहचान बन गई है। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि राहुल और कांग्रेस भारतीय लोकतंत्र में अराजकता और अशांति फैलाना चाहते हैं। प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी कहते हैं कि लोग आपस में लड़ेंगे, भारत असफल हो जाएगा। क्या भारत से प्रेम करने वाला कोई व्यक्ति भारत को असफल होते देखना चाहेगा?

---

सर्व हिंदू समाज की अपील का असर

## दोपहर 2 बजे तक बंद रहा आष्टा, 4 गिरफ्तार

**सीहोर-आष्टा।** आष्टा के अलीपुर और पार्वती थाना क्षेत्र में रविवार रात हुए उपद्रव और पथराव के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सर्व हिंदू समाज द्वारा दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम के बीच पुलिस ने वीडियो फुटेज का सहारा लेकर मुख्य उपद्रवियों को चिन्हित किया है। अब तक पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। उपद्रव के विरोध में मंगलवार को आष्टा के व्यापारियों ने एकजुटता दिखाई।



■ अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

'जल अर्पण' कार्यक्रम

## 24 घंटे पानी वाला पहला गांव कुंडीबेह बना

**राजगढ़।** जिले का एक छोटा सा गांव कुंडीबेह अब देश के जल मानचित्र पर मिसाल बनकर उभरा है। यहां पिछले एक साल से ग्रामीणों को 24 घंटे नल से पानी की सप्लाई निर्बाध होती है। विभाग का दावा है, कुंडीबेह देश का पहला ऐसा गांव है जहां ग्रामीणों को सालभर से 24 घंटे पेयजल सप्लाई हो रही है। इसी उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने के लिए मंगलवार को गांव में देश का पहला जल अर्पण कार्यक्रम हुआ। जिला से मात्र 10 किमी दूर स्थित यह गांव आज आधुनिक जल प्रबंधन का मॉडल बना।



■ जिला मुख्यालय से मात्र 10 किमी दूर है गांव

सूदखोर का ऐसा दुस्साहस

## कर्ज के बदले मांग ली कर्जदार से उसकी पत्नी

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम परवरिया में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। रामस्वरूप वाल्मीकि और उनकी पत्नी रसीता बाई ने कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि गांव के ही राकेश कलावत ने कर्ज माफ करने के बदले पत्नी को घर भेजने की घिनौनी मांग की। पीड़ित दंपती का कहना है कि उन्होंने पहले लिया गया कर्ज ब्याज सहित चुका दिया था, फिर भी आरोपी लगातार अतिरिक्त पैसों की डिमांड करता रहा।



■ कर्ज चुकाने के बाद भी पैसों की डिमांड

---

## विहिप, बजरंग दल के अलावा मुस्लिम समाज भी सड़क पर




### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ फूटा गुस्सा

**भोपाल।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रही हिंसा के विरोध में भोपाल सहित पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया गया। भोपाल के इतवारा क्षेत्र में मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने इसे मानवाधिकारों का मुद्दा बताते हुए भारत सरकार से सख्त कदम और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की।

---

भारी पड़ी मोबाइल से रील बनाने की सनक

मालवा एक्सप्रेस और बिलासपुर एक्सप्रेस गुजरते समय हादसा

# रेलवे ट्रैक पर आई दो ट्रेनें, चपेट में आने से दो युवकों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बीराखेड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे पटरी पर रील बनाते समय बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में दो युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान विकास नगर निवासी आलोक और शंकर नगर निवासी सन्नी के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब मालवा एक्सप्रेस इंदौर की ओर जा रही थी, जबकि बिलासपुर एक्सप्रेस देवास की ओर आ रही थी। इसी दौरान दोनों युवक रेलवे ट्रैक पर मोबाइल से वीडियो रील बना रहे थे, तभी अचानक ट्रेन आ जाने से वे उसकी चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।



इसी रेलवे ट्रैक पर हादसा हुआ

---

हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल (89) चले गए

# दीवार में एक खिड़की रहती थी...खिड़की में एक जिंदगी...जिंदगी में एक किताब...उफ! जो पूरी हो गई

रायपुर एम्स अस्पताल में शाम को ली अंतिम सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल (89) चले गए। शुक्ल ने रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मंगलवार की शाम अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और अस्पताल में भर्ती थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने 1 नवंबर को ही विनोद कुमार शुक्ल से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। बीत माह ही विनोद कुमार शुक्ल को हिंदी साहित्य के सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा गया था।

**बीते माह ही विनोद कुमार शुक्ल को हिंदी साहित्य के सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाज़ा गया था**

**पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने 1 नवंबर को शुक्ल से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी**

### उपन्यासों के नामों का एक 'नया व्याकरण' दिया

गद्य और पद्य का अनूठा संगम शुक्ल जी ने अपनी यात्रा 'लगभग जयहिंद' कविता-संग्रह से शुरू की, लेकिन जल्द ही वे हिन्दी साहित्य के एक ऐसे स्तंभ बन गए जिन्होंने कविता और कहानी के बीच की धुंधली रेखा को ही मिटा दिया। काव्य यात्राः 'वह आदमी चला गया, नया गरम कोट पहनकर विचार की तरह', 'सब कुछ होना बचा रहेगा', और 'आकाश धरती को खटखटाता है'।



विनोद कुमार शुक्ल

### कई पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

पुरस्कारों से सुसज्जित गौरवमयी जीवन विनोद कुमार शुक्ल की लेखनी ने न केवल पाठकों का दिल जीता, बल्कि उन्हें देश के तमाम सर्वोच्च सम्मानों से भी अलंकृत किया गया। उन्हें गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, साहित्य अकादमी पुरस्कार, शिखर सम्मान, राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार और हाल ही में ज्ञानपीठ पुरस्कार जैसे गरिमामयी सम्मान प्राप्त हुए।

# स्कूली विद्यार्थी पढ़ेंगे अब संस्कृत, वेद, उपनिषद, योग, गाय पर कर सकेंगे शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के राजगढ़ और नरसिंहपुर जिले में बनने वाले आदि शंकराचार्य गुरुकुलम में छात्र संस्कृत, वेद, उपनिषद, योग और भारतीय दर्शन की पढ़ाई करेंगे। छात्रों को गुरुकुल परंपरा के अनुसार कैंपस में रहकर अध्ययन करना होगा। इसके साथ ही गाय पर आधारित अध्ययन और शोध भी विद्यार्थियों को कराया जाएगा। इसमें गायों की नस्ल, दूध की गुणवत्ता और औषधीय गुणों पर अध्ययन होगा। शिक्षा के साथ अनुशासन और जीवन मूल्यों पर भी जोर रहेगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को राजधानी स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में विकास और सेवा के 2 वर्ष पर केन्द्रित प्रेसवार्ता में यह जानकारी साझा की। मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों को जन्म से लेकर 12वीं तक सिर्फ पढ़ाने का नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का काम कर रही है। मंत्री के मुताबिक, अगर ये प्रयोग सफल हुए तो मध्यप्रदेश देश के लिए मॉडल बन सकता है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक राजधानी भोपाल में प्रदेश की सबसे ऊंची 22 मंजिला सरकारी इमारत का निर्माण है। यह भवन न केवल स्कूल शिक्षा विभाग के सभी कार्यालयों को एक छत के नीचे लाएगा, बल्कि इसका व्यावसायिक उपयोग कर राजस्व भी अर्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसे एक मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में लक्ष्य दिया है।

### खास बातें

- विभाग की होगी 22 मंजिला सरकारी इमारत, सभी कार्यालयों होंगे एक छत के नीचे
- राजगढ़ और नरसिंहपुर जिले में तैयार किए जा रहे हैं आदि शंकराचार्य गुरुकुलम
- विकास और सेवा के 2 वर्ष पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

### विकासखंड स्तर पर बुक फेयर आयोजित होंगे



मंत्री ने घोषणा की कि विकासखंड स्तर पर बुक फेयर आयोजित किए जाएंगे। इससे सरकारी ही नहीं, निजी स्कूलों के छात्र भी सरकार द्वारा तय न्यूनतम दरों पर महंगी किताबें खरीद सकेंगे। 275 सांदीपनि एवं 799 पीएमश्री विद्यालयों को मॉडल नेशनल एजुकेशन पॉलिसी उदाहरणीय स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना है। प्रदेश के 275 सांदीपनि विद्यालयों में से 79 भवन पूर्ण और 126 सांदीपनि भवनों का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। वर्तमान में 3367 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा और पिछले वर्षों में 690 विद्यालयों में कृषि संकाय प्रारंभ हुए हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 6 लाख हुई। 67 हजार से अधिक बालक-बालिकाओं को प्रारंभिक स्तर तक की पढ़ाई के साथ ही आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है। 32 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। 76 हजार अतिथि शिक्षकों को 1 जुलाई को विद्यालयों में जॉइन कराया है।

### 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया का सरलीकरण

मंत्री सिंह ने कहा कि स्कूलों में कक्षा एक, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। कक्षा 6 में प्रवेश के लिये प्रधानाध्यापक और माध्यमिक शाला में कक्षा 9 में प्रवेश के लिये प्राचार्य को जिम्मेदारी दी गई। कक्षा एक में कुल नामांकन वर्ष 2025-26 में पिछले वर्ष की तुलना में 19.6 प्रतिशत एवं शासकीय विद्यालयों में 32.4 प्रतिशत अधिक रहा है। पिछले 3 वर्षों में सभी कक्षाओं में ड्रॉपआउट दर में कमी आई है। वर्ष 2024-25 में प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर 6.8 प्रतिशत से घटकर शून्य हो गई है। समग्र आईडी के माध्यम से 90 प्रतिशत बच्चों की ट्रेकिंग पूर्ण की गई है।

### मान्यता के लिए अब एण्ड टू एण्ड पोर्टल

मंत्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में 80 प्रतिशत नियमित शिक्षकों की एवं 96 प्रतिशत अतिथि शिक्षकों की हमारे शिक्षक जियो टेग आधारित ऐप में दर्ज की जा रही है। इस ऐप में अवकाश प्रबंधन और शिकायत निवारण सुविधा भी 1 जनवरी 2026 से लागू कर दी जायेगी। निजी विद्यालयों की मान्यता निरीक्षण एवं अपील प्रक्रिया के लिए एण्ड टू एण्ड ऑनलाइन पोर्टल को इस वर्ष शुरू किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारों में मत्था टेकें भाजपा प्रतिनिधि

**भोपाल।** 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साहिबजादों के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री, सांसद और विधायक से लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश के हर जिले में गुरुद्वारों में मत्था टेकेंगे और साहिबजादों के अदम्य साहस व बलिदान को नमन करेंगे। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 26 दिसंबर को सभी जिलों साहिबजादों का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। जिला और मंडल स्तर पर ए साथ कार्यक्रम आयोजित होंगे, ताकि यह संदेश जन-जन तक पहुंचे कि धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए कम उम्र में दिया गया बलिदान भारतीय इतिहास की अमूल्य विरासत है। मुख्य आयोजन के तहत गुरुद्वारों में विशेष कार्यक्रम रखे जाएंगे। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। गुरुबाणी पाठ, अरदास और विचार गोष्ठियों के माध्यम से साहिबजादों के शौर्य, त्याग और धर्मनिष्ठा पर प्रकाश डाला जाएगा। वीर बाल दिवस के अवसर पर शिक्षण संस्थानों में भी विशेष गतिविधियां होंगी। स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान साहिबजादों के बलिदान की जानकारी दी जाएगी, जबकि कॉलेज और विश्वविद्यालयों में गोष्ठियों का आयोजन कर युवाओं को सिख इतिहास और मूल्यों से जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को साहस, सत्य और राष्ट्रधर्म की भावना से प्रेरित करना है। सोशल मीडिया पर भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के 21 गोल्डन अचीवर्स होंगे सम्मानित

**इंदौर।** हम ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां समाज में बदलाव की सबसे बड़ी ताकत सरकारें, नीतियाँ या संसाधन नहीं, बल्कि लोग बन रहे हैं। इसी सोच के साथ सतत विकास के प्रमुख लक्ष्यों को हासिल करने हेतु कार्यरत संस्था '2030_का_भारत' नए साल में एक अनोखा और प्रेरणादायक समारोह आयोजित करने जा रही है, जहां उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिनके नेक कार्यों ने समाज में बदलाव की बयार पैदा की है। 'गोल्डन अचीवर अवॉर्ड्स-2026' के नाम से आयोजित इस पहल के अंतर्गत उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में कुल 21 सम्मान प्रदान किए जाएंगे, जो तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित हैं- बंदियों के जीवन में सुधार लाने वाले जेलर्स, पेशे से प्रोफेशनल न होते हुए भी जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने वाले टीचर्स और भोजन व्यर्थ न करने हेतु अभियान चलाने वाले व्यक्ति। पहली श्रेणी प्रेरणादायी जेलर्स के सम्मान की है। दूसरी श्रेणी उन लोगों की है, जो पेशे से शिक्षक नहीं हैं, लेकिन शिक्षा के वाहकों की भूमिका निभा रहे हैं। तीसरी श्रेणी उन लोगों की है, जो भोजन की बर्बादी रोकने अभियान चलाते हैं। संस्था का मानना है कि समाज में असली बदलाव सिर्फ सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि लोगों की भागीदारी से आता है। यही वजह है कि यह सम्मान उन लोगों को दिया जा रहा है, जो समाज के लिए सोचते हैं।

## राजधानी को मेट्रो की सौगात, मध्यप्रदेश के दो बड़े शहरों में चल रही है मेट्रो ट्रेन

# मप्र के पहले भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया का नक्शा हुआ लॉन्च, पड़ोसी पांच जिलों का क्षेत्र होगा शामिल

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले सभी मंत्रियों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पहले भोपाल महानगरीय क्षेत्र (मेट्रोपोलिटन एरिया) का मैप (मानचित्र) भी लांच कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया में भोपाल जिले सहित सीमावर्ती 5 जिलों रायसेन, विदिशा, राजगढ़, सीहोर नर्मदापुरम का क्षेत्र शामिल किया गया है। इस एरिया में कुल 12 नगरीय क्षेत्र और 30 तहसीलें शामिल की गई हैं। इसके साथ ही मेट्रोपोलिटन एरिया में लगभग 2524 गांव शामिल होंगे। इस क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 12,099 वर्ग किलोमीटर रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। मप्र को दिन-ब-दिन मिल रही नई-नई सौगातों के लिए सभी मंत्रियों ने मेंजें थप-थपाकर मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने इन्दौर में 3.3 किमी के अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रेन ट्रेक के निर्माण के लिए भी स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री ने इन सभी सौगातों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय मंत्री खट्टर का आभार व्यक्त किया।

### 23 दिसंबर को करेंगे धार एवं बैतूल में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों को बताया कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर चार मेडिकल कॉलेज तैयार किए जाएंगे। इनमें से धार एवं बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का भूमिपूजन 23 दिसम्बर को धार एवं बैतूल में सम्पन्न होगा। मंगलवार (23 दिसम्बर) को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा पीपीपी मॉडल पर बनने वाले दो मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय मंत्री नड्डा पूर्वान्ह में धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन एवं अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण करने के बाद वहीं से बैतूल रवाना होंगे। नड्डा अपरान्ह में बैतूल में मेडिकल कॉलेज एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने इन सौगातों के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी एवं केन्द्रीय मंत्री नड्डा का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर प्रदेश के सभी मंत्री दो साल की उपलब्धियों की विभागीय जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए जनता तक पहुंचा रहे हैं।

### 230 विस क्षेत्रों में से 193 विस क्षेत्रों में वृन्दावन ग्राम चयनित

मुख्यमंत्री ने वृन्दावन ग्राम के संबंध में मंत्रियों को बताया कि सरकार ने प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक वृन्दावन ग्राम बनाने कीयोजना शुरू की है। इसमें ऐसे गांव का चयन करना है, जिसकी वर्तमान जनसंख्या कम से कम 2000 हो और गौवंश की न्यूनतम संख्या 500 तक हो। इन गांवों का चयन हर विधानसभा क्षेत्र में जिला कलेक्टर की ओर से प्रभारी मंत्री एवं विधायक से परामर्श लेकर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुल 230 विधानसभा क्षेत्रों में से अबतक 193 विधानसभा क्षेत्रों में का वृन्दावन ग्राम चयनित कर लिए गए हैं। मात्र 37 विधानसभा क्षेत्रों में यह काम होना शेष है। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से कहा कि वे अपने-अपने प्रभार के जिलों में शेष विस क्षेत्रों में वृन्दावन ग्राम का चयन शीघ्रातिशीघ्र कर लें। उन्होंने बताया कि इस योजना में जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में एक अनुश्रवण समिति भी है, जिसकी हर तीन माह में एक बैठक करना अनिवार्य है।

### आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन

सीएम ने मंत्रियों को बताया कि 18 दिसम्बर को आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में सभी चिकित्सा पद्धतियों के डॉक्टर्स शामिल हुए। इनमें बड़ी संख्या में जनजातीय वर्ग के युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जनजातीय पेसा क्षेत्र में आरोग्य रक्षक वॉलंटियर्स को प्राथमिक उपचार किट वितरण सहित आयुष्मान योजना के तहत चयनित जनजातीय लाभार्थियों से संवाद भी किया गया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रदेश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण माना जाएगा।

### जिला विकास सलाहकार समिति सहित अन्य समितियों की बैठकें जनवरी माह में कर लें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों से कहा कि वे अपने अपने प्रभार के जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण समितियां (जिनमें जिले के विकास संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाते हैं) की बैठकें आगामी 1 से 24 जनवरी 2026 के दौरान अनिवार्य रूप से कर लें। उन्होंने कहा कि जिलों में विभिन्न महत्वपूर्ण समितियां होती हैं जिनकी अध्यक्षता प्रभारी मंत्री ही करते है। जिला विकास सलाहकार समिति (उपाध्यक्ष के रूप में), रोगी कल्याण समिति (साधारण सभा), जिला शहरी विकास अभिकरण की जिला प्रबंधकारिणी समिति, वृंदावन गांव अनुश्रवण समिति आदि की बैठकें अनिवार्यतः रूप से कर लें। इसके अलावा जिलों में ऐसी कई अन्य समितियां भी होती हैं, जिनमें प्रभारी मंत्री द्वारा सदस्यों का मनोनयन किया जाता है।

# प्रदेशभर के आईटीआई में अब खाली पदों पर जल्द होगी भर्ती, 51 नए आईटीआई भी शुरू होंगे

- कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सरकार के दो साल पूरे होने पर गिनाईं उपलिब्धयां, रोजगार के सवालों पर घिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।



सोमवार को कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने सरकार के दो साल पूरे होने पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर में विभागीय उपलब्धियों और अगले तीन वर्ष के विजन पर चर्चा की। इस बीच कुछ सवाल ऐसे रहे, जिनके जवाब देने के लिए समय लिया गया। मंत्री टेटवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की अगले तीन वर्षों की एक समग्र रूपरेखा है। इसके तहत प्रदेश के आईटीआई में खाली पदों की पूर्ति करने के साथ ही प्रदेश के 51 शासकीय आईटीआई विहीन विकासखंडों में नए शासकीय आईटीआई शुरू किए जाएंगे। पीएम सेतु योजना के तहत अधिक से अधिक क्लस्टरों का विकास तथा सीएसआर सहयोग से आधुनिक स्किल लैब की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा आईटीआई में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट को बढ़ावा देने पर जोर होगा। अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का राष्ट्रीय मेरिट सूची में स्थान दिलाना प्राथमिकता में रहेगा। विश्व कौशल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना तथा प्रशिक्षकों को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए प्रोत्साहित किया जाना इस रूपरेखा में शामिल है। इनमें प्रमुख रूप से मप्र शासन के रोजगार पोर्टल और सेडमेप से जुड़े सवाल रहे हैं।

### ग्रीन एनर्जी और ऑटोमोबाइल का समय

मंत्री टेटवाल ने कहा कि चूंकि आने वाला समय ग्रीन एनर्जी एवं ऑटोमोबाइल का है। इस लिए प्रदेश की आईटीआई में ग्रीन टेक्नॉलोजी से संबंधित नए कोर्सेस और ट्रेनिंग शुरू किए जा रहे है। इससे उभरते हुए ग्रीन जॉब मार्केट के लिए प्रदेश के युवाओं को तैयार किया जा सके।

### 1000 में से 600 को रोजगार

टेटवाल ने बताया कि राजधानी स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में इस सत्र में करीब 1000 प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग दी गई है। इनमें से 600 को सीधे रोजगार मिला है, जबकि 29 प्रशिक्षार्थी को आबूधावी आदि विदेशों में बेहतर रोजगार मिला है। अगले तीन साल में यह संख्या एक हजार तक बढ़ाने, हब एवं स्पोक मॉडल को सुदृढ़ कर प्रति वर्ष एक हजार से अधिक प्रशिक्षण देने, उद्योगों के साथ एलाइनमेंट एवं इंडस्ट्रियल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के साथ ही ओबीसी विभाग के सहयोग से जापानी भाषा प्रशिक्षण प्रमुख हैं।

### काले रंग की कार में सवार होकर आए थे हमलावर

# भाजपा के वरिष्ठ नेता की धारदार हथियार से हमला कर नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में कारखाना मोहल्ला निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जनपद सदस्य, ठेकेदार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अक्षय गर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया गया। गम्भीर घायल गर्ग की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 9-10 बजे के मध्य जब वे ग्राम केशलपुर अपनी पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण की साइट पर थे। तभी एक काले रंग की कार में सवार होकर पहुंचे करीब तीन लोगों ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमला धारदार हथियारों से किया गया।

उनके हाथ, सिर, गर्दन, पेट, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के गंभीर निशान हैं। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए स्थानीय कटघोरा के अस्पताल लाया जा रहा था। किन्तु रास्ते में दमतोड़ दिया। अस्पताल में चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। इस नृशंस हत्या की घटना से कटघोरा सहित जिले भर में सनसनी फैल गई है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में



शोक मिश्रित आक्रोश और भय व्याप्त है। परिजन सहित शुभचिंतक और बड़ी संख्या में कटघोरावासी अस्पताल के सामने मौजूद हैं। कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे हुए हैं। हालात पर नजर रखी जा रही है। जिला पुलिस के आला अधिकारियों की कटघोरा व घटनास्थल की ओर रवाना होने की खबर है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते या घटना सामने आई है।

### शीतला माता मंदिर में रामायण को अंगीकार कर हिन्दू धर्म अपनाया

# ग्राम बड़े तेवड़ा गांव के चर्च लीडर ने की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिला के बड़े तेवड़ा गांव में एक सप्ताह पहले हुए बवाल के मामले में नया मोड सामने आया है। ग्राम बड़े तेवड़ा गांव के चर्च के लीडर महेंद्र बघेल ने घर वापसी की है। महेंद्र बघेल ने ईसाई धर्म से वापसी कांकेर के शीतला मंदिर में की है।

सर्व समाज की उपस्थिति में महेंद्र बघेल ने हिंदू धर्म को फिर से अपनाते हुए पूजा करने के बाद रामायण को अपने हाथों से अंगीकार कर हिन्दू धर्म स्वीकार किया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व बड़े तेवड़ा और आमाबेड़ा गांव में ईसाई समुदाय और आदिवासी समाज आमने सामने हो गए थे। बाद में बड़ा



बवाल मचा पुलिस को लाठी चार्ज तक करना पड़ा। जिसमें कांकेर आईजी, एडिशनल एसपी समेत बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। अपने मूल धर्म को अपनाते हुए चर्च के लीडर महेंद्र बघेल ने कुछ लोगों के नाम भी गिनाए, जिन्होंने षडयंत्र करते हुए बवाल जैसे घटनाक्रम को अंजाम दिया। महेंद्र बघेल ने आने वाले दिनों और अन्य लोगों की घर वापसी होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आमाबेड़ा क्षेत्र के बड़े तेवड़ा गांव में लगभग 200 लोग धर्मान्तरण कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर सर्व समाज ने आमाबेड़ा में हुई घटना और धर्मांतरण को लेकर 24 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ बंद बुलाया है। इसी कड़ी में कांकेर शीतला माता मन्दिर परिसर ने सर्व समाज के लोगों ने एक विशाल बैठक रख बंद को सफल बनाने रणनीति बनाई। सर्व समाज के लोगों ने बताया कि सर्व समाज के लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ यह स्पष्ट रूप से अवगत कराता है कि प्रदेश में लगातार उत्पन्न हो रही सामाजिक अशांति, जनजातीय आस्था पर आघात तथा संगठित रूप से पैदा किए जा रहे सांस्कृतिक टकराव के विरोध में दिनांक 24 दिसंबर 2025 को प्रदेशव्यापी छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक का चालक मौके से गिरफ्तार

# सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुरपा के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के पीछे बैठी महिला ट्रक के पहियों के नीचे आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तनौद निवासी 45 वर्षीय भगवती साहू अपने पति कृष्णकुमार साहू के साथ मुड़पार गांव में आयोजित छट्टी कार्यक्रम में शामिल



होने जा रही थीं। जैसे ही वे ग्राम दुरपा के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कृष्णकुमार साहू बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए, जबकि भगवती साहू ट्रक के पहियों में फंसकर घसिटती चली गईं। ट्रक के पहियों से कुचलने के कारण महिला के कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस के लिए एमपी ट्रांसको को मिला सम्मान

# मप्र को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र ने विद्युत ट्रांसमिशन के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) को वेस्टर्न रीजन में सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस दर्ज करने के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित मंच से एमपी ट्रांसको की ओर से कार्यपालन अभियंता लोकेश द्विवेदी ने यह सम्मान प्राप्त किया।

### मूल्यांकन का आधार यह रहेगा




पुरस्कार के लिए यूटिलिटीज़ का चयन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) के डेटा तथा विभिन्न राज्य विद्युत कंपनियों की आधिकारिक रिपोर्टों के आधार पर किया गया। अवॉर्ड की श्रेणियों में सबसे अधिक लाइन लेंथ मे वृद्धि, ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी में वृद्धि, बेहतर वित्तीय प्रदर्शन और सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस जैसे महत्वपूर्ण मानक शामिल रहे।

### ट्रांसटेक इंडिया–2025 में हुआ सम्मान

यह सम्मान नई दिल्ली स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में आयोजित 'ट्रांसटेक इंडिया–2025' कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदान किया गया। यह कॉन्फ्रेंस विद्युत मंत्रालय से मान्यता प्राप्त एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच है, जहां नीति निर्माता, रेगुलेटरी संस्थाएं, डेवलपर्स, मैन्युफैक्चरर्स और ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर्स आपसी समन्वय

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दी बधाई



प्रद्युम्न सिंह

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुरस्कार प्रदेश की मजबूत ट्रांसमिशन व्यवस्था, तकनीकी दक्षता और सतत सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम ट्रांसमिशन लॉस के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## 69 हजार से अधिक मतदाताओं को भेजे जाएंगे नोटिस

# एसआईआर : प्रारूप मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**जबलपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत मंगलवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों सहित जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रारूप मतदाता सूची का विधिवत प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा सुधार से संबंधित दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रारूप मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने, उनकी सुनवाई तथा निराकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को यह अवसर देना है कि वे स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम सूची में जांच सकें। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है या नाम, पता, जन्म तिथि जैसे विवरण में कोई त्रुटि है, तो वह निर्धारित अवधि के भीतर बीएलओ के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सुधार करा सकता है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि वे इस प्रक्रिया का अपने स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करें और मतदाताओं को जागरूक करने में सहयोग करें। बैठक के दौरान प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियां भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी गईं।

**मतदान केंद्रों पर सूची उपलब्ध-** बैठक में जानकारी दी गई कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रारूप मतदाता सूची जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाशित की गई है। इसके अतिरिक्त मतदाता कलेक्टर कार्यालय अथवा संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में भी सूची का अवलोकन कर सकते हैं। मतदाता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट और भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी ऑनलाइन प्रारूप मतदाता सूची देख सकते हैं।

**नाम जोड़ने और सुधार की सुविधा-** निर्वाचन कार्यालय द्वारा बताया गया कि जिन मतदाताओं का नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे बीएलओ को फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र प्रस्तुत कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। वहीं जिन मतदाताओं के नाम सूची में पहले से दर्ज हैं, लेकिन नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि या पते में सुधार कराना चाहते हैं, वे फार्म-8 के माध्यम से सुधार करा सकते हैं। इसके अलावा नाम जोड़ने, हटाने या सुधार से संबंधित आवेदन वोटर्स हेल्पलाइन एप अथवा निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर ऑनलाइन भी किए जा सकते हैं।




**मिसमैच और नो-मैपिंग मामलों में नोटिस-** राजनैतिक दलों को यह भी बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची में शामिल ऐसे मतदाताओं, जिनकी जानकारी मिसमैच है या जिनकी वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो पाई है, उन्हें 23 दिसंबर से 14 फरवरी के बीच नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस के जवाब में संबंधित मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, ताकि उनका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

**16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल-** विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर सत्यापन और गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची में कुल 16 लाख 76 हजार 909 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। यह संख्या विशेष पुनरीक्षण शुरू होने से पहले की तुलना में 2 लाख 48 हजार 563 कम है। पुनरीक्षण से पूर्व 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 25 हजार 472 थी।

**गणना प्रपत्र न मिलने से हटे नाम-** जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार कम हुए मतदाताओं में वे मतदाता शामिल हैं जिनके गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सके। घर-घर सत्यापन के दौरान मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए हैं। एएसडीआर श्रेणी के इन मतदाताओं की निरसन सूची जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है और मतदान केंद्रों पर भी चस्पा की गई है। यदि दावे-आपत्तियों की अवधि में इन मतदाताओं की ओर से कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उनके नाम अंतिम मतदाता सूची में भी शामिल नहीं हो सकेंगे।

**69 हजार से अधिक मतदाताओं को भेजे जाएंगे नोटिस-** निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि जिले के 69 हजार 262 ऐसे मतदाता, जिनके गणना प्रपत्र तो प्राप्त हुए हैं लेकिन वर्ष 2003 की सूची से उनकी मैपिंग नहीं हो सकी है, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। इन मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची में शामिल हैं, लेकिन अंतिम सूची में नाम बनाए रखने के लिए उन्हें निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। नोटिस का वितरण घर जाकर किया जाएगा और उसी पर जवाब प्रस्तुत करने तथा सुनवाई की तारीख का उल्लेख रहेगा। शहर क्षेत्र में 28 स्थानों पर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित तहसील कार्यालयों में सुनवाई की व्यवस्था की जाएगी।

**2 लाख 48 हजार 563 मतदाताओं के प्राप्त नहीं हुये गणना प्रपत्र-** जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदाताओं के घर-घर सत्यापन के दौरान जिन 2 लाख 48 हजार 563 मतदाओं के गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उनमें विधानसभा क्षेत्र पाटन के 21 हजार 373, बरगी के 24 हजार 236, जबलपुर पूर्व के 49 हजार 215, जबलपुर उत्तर के 24 हजार 558, जबलपुर केंट के 37 हजार 450, जबलपुर पश्चिम के 43 हजार 631, पनागर के 30 हजार 108 एवं विधानसभा क्षेत्र सिहोरा के 17 हजार 992 मतदाता शामिल हैं।

एएसडीआर श्रेणी के इन मतदाताओं में विधानसभा क्षेत्र पाटन के 6 हजार 282 मृत, 2 हजार 519 अनुपस्थित, 10 हजार 832 स्थानांतरित एवं 1 हजार 693 दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र बरगी के 6 हजार 200 मतदाता मृत, 4 हजार 833 अनुपस्थित, 11 हजार 139 स्थानांतरित एवं 2 हजार 052 दोहरी प्रविष्टि, जबलपुर पूर्व के 7 हजार 870 मृत, 22 हजार 443 अनुपस्थित, 16 हजार 524 स्थानांतरित एवं 2 हजार 152 दोहरी प्रविष्टि, जबलपुर उत्तर के 4 हजार 974 मृत, 6 हजार 952 अनुपस्थित, 11 हजार 504 स्थानांतरित एवं 1 हजार 072 दोहरी प्रविष्टि, जबलपुर केंट के 5 हजार 115 मृत, 11 हजार 398 अनुपस्थित, 19 हजार 532 स्थानांतरित एवं 1 हजार 040 दोहरी प्रविष्टि, जबलपुर पश्चिम के 6 हजार 615 मृत, 11 हजार 475 अनुपस्थित, 23 हजार 555 स्थानांतरित एवं 1 हजार 720 दोहरी प्रविष्टि, पनागर के 7 हजार 755 मृत, 4 हजार 393 अनुपस्थित, 15 हजार 093 स्थानांतरित एवं 2 हजार 653 दोहरी प्रविष्टि तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के 6 हजार 546 मृत, 2 हजार 665 अनुपस्थित, 7 हजार 258 स्थानांतरित एवं 1 हजार 485 दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता शामिल है।

**मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि-** प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केंद्रों की सूची भी जारी की गई है। जिले में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर अब 2 हजार 321 हो गई है, जो पहले 2 हजार 154 थी। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तिकरण के बाद यह वृद्धि की गई है, जिससे मतदाताओं को मतदान में अधिक सुविधा मिल सकेगी।

**बैठक में ये रहे मौजूद-** इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। निर्वाचन कार्यालय ने सभी दलों से मतदाता जागरूकता और दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा जताई है।

## हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को दिया आदेश

# बजरंग दल को शौर्य यात्रा के लिए सशर्त अनुमति पर करें विचार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को बजरंग दल को शौर्य यात्रा के लिए सशर्त अनुमति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट व मद्रास हाई कोर्ट के न्यायदृष्टांत की रोशनी में दिए । कोर्ट ने बजरंग दल को सक्षम अधिकारी के समक्ष नए सिरे से आवेदन देने के लिए स्वतंत्र किया है।



बजरंग दल, रानी दुर्गावती जिला, जबलपुर की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि वह एक हिंदुवादी संगठन है और विश्व हिंदु परिषद की युवा शाखा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व वाले संघ परिवार का एक सदस्य है। युवाओं में हिंदू मूल्यों, इतिहास और देशभक्ति को बढ़ावा देने और युवाओं और ग्रामीण नागरिकों को हिंदू इतिहास, संस्कृति, परंपराओं और सनातन धर्म के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्यों के साथ विश्व हिंदू परिषद और इसकी युवा शाखा बजरंग दल शौर्य यात्रा आयोजित करते हैं। गीता जयंती के पूर्व संध्या पर बजरंग दल ने चार दिसम्बर को निर्धारित मार्ग पर शौर्य यात्रा की अनुमति के लिए जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। एसडीएम आधारताल ने पुलिस के प्रतिवेदन के आधार पर उसे निरस्त कर दिया। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

याचिकाकर्ता जिला संयोजक राहुल बर्मन की ओर से अधिवक्ता जीपी सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गीता जयंती हिंदू त्योहार है, जो श्रीमद भगवद्गीता के जन्म की याद में मनाया जाता है। भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में अर्जुन को इसकी दिन गीता की शिक्षाएं दी थीं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत धर्म की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार व अनुच्छेद 19(1)(इ) के तहत शांतिपूर्वक एकत्र होने का अधिकार है। यात्रा निकालने की अनुमति इस आधार पर नहीं नकारी जा सकती कि कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। प्रशासनिक अधिकारी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्त्तव्यबद्ध हैं और सिर्फ अपने कर्तव्यों से बचने के लिए, पुलिस अधिनियम, 1961 की धारा 30 का सहारा लेकर यात्रा निकालने का आवेदन निरस्त कर दिया गया है।

### हाई कोर्ट का आदेश

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं ने चार दिसम्बर को यात्रा आयोजित की थी और अगली तारीख के संबंध में कोई आवेदन पेश नहीं नहीं है। उनकी तरफ से मौखिक रूप से बताया गया है कि तारीख में बदलाव कर उसे 27 दिसम्बर किया गया है। याचिका के साथ कोई आवेदन रिकार्ड पर नहीं रखा गया है, इसलिए कोई निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता को सक्षम अधिकारियों के सामने आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता प्रदान की जाती है। सक्षम अधिकारी सुप्रीम कोर्ट व मद्रास हाई कोर्ट द्वारा उपरोक्त निर्देशों को ध्यान में रखते हुए उस पर विचार करें।



# भेड़ाघाट में हुआ माघ माह कल्पवास का पत्रक पूजन

हरिभूमि, जबलपुर।

भेड़ाघाट के सीताराम आश्रम में माघ मास कल्पवास का आयोजन पौष पूर्णिमा 3 जनवरी से माघ पूर्णिमा 1 फरवरी तक किया जाएगा।अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजन होगा। मंगलवार को कल्पवास का पत्रक पूजन वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पत्रक किया गया। समिति के उपाध्यक्ष मोहित तिवारी ने बताया कि कल्पवास में सीताराम प्रभात फेरी , मां नर्मदा पूजन, सीताराम संकीर्तन, श्रीमद् भागवत कथा, मां नर्मदा पुराण कथा, परिक्रमा वास किया जाएगा। भोजन प्रसादी की व्यवस्था निरंतर माघ मास भर की जाएगी ।अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, सचिव सुरेश विश्वकर्मा , सह सचिव दीपक तिवारी, संयोजक सुजीत सिंह रघुवंशी, विनोद दीवान, दुर्गेश लोधी, सत्यप्रकाश नामदेव, विनोद विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, मनोहर विश्वकर्मा, चंद्र कुमार पटेल मौजूद रहे।

## एमपी स्टेट बार काउंसिल का आदेश

# वन बार-वन वोट नीति के तहत वकील की अपील निरस्त

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल ने के वन बार-वन वोट नीति के तहत अधिवक्ता की वह अपील निरस्त कर दी, जिसके जरिए हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, इंदौर का सदस्य होते हुए भी शुजालपुर अधिवक्ता संघ की अंतिम मतदाता सूची में सम्मलित किए जाने की मांग की गई थी। चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने यह आदेश दिया। स्टेट बार के तदर्थ सचिव नीलेश जैन ने बताया कि अपील पर सुनवाई के बाद अभिनिर्धारित किया गया कि शुजालपुर निवासी अधिवक्ता अजय पाल सिंह जादौन की मांग स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। आदेश पारित करते समय उपलब्ध समस्त अभिलेखों, डिजिटल वेरिफिकेशन रिकार्ड व लागू विधिक प्रविधानों का गहन परीक्षण किया गया। आदेश में यह तथ्य निर्विवाद रूप से स्थापित पाया गया कि अपीलकर्ता स्टेट बार में विधिवत नामांकित अधिवक्ता है। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि निर्वाचन प्रक्रिया हेतु लागू डिजिटल वेरिफिकेशन प्रणाली के अंतर्गत अपीलकर्ता ने स्वयं एमपी आनलाईन के माध्यम से स्थानीय बार एसोसिएशन के निर्वाचन के लिए इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चयन किया था। शुजालपुर अधिवक्ता संघ की प्रारंभिक तथा अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के दौरान अपीलकर्ता द्वारा किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई।

## राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन

# लोक संस्कृति को पहचाने, सभी भाषाओं का करें सम्मानः आयुषमंत्री

**जबलपुर।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में ट्रिपल आईटीडीएम में राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन हुआ। यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें 12 राज्यों के स्वयं सेवक शामिल हुए थे। शिविर के संगठन व्यवस्था आरडीवीवी द्वारा किया गया था।

इस अवसर पर मंत्री श्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा, इतिहास व अध्यात्म को लेकर शिक्षा का दर्शन, शिक्षा का आधुनिक मॉडल व विरासत से विकास के बारे में सारगर्भित उद्बोधन दिया। इस दौरान उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रयासों में सभी आवश्यक तथ्यों को शामिल करते हुए देश की संस्कृति व परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए देश भक्त व श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण पर बल दिया। उन्होंने प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों का उपयोग, भारत की एकात्मता को बनाये रखने, सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करनें और अपनी मातृ भाषा का सम्मान करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपनी लोक संस्कृति को पहचाने, सभी भाषाओं का सम्मान करें। भारत की एकात्मता के लिए अब राज्य सरकार विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषाओं को चयन करने का निर्णय लिया है। भाषाएं जोड़ने का काम करती हैं, तोड़ने का नहीं। मध्यप्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई अब हिन्दी में करने का निर्णय इस दिशा में एक प्रभावी कदम है। 12 राज्यों से आये स्वयं सेवकों से कहा कि वे एक दूसरे को समझने का प्रयास किया, एक दूसरे की लोक संस्कृति को जानने का यह अभिनव प्रयास लघु भारत को चित्रित करता है। उन्होंने कहा कि हमेशा समस्या का समाधान करने वाले बने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आकर कार्य करें। इस दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक तथ्यों पर भी प्रकाश डाला जो भारतीय गौरव व राष्ट्र की अखंडता की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलगुरू, राज्य के एनएसएस अधिकारी व क्षेत्रीय संचालक सहित बड़ी तादात में राष्ट्रीय स्वयं सेवक व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।




## संशोधित पॉलिसी के तहत हुई नियुक्तियां यथावत रखने के निर्देश

# लीगल एड डिफेंस काउंसेल की नियुक्ति के लिए जारी नई एसओपी निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने उन लीगल एड डिफेंस काउंसेल की नियुक्ति को यथावत रखा है जिनकी नियुक्ति 2022 की संशोधित पॉलिसी के तहत हुई थी। जस्टिस विशाल धगट एवं जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 6 अगस्त 2025 को इन पदों पर नियुक्ति के लिए जारी नई एसओपी को निरस्त कर दिया।

अनूपपुर निवासी रामकृष्ण सोनी व अन्य की ओर से अधिवक्ता आलोक गुप्ता , मोहनलाल शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी (नालसा) के द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स की नियुक्ति की है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने 6 अगस्त 2025 को इन पदों पर नियुक्ति के लिए नई एसओपी जारी की है। इसके तहत पहले से कार्यरत काउंसेल्स को कार्यकाल समाप्त होने के बाद दोबारा चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। यह प्रावधान नालसा के नियमों के विपरीत है। नालसा के नियम के तहत पहले से कार्यरत काउंसेल्स के कार्य का मूल्यांकन करते हुए उन्हें एक्सटेंशन देने का प्रावधान है। कोर्ट ने तर्कों से सहमति जताई।

## एमपी-एमएलए कोर्ट का आदेश : नुक्कड़ सभा में पांच हैडपम्प लगाने की घोषणा का लगा था आरोप

# भाजपा विधायक को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में राहत

**जबलपुर।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार ने धौहनी, जिला सीधी से भाजपा विधायक कुंवर सिंह को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में राहत प्रदान कर दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि अभियोजन अपना पक्ष युक्तियुक्त संदेह के परेश प्रमाणित करने में असफल रहा है। परिणामतः अभियुक्त कुंवर सिंह, वर्तमान विधायक को आरोप से दोषमुक्त किया जाता है। मामले की सुनवाई के दौरान विधायक कुंवर सिंह का पक्ष अधिवक्ता विकास मिश्रा ने रखा। उन्होंने दलील दी कि यह मामला दुर्भावना से प्रेरित था। इसलिए निरस्त किए जाने योग्य है। वहीं अभियोजन की ओर से दलील दी गई कि 26 अप्रैल, 2029 को तहसील कार्यालय, मंझौली के भृत्य नीरज कुमार ने सहायक रिटर्निंग आफिसर को दिया था। जिसमें आरोप लगाया था कि विधायक कुंवर सिंह द्वारा ग्राम पंचायत धनौली की नुक्कड़ सभा में पांच हैंडपम्प लगाने की घोषणा की गई थी। यह रवैया आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की परिधि में आता है। जिम्मेदार अधिकारियों ने आरोप की सच्चाई को जाने बिना प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में ले लिया। इस दौरान वीएसटी प्रभारी दिलीप कुमार, राजस्व निरीक्षक, मंझौली से पूछताछ कर कथन दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आमसभा को कवर कर रहा था। इसी दौरान सरकारी कैमरे की बैटरी डिस्चार्ज हो गई। लिहाजा, निजी मोबाइल से वीडियो बनाया गया। जिसकी सीडी बनाकर निर्वाचन कार्यालय में जमा करा दी गई। किंतु कालांतर में जब फारेसिंग जांच के लिए मोबाइल मांगा गया, तो पता चला कि खराब हो जाने के कारण वह फेंक दिया गया है। इसी वजह से फारेंसिक जांच नहीं हो सकी। इस तरह वीडियो सीडी की सत्यता जानने का साक्ष्य नदारद था। लिहाजा, जिला अभियोजन अधिकारी से अभिमत चाहा गया। उन्होंने प्रकरण को खात्मे के लायक निरूपित किया। इसी आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने न्यायालय में खात्मे का आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान कर दी।

## संभाग में धान उपार्जन तेज, अब तक 736 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

**जबलपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में धान उपार्जन की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। प्रशासनिक स्तर पर की गई व्यवस्थाओं और निगरानी के चलते किसानों को अपनी उपज बेचने और भुगतान प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। अब तक संभाग में 736 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस खरीफ सीजन में अब तक 3 लाख 95 हजार 695 किसानों ने धान उपार्जन के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें से 1 लाख 27 हजार 634 किसान निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर अपनी उपज का विक्रय कर चुके हैं। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए भुगतान प्रक्रिया में भी तेजी लाई गई है, जिसके तहत अब तक 53 हजार 485 किसानों को कुल 736 करोड़ 61 लाख 59 हजार रुपये का भुगतान विभाग द्वारा किया जा चुका है। धान उपार्जन कार्य को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए संभागीय कमिश्नर के मार्गदर्शन में संभागीय समितियां तथा कलेक्टरों के निर्देशन में जिला स्तरीय समितियां लगातार निगरानी और पर्यवेक्षण कर रही हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। अवैध बिक्री और गड़बड़ियों पर नियंत्रण के लिए जबलपुर और बालाघाट सहित अन्य जिलों के उपार्जन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं।

## पुतला दहन व सड़क जाम की घोषणा

# सिहोरा में वादाखिलाफी को लेकर जनाक्रोश






**सिहोरा।** चुनावी वादों से मुकरने और आश्वासन के बाद भी वार्ता न होने से सिहोरा में जनाक्रोश चरम पर पहुंच गया है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने इसे जनता के साथ खुला विश्वासघात बताते हुए उग्र आंदोलन की घोषणा की है। समिति का कहना है कि आमरण सत्याग्रह जैसे संवेदनशील आंदोलन को झूठे आश्वासन देकर तुड़वाना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। समिति ने ऐलान किया है कि 25 दिसंबर को सिहोरा नगर एवं सभी ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री के 101 पुतले जलाए जाएंगे। वहीं 27 दिसंबर को सड़क जाम कर जिला संबंधी वादाखिलाफी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया जाएगा। समिति ने बताया कि 6 दिसंबर से अन्न सत्याग्रह कर रहे प्रमोद साहू के स्वास्थ्य में भी गिरावट आई है। आंदोलन समिति ने सिहोरा वासियों से अपील की है कि यह संघर्ष पूरे क्षेत्र के स्वाभिमान से जुड़ा है और नागरिक अपने-अपने स्तर पर सांकेतिक पुतला दहन कर विरोध प्रकट करें।

## देवी भागवत केवल ग्रंथ नहीं : त्रिपाठी

**सिहोरा।** बाबाताल स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस व्यासपीठ से पंडित इंद्रमणि त्रिपाठी ने देवी भागवत के माहात्य, श्रीशुकदेव जन्म चरित्र और पतित पावनी मां गंगा के धराधाम पर अवतरण की भावपूर्ण कथा सुनाई तथा देवी भागवत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि साक्षात भगवती का स्वरूप है। कलयुग के अशांत वातावरण में



मानसिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति के लिए मां जगदंबा की शरण में जाना ही एकमात्र उपाय है। जो भक्त निष्काम भाव से इस कथा का श्रवण करता है, उसके जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। शुकदेव जी के अलौकिक जन्म और उनके महान वैराग्य की कथा के साथ महाराज परीक्षित को मोक्ष मार्ग दिखाने वाले शुकदेव जी के चरित्र का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि वे जन्म से ही पूर्ण ज्ञानी थे। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि सांसारिक मोह-माया के बीच रहकर भी व्यक्ति परमात्मा के प्रति समर्पित रह सकता है।

## गौरीघाट में 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर के गौरीघाट स्थित गीताधाम के सामने मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का विधिवत पूर्णाहुति एवं देव विदाई संस्कार के साथ समापन हुआ। अंतिम दिवस पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धामय वातावरण से ओतप्रोत रहा। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे केंद्रीय प्रतिनिधि श्री श्याम बिहारी दुबे ने जबलपुर में धर्म और संस्कारों की निरंतर ज्योति प्रज्वलित रहने की कामना की। लगभग चार घंटे चले समापन कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने



श्रद्धा के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज, गायत्री शक्तिपीठ के प्रधान ट्रस्टी श्री बृज बिहारी शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## श्याम सुंदर अग्रवाल कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर दो दिवसीय आयोजन




**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. नीलेश पांडे ने विद्यार्थियों को रोचक ढंग से गणित को "मैजिक" के रूप में समझाया। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने गणित को जीवनभर उपयोगी भाषा बताया। आयोजन संयोजक डॉ. सौरभ सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में व्याख्यान, पोस्टर, मॉडल प्रदर्शनी एवं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में तर्कशीलता और सृजनात्मकता का विकास किया जाएगा। इसी क्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा एवं यशोदाबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला में "कॉलेज चलो अभियान" के तहत कक्षा 12वीं की छात्राओं को स्नातक विषयों एवं प्रवेश संबंधी जानकारी दी गई। अभियान में महाविद्यालय के शिक्षकों ने भाग लेकर छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

## मोहतरा टोल प्लाजा पर एसी 'वूलू' महिला टॉयलेट का शुभारंभ

**सिहोरा।** रीवा–कटनी–जबलपुर–लखनादौन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के अंतर्गत नेशनल हाईवे इंफ्रा ट्रस्ट (एनएचआईटी) द्वारा मोहतरा टोल प्लाजा में मंगलवार को प्रीमियम वातानुकूलित 'वूलू' महिला टॉयलेट का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाली महिलाओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं आधुनिक टॉयलेट अनुभव प्रदान करेगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के लिए सम्मानजनक और विश्वस्तरीय स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी यात्रा अधिक आरामदायक हो सके। शुभारंभ अवसर पर परियोजना प्रबंधक अमृत लाल साहू, आरकेजेएल प्रोजेक्ट मैनेजर जी. क्रांति, प्लाजा मैनेजर पृथ्वी राठी सहित परियोजना से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एनएचआईटी की यह पहल महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत मिशन और यात्री सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



## जनेकृविवि में एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी सम्मानित

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी के आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद सभागार में हुए कार्यक्रम में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने फूल माला पहनाकर उन्हें बधाई दी।




कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि डॉ. तिवारी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं और उन्हें विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन का नेतृत्व करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। डॉ. तिवारी ने अपने संबोधन में छात्र जीवन में अनुशासन, जिम्मेदारी और संगठनात्मक मूल्यों पर जोर दिया। समारोह में प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित झा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. ब्रजेश कुमार दीक्षित ने किया।

## संत अलॉयसियस महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रथम दिन मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों से अपनी क्षमताओं के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि श्री कमलेश अग्रवाल एवं फा. वी.वी. डेविस उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोज ने सम्मेलन को प्रतिभा प्रदर्शन का सशक्त मंच बताया। दूसरे दिन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय ने विद्यार्थियों को राष्ट्र का भविष्य निर्माता बताते हुए कर्तव्यनिष्ठा पर बल दिया। कार्यक्रम



की अध्यक्षता डॉ. फा. डेविस जॉर्ज ने की। सम्मेलन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गीत व समूह नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन व आयोजन महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

## समर्थन मूल्य पर निरंतर चल रही है धान की खरीदी

**बरेला।** शासन द्वारा किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य पर निरंतर खरीदी की जा रही है। बरेला परिक्षेत्र में सहकारी समिति पिंडरई के माध्यम से शारदा वेयरहाउस और ठाकुर वेयरहाउस में खरीदी केंद्र बनाए गए हैं इन खरीदी केदो में शासन द्वारा निर्धारित माप दंडों के अनुसार धान की खरीदी की जा रही है। शारदा वेयरहाउस में केंद्र प्रभारी अनिल सैन बताया कि अभी तक 109 किसानों से 8600 कुंटल धान खरीदी जा चुकी है इसी प्रकार केंद्र क्रमांक ठाकुर वेयरहाउस में 174 किसानों से 12131 कुंटल धान क्रय की जा चुकी है केंद्र प्रभारी दिनेश साहू ने बताया कि शासन करने के अनुसार स्लॉट बुक किया जा रहे हैं तथा साथ दिवसों के अंदर किसानों का भुगतान भी किया जा रहा है।केंद्र प्रभारी दिनेश साहू ने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि स्लॉट बुक कर ही एफ ए क्यू धान लावे ताकि केंद्र में किसी प्रकार की किसानों को कोई समस्या ना हो।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, विजय कुमार गुप्ता (Vijay Kumar Gupta) पिता श्री राधे श्याम गुप्ता (Radhe Shyam Gupta) उम्र 60 वर्ष, निवासी प्लाट नंबर 151, म.नं. 377, फोर्थ गली, संजीवनी नगर, गढ़ा, जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हूं-यह कि, मेरे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट आदि में मेरा नाम Vijay Kumar Gupta S/o Radhe Shyam Gupta अंकित है, एवं इसी नाम से मैं जाना एवं पहचाना जाता हूं। यह कि, मेरे पासपोर्ट जिसका पासपोर्ट नं. G1431599 जारी किया गया है. जिसमें मेरा नाम Vijay Gupta S/o Radhe Shyam Gupta दर्ज है, जबकि मेरा पूरा नाम Vijay Kumar Gupta S/o Radhe Shyam Gupta है। यह कि, उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के है अर्थात् एक ही व्यक्ति के नाम है, तथा पासपोर्ट में मेरा नाम Vijay Gupta के स्थान पर पूरा व सही नाम VIJAY KUMAR GUPTA पिता Radhe Shyam Gupta दर्ज किया जायें। यह कि, नाम सत्यापन बावत् शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**सुश्री गीता व्यास-** गढ़ा बावली के पास निवासी श्री गौरी शंकर व्यास की पुत्री, जैन कन्या शाला से सेवानिवृत्त प्राचार्य सुश्री गीता व्यास (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री चमक सिंह-** गोरखपुर निवासी श्री चमक सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री समीरमल जैन-** सदर गली नं. 6, सेठ मोहल्ला निवासी श्री समीरमल जैन (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कल्लो बाई कुशवाहा-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री जमुना प्रसाद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती कल्लो बाई कुशवाहा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा गिरी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अमित किशोर गिरी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा गिरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूपेश जाट-** पूर्वी बेलबाग निवासी श्री राजू जाट के पुत्र श्री रूपेश जाट (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम चरण कुशवाहा-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री राम चरण कुशवाहा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूपेंद्र करोसिया-** सिंधी सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री ज्ञान सिंह करोसिया के पुत्र श्री रूपेंद्र करोसिया (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा दुबे-** होम साईंस कॉलेज रोड नेपियर टाउन निवासी श्री महेश दत्त दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती तारा दुबे (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी ठक्कर ग्राम निवासी श्री अच्छे लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन चौधरी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई बर्मन-** ग्वारीघाट थाने के पीछे निवासी श्री दशरथ बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई बर्मन (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक अतरोलिया-** खेरमाई वार्ड खटीक मोहल्ला निवासी श्री अशोक अतरोलिया के पुत्र श्री अभिषेक अतरोलिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कांता बाई झाड़े-** बादशाह हलवाई मंदिर के पास कृष्णा हाईट्स के सामने गौरीघाट रोड निवासी श्री महादेव राव झाड़े की धर्मपत्नी श्रीमती कांता बाई झाड़े (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल चौधरी-** भातनलैया राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गणेश चौधरी के पुत्र श्री राहुल चौधरी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता तिवारी-** ग्रीन सिटी बाबा बर्फानी के पास निवासी श्री सिया शरण तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता तिवारी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई प्रजापति-** लालमाटी द्वारका नगर गोपाल होटल निवासी श्री झाईं लाल प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई प्रजापति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा बाई-** बिलहरी अम्बेडकर कॉलोनी निवासी श्री पूरन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी रैदास-** पचपेढ़ी रोड निवासी श्री कल्लू प्रसाद रैदास की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी रैदास (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुलाब कली शुक्ला-** लालमाटी शुक्ला होटल के पास निवासी श्री राम लखन शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब कली शुक्ला (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रजनीश राजपूत-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री लखन लाल राजपूत के पुत्र श्री रजनीश राजपूत (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विष्णु कुमार पटेल-** साकार सनराइज भैंसासुर रोड नेपियर टाउन निवासी श्री विष्णु कुमार पटेल (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप विश्वकर्मा-** श्रीनाथ की तलैया गंजीपुरा निवासी श्री कालीदास विश्वकर्मा के पुत्र श्री संदीप विश्वकर्मा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुलायम चंद बर्मन-** रीवा कॉलोनी रामपुर निवासी श्री मुलायम चंद बर्मन (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हर प्रसाद गुप्ता-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री हर प्रसाद गुप्ता (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## केंटोनमेंट खालसा स्कूल में आयोजित किया गया वार्षिक समारोह

**जबलपुर।** केंटोनमेंट खालसा उच्चतर माध्यमिक शाला, जबलपुर में विद्यालय का वार्षिक समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री अशोक रोहाणी, विशेष अतिथि डॉ. प्रेमलता चुटेल तथा अध्यक्षता सिख एजुकेशन सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती अमृत रूपराह ने की। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एनिमल डांस, सूफी कत्थक, बुंदेलखंडी कर्मा एवं राई नृत्य, कालबेलिया, रामायण नाटक, यूनिटी इन डायवर्सिटी, महाराष्ट्रीयन जोगवा एवं भांगड़ा नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापिका द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्री रोहाणी ने विद्यालय के बाहर नाली ढकवाने का आश्वासन देकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में सोसाइटी पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित रहा। समारोह का समापन भांगड़ा नृत्य के साथ हुआ।

### शीतकालीन नि:शुल्क ध्यान-योग शिविर आज से

**सिहोरा।** नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति के द्वारा पतंजलि महिला योग समिति के सौजन्य से शीतकालीन निःशुल्क ध्यान योग आहार विहार शिविर का आयोजन आज 24 जनवरी से पालीवाल कालोनी में किया जा रहा है शिविर मे पहुंचकर लाभ लेने की अपील संस्था के द्वारा की गई है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/197
दिनांक:- 23/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शरद कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. श्री हरिशंकर विश्वकर्मा ने मकान नं. 251, वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 621+240 व.फु. प्रथम तल 621 व.फु. , शपथपत्र/ मृत्युप्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर
रा.प्र.क्र.2161/अ-6/2025-26
जबलपुर दिनांक 05/12/25

// आम इश्तेहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम महेशपुर प.ह.नं. 06 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश अग्रवाल पति/ पिता नन्द किशोर अग्रवाल सा. महेशपुर प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. का 37/9 का रकवा 0.0380 वर्गफुट भूमि पर विक्रय पत्र/बंटवारा/वसीयत/फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित में मय दस्तावेज पेषी दिनांक 30/12/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेष कर सकता है। पेषी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तेहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 05/12/25
पेषी दिनांक :- 30/12/25

मुद्रा
तहसीलदार
गोरखपुर-जबलपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शास्त्री ब्रिज माडल रोड दवा बाजार के सामने नेपियर टाउन जबलपुर पर स्थित श्री शंकर महादेव जी मंदिर ट्रस्ट एंव काछी धर्मशाला मे बने मकानात व खुली जमीन जिसका सीट न. 155 डी प्लाट न. 691 एरिया 26315 वर्गफुट ख.न. 129,145 तत्कालीन सुभाष नगर मदन महल हेल्थ केंप अब सुभ्रदा कुमारी चौहान वार्ड जिसका रजिस्ट्रेशन रजिस्टर्ड पब्लिक टस्ट 247 पर रजिस्टर्ड पब्लिक टस्ट है जिसका रजिस्ट्रेशन सन 1954-55 है । और उस ट्रस्ट की संपति से संबंधित दो व्यवहार वाद,एक विविध अपील, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश जबलपुर तथा एंव अन्य प्रकरण व्यवहार न्यायालय जबलपुर में विचाराधीन है । तथा ऐसा मालूम हुआ है कि कुछ व्यक्ति निजी स्वार्थो के लिये ट्रस्ट की संपति के विरूद्ध कार्य कर रहे है । तथा ट्रस्ट की संपति में बने मकानो पर एंव खुली जमीन पर जबरजस्ती कब्जा करने एंव विक्रय करने की अवैधानिक एंव गैर कानूनी कोशिश कर रहे है । इसलिये किसी भी व्यक्ति व संस्था को ट्रस्ट की संपति को विक्रय व क्रय करने की कोई वैधानिक अधिकार नही है । इसके बाद भी कोई क्रय करता है तो वह अपने आप में शून्य एंव प्रभावहीन होगी और ट्रस्ट पर बंधनकारी नही रहेगी ।

जबलपुर
दिनांक- .12.2025

भवदीय
आर. एस. साहू एडवोकेट
339 घमापुर जबलपुर म. प्र.
मो. न. 9494677618
कार्यालय-339 घमापुर जबलपुर म.प्र.

खबर संक्षेप



## धारीवाल, ईएसडीएस, बीएलएस को आईपीओ लाने मंजूरी

**नई दिल्ली।** निर्माण कंपनी धारीवाल बिल्डटेक, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर एवं डेटा सेंटर सेवा प्रदाता ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन और बीएलएस पॉलीमर्स को बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से मंगलवार को दी जानकारी के अनुसार, ये तीनों आईपीओ पूरी तरह से नए निर्गम पर आधारित होंगे जिसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई घटक शामिल नहीं होगा।

## एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर में किए 1,068 करोड़ खर्च

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने 2024-25 में अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर 1,068.03 करोड़ रुपये खर्च करने की मंगलवार को जानकारी दी। यह वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 123 करोड़ रुपये अधिक है। बैंक की वार्षिक सीएसआर रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2025 तक कुल मिलाकर बैंक ने सीएसआर कार्यक्रमों में 6,176 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बैंक ने एक बयान में कहा कि गत वित्त वर्ष में 'परिवर्तन' कार्यक्रम के 10 वर्ष भी पूरे हुए।



## रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 89.65 प्रति डॉलर

**मुंबई।** कमजोर डॉलर के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया तीन पैसे बढ़कर डॉलर के मुकाबले 89.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये की तेज बढ़त पर ब्रेक लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 89.67 पर खुला और 89.59-89.85 के दायरे में कारोबार करने के बाद डॉलर के मुकाबले 89.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है।



## केएसएच का शेयर 4 फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** 'मैग्नेट वाइंडिंग' तार बनाने वाली कंपनी केएसएच इंटरनेशनल लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 384 रुपये के मुकाबले करीब चार प्रतिशत की गिरावट के साथ मंगलवार को सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 370 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 3.64 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बाद में बीएसई पर यह 7.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 355 रुपये पर पहुंच गया।



# खुदरा महंगाई की गणना में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन स्रोत होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की विश्वसनीयता, सटीकता और गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार लाने के उद्देश्य से खुदरा मुद्रास्फीति की गणना में ऑनलाइन स्रोतों के साथ-साथ ई-कॉमर्स मंच को भी शामिल करने का प्रस्ताव किया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) सीपीआई, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना के लिए आधार वर्षों को संशोधित करने की प्रक्रिया में है। सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति) की नई श्रृंखला के आंकड़े (2024 =100) को आधार वर्ष मानते हुए 12 फरवरी, 2026 को जारी किए जाने की संभावना है। मंत्रालय के अनुसार, 'इन वैकल्पिक और डिजिटल डेटा स्रोतों को अपनाने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की प्रतिनिधित्व क्षमता, विश्वसनीयता, सटीकता और समग्र गुणवत्ता में काफी सुधार होने की उम्मीद है।' मंत्रालय शहरी और ग्रामीण बाजारों में भी दायरा बढ़ा रहा है। साथ ही बदलते उपभोग प्रतिरूप को बेहतर ढंग से समझने के लिए ई-कॉमर्स मूल्य आंकड़े और अन्य डिजिटल स्रोतों को भी शामिल कर रहा है। जीडीपी आधार वर्ष संशोधन से नए आंकड़ों के स्रोतों को शामिल करने और संकलन प्रक्रिया कार्यप्रणालीगत सुधारों, मानकों और वर्गीकरणों के अनुरूप बनाने में भी सुविधा होगी।

## सरकार सीपीआई की विश्वसनीयता, सटीकता व गुणवत्ता में सुधार लाएगी

### आईआईपी के नए आंकड़े 28 मई को जारी होंगे

वित्त वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानकर राष्ट्रीय लेखा संबंधी आंकड़े 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाएंगे, जबकि 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए आईआईपी की नई श्रृंखला के आंकड़े 28 मई को जारी होंगे। मंगलवार को मंत्रालय ने सीपीआई, जीडीपी और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन पर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया।

### नए आंकड़े भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे

मंत्रालय ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में नए आंकड़ा स्रोतों को शामिल करने के संबंध में कहा कि वर्तमान श्रृंखला में भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे आंकड़ों के अतिरिक्त, 25 लाख से अधिक आबादी वाले 12 चयनित शहरों में ई-कॉमर्स मंच से भी कीमत आंकड़े प्राप्त की जाएंगी।



### रेलवे व पेट्रोलियम के आंकड़े भी प्राप्त किए जाएंगे

रेल किराये के लिए रेलवे, ईंधन की कीमतों के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय और डाक शुल्क के लिए डाक विभाग के साथ समन्वय में प्रशासनिक आंकड़े प्राप्त करने के भी प्रयास किए जाएंगे। एमओएसपीआई ने कहा कि हवाई किराये, दूरसंचार सेवाओं और ओटीटी (ओवर द टॉप) मंच के लिए, वेब-आधारित तरीकों का उपयोग करके ऑनलाइन स्रोतों से मूल्य आंकड़े संकलित करने का प्रस्ताव है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

# चांदी की चमक के आगे फीका पड़ा सोना, इस साल कीमतों में 130 प्रतिशत से अधिक का उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश के सुरक्षित विकल्प और चुनिंदा उद्योगों में मांग बढ़ने से इस साल चांदी ने रिटर्न के मामले में परंपरागत निवेश विकल्प सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह हो गई है कि सोने ने जहां करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया है वहां चांदी 130 प्रतिशत से भी अधिक चढ़ी है।

■ चुनिंदा उद्योगों में भी मांग बढ़ने से चांदी रिटर्न अच्छा मिला

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में आगे और कटौती की उम्मीदों के बीच चांदी में अगले साल भी 15 से 20 प्रतिशत तक की तेजी बने रहने की उम्मीद है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमत सोमवार को 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अबतक के उच्चस्तर पर पहुंच गईं। चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस तरह चांदी में 1,24,000 रुपये यानी 137 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। चांदी में आई तेजी के बारे में आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में चांदी ने अब तक लगभग 130 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है।

### खास बातें

- चांदी ने इस साल निवेश विकल्प सोना और शेयर बाजार को पीछे छोड़ दिया
- सोने ने करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया तो चांदी 130 प्रतिशत से अधिक चढ़ी



### चांदी में उछाल संरचनात्मक कारकों के कारण

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''चांदी की कीमतों में उछाल सट्टेबाजी का नहीं बल्कि संरचनात्मक कारकों का नतीजा है। आपूर्ति में लगातार कमी के साथ औद्योगिक मांग बनी हुई है। कृत्रिम मेधा (एआई), ईवी तथा स्वच्छ ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में बढ़ती मांग कीमत में वृद्धि का प्रमुख कारण है।''

### ईटीएफ में निरंतर निवेश से कीमतों को समर्थन मिला

कलंत्री ने कहा, ''मजबूत औद्योगिक मांग के अलावा, ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) में निरंतर निवेश, भौतिक रूप से खरीद अधिक होने और निवेशकों के जिंस में निवेश बढ़ाने से भी कीमतों को समर्थन मिला है। एक और संकेत सोने-चांदी की कीमतों के अनुपात में तीव्र गिरावट है, जो जोखिम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति को बताती है।''

### सोने ने 19 दिसंबर तक 72 फीसदी रिटर्न दिया

सोने और चांदी के अनुपात में तीव्र गिरावट का मतलब है कि चांदी की कीमत सोने की कीमतों से अधिक तेजी से बढ़ रही हैं। यह संकेत देता है कि सोने के मुकाबले चांदी के मूल्य में वृद्धि हो रही है और यह निवेश का बेहतर अवसर प्रदान करती है। अगर रिटर्न की बात की जाए तो इस साल सोना ने 19 दिसंबर तक लगभग 72 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

### चांदी की आपूर्ति में लगातार कमी आई

मांग और आपूर्ति से जुड़े सवाल के जवाब में माथुर ने चांदी उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक निकाय सिल्वर इंस्टिट्यूट के अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि चांदी की आपूर्ति में लगातार पांचवें वर्ष लगभग 9.5 करोड़ औंस (एक औंस बराबर लगभग 31.1 ग्राम) की कमी है। आने वाले वर्षों में चांदी की कीमतों में और अधिक सकारात्मक वृद्धि का कारण यह कमी ही रहेगी।

### सौर उपकरणों व ईवी उद्योगों की मांग बढ़ने से चांदी की चमक बनी

विशेषज्ञों के मुताबिक, आर्थिक गतिविधियों और महंगाई बनी रहने के साथ सौर उपकरणों एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसे उद्योगों में मांग बढ़ने की संभावना ने चांदी की चमक अगले साल भी बनी रह सकती है और यह सोने की तरह सुरक्षित निवेश विकल्प बनती दिख रही है।


# सोना 1,40,850 रुपए के नए शिखर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड

## सोने में 2650 रुपए का उछाल आया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझानों के कारण, सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रहीं। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 61,900 रुपये, या 78.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को सोने का भाव 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई, और यह 2,750 रुपये बढ़कर 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में, चांदी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम की तेज वृद्धि दर्ज करने के बाद 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के परिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, , ''सर्राफा कीमतों में अभूतपूर्व तेजी जारी है, जिसमें हाजिर सोना 4,500 डॉलर के स्तर के करीब एक और मील का पत्थर छू रहा है।''

■ चांदी में भी 2,750 रुपए की तेजी दर्ज



### चांदी पहली बार 70 डॉलर प्रति औंस के पार


*कैलेंडर वर्ष के दौरान, हाजिर सोना की कीमतों में 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज किए गए 2,605.77 डॉलर प्रति औंस से 1,892.23 डॉलर या 72.62 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बीच, हाजिर चांदी 1.4 प्रतिशत बढ़कर विदेशी व्यापार में पहली बार 70 डॉलर प्रति औंस के निशान को पार कर गई।*

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 42 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक मामूली नुकसान के साथ लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 42 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी मामूली रूप से बढ़कर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी और औषधि कंपनियो के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक टूटकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 85,704.93 अंक के उच्चतम स्तर तक गया और 85,342.99 अंक के निचले स्तर तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी मामूली 4.75 अंक बढ़कर 26,177.15 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू बाजार सीमित दायरे में रहा और स्थिर बंद हुआ। अधिकांश क्षेत्रों में बिकवाली का दबाव बना रहा, हालांकि वित्तीय और एफएमसीजी क्षेत्रों ने मामूली समर्थन प्रदान किया।

■ निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज की गई



### एफएमसीजी शेयरों में रही खरीदारी

धातु, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली, जबकि आईटी और औषधि क्षेत्र के शेयरों में दबाव बना रहा। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इटर्नल, एक्सिस बैंक और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

## आरआईटीईएस को दक्षिण अफ्रीकी कंपनी से मिला ठेका

**नई दिल्ली।** अवसंरचना, परामर्श एवं इंजीनियरिंग कंपनी आरआईटीईएस लिमिटेड को दक्षिण अफ्रीका में एक कंपनी से 315.7 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह कंपनी के रेलवे प्रौद्योगिकी में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव को रेखांकित करता है और द्विपक्षीय रेल सहयोग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद, गाडरवारा जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail- cmogadarwara@mpurban.gov.in

पत्र क्रं 2217/ई-टेण्डर/2025-26 — गाडरवारा दिनांक-22/12/2025

**/ /निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01. | 2025_UAD_470207_1 23.12.2025 | किराये पर टेन्ट लाईट व साउण्ड सामग्री प्रदाय कार्य। | 01 माह 500000.00 | 2000.00 5000.00 | 09.01.2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से सामाचार पत्र में प्राकशन नहीं किया जायेगा।

श्री पं. शिवाकांत मिश्रा
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

श्री वैभव देशमुख
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गाडरवारा


# एचसीसी के राइट इश्यू को दोगुनी बोलियां मिली

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लि. (एचसीसी) ने मंगलवार को कहा कि उसके राइट इश्यू को दोगुनी बोलियां मिली हैं। इसके तहत 999.99 करोड़ रुपये के निर्गम के मुकाबले 2,008 करोड़ रुपये के आवेदन प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने निर्गम आकार के बराबर राशि अपने पास रखी है और शेष राशि लागू नियमों के अनुसार निवेशकों को वापस कर दी जाएगी। एचसीसी के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अर्जुन धवन ने कहा, 'राइट इश्यू को मिली प्रतिक्रिया से हमारा बही-खाता मजबूत हुआ है और साथ ही हमारे निरंतर ऋण-मुक्ति प्रयासों और दीर्घकालिक विकास रणनीति को भी समर्थन मिला है।' पात्र आवेदकों को इक्विटी शेयर नामित स्टॉक एक्सचेंज, बीएसई लि. के साथ परामर्श करके अंतिम रूप दिए गए आवंटन आधार के अनुसार आवंटित किए जाएंगे।



# यूनियन बैंक ने आवास, वाहन ऋण पर ब्याज दरें घटायीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मंगलवार को चुनिंदा खुदरा ऋण उत्पादों पर ब्याज दरों में कमी की घोषणा की। बैंक ने बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के हाल में नीतिगत दर में कटौती के मद्देनजर उसने आवास ऋण, वाहन कर्ज और व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज दरें कम की हैं। इससे खुदरा कर्ज लेने वालों के लिए ऋण लेना सस्ता होगा। नई दरें 18 दिसंबर, 2025 से प्रभावी हो गयी हैं। संशोधित ब्याज दर के तहत, आवास ऋण की ब्याज दर 0.3 प्रतिशत कम की गई हैं। अब ये 7.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होंगी, जबकि पहले यह 7.45 प्रतिशत सालाना थी।

■ आरबीआई ने हाल में नीतिगत दरों में कटौती की थी



### बैंक ग्रीन फाइनेंस छूट अलग दे रहा

इसके अलावा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पात्र 'ग्रीन फाइनेंस' आवास ऋण और वाहन कर्ज पर 0.10 प्रतिशत सालाना अतिरिक्त छूट दे रहा है। रिजर्व बैंक ने इसी महीने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। उसके बाद बैंकों ने ब्याज दरें कम की हैं।

# गेल का छत्तीसगढ़ में गैस आधारित उर्वरक परियोजना के लिए करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ सरकार के साथ राज्य में गैस-आधारित उर्वरक परियोजना के विकास की संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस समझौते के तहत गेल मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन गलियारे के पास 12.7 लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले यूरिया उत्पादन संयंत्र की स्थापना के लिए विस्तृत प्रौद्योगिकी-आर्थिक अध्ययन करेगी। गेल ने कहा, ''प्रौद्योगिकी-आर्थिक मूल्यांकन के आधार पर गेल उर्वरक परियोजना की स्थापना के लिए निवेश के बारे में निर्णय करेगी।'' मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग सचिव रजत कुमार और गेल के व्यापार विकास निदेशक राजीव कुमार सिंघल ने इस गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



**राज्य सरकार अध्ययन में सहयोग करेगी-** राज्य सरकार व्यवहार्यता अध्ययन में सहयोग देकर, उपयुक्त भूमि की पहचान और आवंटन करके, राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ समन्वय करके और वैधानिक स्वीकृतियों और बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं में सहायता करके परियोजना को सुगम बनाएगी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**
**Municipal Corporation Chhindwara**

Add. - In front of shukla ground, guraiya road ward no. 39, Chhindwara (M.P.) 480001
Tel. - 07162-222346
E-mail- commchhindwara@mpurban.gov.in

क्रमांक/5711/रा.शा./न.पा.नि./2025 — छिन्दवाड़ा, दिनांक 19/12/25

**।। दुकानों के अन्तरण किये जाने निविदा सूचना।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा विकसित की जा रही कॉलोनी में भूतल की दुकानों का अंतरण मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम में दिये गए प्रावधान अनुरूप निर्धारित शर्तों के अधीन 30 वर्ष की लीज पर अंतरण किये जाने हेतु लम्प-सम्प दर पर ऑन-लाईन निविदा बुलाई जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाता जो वेबसाईट में पंजीकृत है, इस निविदा में दरें प्रस्तुत कर सकते है। अन्तरण से संबंधित नियम, शर्ते एवं आरक्षण से संबंधित जानकारी एवं अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में राजस्व (दुकान) शाखा में देखी जा सकती है। आरक्षित दुकान में भाग लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विवरण निम्नानुसार है:-

**स्थल: आनन्दम् टॉउनशिप स्थित 13 निर्माणाधीन दुकानें**

| टेण्डर क्र. | दुकान क्र. | साईज (वर्ग फीट में) | निर्धारित प्रीमियम (रूपए में ) | अमानत राशि (रूपए में ) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपए में ) | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_366107- | 13 | 210 | 12,00,000 | 1,20,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366108- | 14 | 210 | 12,00,000 | 1,20,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366110- | 16 | 210 | 12,00,000 | 1,20,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366113- | 28 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366114- | 29 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366115- | 30 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366116- | 31 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366118- | 32 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366119- | 33 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366120- | 34 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366121- | 35 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366122- | 37 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |
| 2024_UAD_366123- | 38 | 210 | 8,00,000 | 80,000 | 1,000 | अनारक्षित |

नोट:- 1. नीलामी से संबंधित अन्य नियम शर्तें https://www.mptenders.gov.in एवं राजस्व शाखा में (अवकाश दिवस छोड़कर) कार्यालय समय में देखी जा सकती है। 2. ऑन-लाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08/01/2026 समय 17:30 बजे तक है।

**आयुक्त नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा**

## चिंतन

# बांग्लादेश संकट को भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए

बांग्लादेश इस समय हिंसा, अराजकता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। वहां हिंदू समुदाय पर लगातार बढ़ते अत्याचार भारत की चिंताओं को बढ़ा रहे हैं। मंदिरों पर पथराव और हिंदुओं के घरों में आगजनी जैसी घटनाएं हिंदू समाज के बीच दहशत पैदा कर रही हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुहम्मद यूनुस बुरी तरह विफल साबित हुए हैं। यहां हिंदू समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। मंदिरों पर पथराव, घरों में आगजनी, महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुकी है। ऐसे समय में भारत को इस मामले को लेकर कूटनीतिक कदम उठाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया जाना चाहिए। भारत ने बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पड़ोसी देश में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि वहां 'लोकतंत्र का स्थान भीड़तंत्र ने ले लिया है। वहीं, अब भारत में भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। कोलकाता और नई दिल्ली में बांग्लादेशी उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। इससे घबराए बांग्लादेश मिशन ने नई दिल्ली और अगरतला में अपने सभी काउंसलर और वीजा सर्विस को बंद कर दिया। कोलकाता में भी वीजा के लिए आवेदन केंद्र को बंद करने का फैसला लिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया और और उन्हें नई दिल्ली, कोलकाता और अगरतला स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग की सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी ली। हालांकि देखा जाए तो यह संकट कोई नया नहीं है। 1947 के बंटवारे के समय बंगाल के पूर्वी हिस्से में हिंदू अल्पसंख्यक सुरक्षित थे, लेकिन पाकिस्तान बनने के बाद उत्पीड़न शुरू हो गया। 1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलाई। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया, लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा। वक्फ कानून के तहत उनकी जमीनें हड़पी गईं। आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू आबादी कभी 22 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 8 प्रतिशत रह गई है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद भी इस समुदाय पर अत्याचार जारी रहा। शेख हसीना ने कुछ सुरक्षा दी, लेकिन उनके खिलाफ भड़के आक्रोश ने अल्पसंख्यकों को और असुरक्षित कर दिया। आज वहां कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,000 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं। इन हालातों ने पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कट्टरपंथी ताकतों के बेकाबू होने, भीड़ हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी और कानून-व्यवस्था के चरमराने से सबसे अधिक असुरक्षा का वातावरण अल्पसंख्यकों में है। चटगांव की हृदयविदारक घटना ने इस सच्चाई को और भी निर्मम रूप में उजागर कर दिया, जहां मामूली विवाद को धार्मिक रंग देकर एक निर्दोष व्यक्ति को भीड़ के हवाले कर दिया गया और उसे पेड़ से बांधकर जिंदा जला दिया गया। यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि जब कट्टरता को खुली छूट मिलती है तो मानवता सबसे पहले मरती है।

# भारत के धैर्य और कूटनीति की परीक्षा



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षड्यंत्र की बू आ रही है। पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। इसके बावजूद बांग्लादेश पर कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना उचित नहीं है। भारत कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने पर मंथन कर रहा है।

बांग्लादेश हिंसा की आग में धधक रहा है। सड़कों पर उपद्रवियों का कब्जा है और चारों तरफ अराजकता का माहौल दिखाई दे रहा है। गत वर्ष अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद यह दूसरा अवसर है जब समूचा बांग्लादेश अनियंत्रित उपद्रवियों के कब्जे में आ गया दिखता है।

ताजा हिंसा का कारण छात्र नेता व इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी को 12 दिसंबर को गोली मारने और 18 दिसंबर को सिंगापुर में उनकी मौत होना बताया जा रहा है। उस्मान हादी गत वर्ष जुलाई में शेख हसीना सरकार के विरुद्ध हुए आंदोलन व तख्तापलट के सूत्रधार नेताओं में प्रमुख नेता थे। उस्मान हादी ने ही भारत विरोधी बयान देते हुए भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर क्षेत्र को काटकर सेवन सिस्टर्स ( पूर्वोत्तर के 7 राज्य-अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड व त्रिपुरा) को बांग्लादेश में मिलाने और ग्रेटर बांग्लादेश या सल्तनत-ए-बांग्ला बनाने की बात कही थी। हादी ने इस सिराजुद्दौला साम्राज्य प्लान का एक नक्शा और वीडियो भी जारी किए थे। हादी के नेतृत्व में ही अगस्त 2024 में शेख हसीना के कथित छात्र विरोधी निर्णय के विरोध और संविधान में संशोधन की मांग को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन पहले कथित जेन जी आंदोलन में बदला था। जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के लिए देश में शरीयत का कानून लागू करने के मंसूबों को अंजाम देने का यह सुनहरा अवसर मालूम हुआ था और वे भी इस हिंसा व अराजकता फैलाने वालों की उन्मादी भीड़ में चेहरे छुपाकर शामिल हो गए थे। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था। प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ी थी। उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के दखल के बाद आंदोलन समाप्त हुआ और नोबेल पुरस्कार प्राप्त मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। यूनुस का रवैया सदैव भारत विरोधी ही देखा गया है, लेकिन सब कुछ जानते-समझते हुए भी भारत द्वारा यूनुस सरकार से मधुर संबंध बनाने की कवायदें बीते समय में की जाती रहीं। लेकिन यूनुस के व्यवहार में बदलाव नजर नहीं आया। उनके शासन में भारत विरोधी षडयंत्र व प्रयास होते रहे। गत नवंबर माह में ही शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई गई थी और उसके बाद यूनुस ने भारत से हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी। शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद बांग्लादेश के हालत और भारत के साथ संबंधों को लेकर विगत दिनों विदेश मामलों की संसद की स्थायी समिति भी चिंता जता चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति ने कई देशों का दौरा किया था। बाद में संसद में पेश रिपोर्ट में समिति ने चेतावनी दी कि बांग्लादेश की बदलती राजनीतिक स्थिति भारत के लिए 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद सबसे गंभीर रणनीतिक चुनौती बन गई है। बांग्लादेश में हुई विगत वर्ष व ताजा, दोनों दौर की हिंसा के पीछे मुख्य निशाना भारत ही रहा है। वहां दुष्प्रचार किया जा रहा है कि उस्मान हादी की हत्या के पीछे भारत दोषी है और उनके हत्यारे भी भारत के सहयोग से भागने में सफल रहे



हैं या भारत में छुपे हुए हैं। हालांकि भारत इस बात को खारिज कर चुका है, लेकिन वहां सक्रिय जमाते इस्लामी के कट्टरपंथी, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और अन्य भारत विरोधी विदेशी शक्तियां इस आग को भड़काने में लगी हैं। पूरी तरह से अगस्त 2024 की हिंसा व अराजकता का दोहराव होता हुआ दिख रहा है।

बांग्लादेश की इस स्थिति पर मोहम्मद यूनुस ने अब तक किसी प्रकार का खेद नहीं जताया है। स्पष्ट मालूम पड़ता है कि मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथियों के साथ-साथ भारत विरोधी विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं। इधर प्रश्न उठाया जा रहा है कि भारत हस्तक्षेप क्यों नहीं कर रहा? इसका जवाब पाने के लिए हमें समझना बहुत जरूरी है कि भारत आज दुनिया की एक तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दुनिया की कई महाशक्तियां, पड़ोस में बैठे दुश्मन और कट्टरपंथी भारत के तेजी से हो रहे उभार को पचा नहीं पा रहे हैं और भारत को विकास की राह से डिगाने के षडयंत्र रचे जा रहे हैं। बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षडयंत्र की बू आ रही है। यहां पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। हादी की मौत पर जिस प्रकार अमेरिका सहित विभिन्न देशों ने शोक जताया है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि भारत विरोधी षड्यंत्रकारियों के तार कहां-कहां जुड़े हुए हैं। दूसरी बात यह समझने की है कि बांग्लादेश हमारा परंपरागत शत्रु नहीं है बल्कि उसके साथ हमारे संबंध हर तरह से मधुर व सहयोगपूर्ण ही रहे हैं। हमारे ही सैन्य हस्तक्षेप व सहायता से पूर्वी पाकिस्तान सन 1971 में बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया है। शेख हसीना को अपदस्थ करने के पीछे भारत से निकटता भी एक वजह मानी गई है। हालांकि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार भी वहां सत्ता में आने पर बांग्लादेश से हमारे संबंध दोस्ताना भले ही नहीं रहे हों, शत्रुतापूर्ण भी नहीं रहे हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत ने बांग्लादेश को समय-समय पर सहयोग व सहायता ही दी है। संभवतः इसीलिए पड़ोसी देश के हालात भारत के लिए चिंताजनक होते हुए भी भारत, बांग्लादेश में यथासंभव सैन्य हस्तक्षेप करने व संघर्ष जैसी अन्य अप्रिय स्थिति से बचने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश पर कोई सख्त कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना भारत की सुरक्षा व हितों के मान से उचित नहीं है। हालांकि भारतीय राजनयिकों व बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के संदर्भ में भारत ने वहां की सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज करा दिया है और इन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। दूसरी ओर स्थिति पर भारत पैनी दृष्टि लगाए हुए है और समयोचित सतर्कता व सुरक्षा उपायों की समीक्षा भी लगातार की जा रही है।

देखा जाए तो यह समय भारत की सुरक्षा के साथ विदेश नीति व कूटनीति की परीक्षा का समय है। समझा जा सकता है कि भारत इस संवेदनशील स्थिति में कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने या भारत के हितों के अनुकूल समाधान के लिए कूटनीतिक व अन्य वैकल्पिक उपायों पर मंथन किया जा रहा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सोच समझ कर कदम उठाने में ही भारत का हित है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती

डॉ. सुशील टाया



# विश्व कल्याण के अग्रदूत रहे स्वामी ब्रह्मानंद

देश-विदेश में समाज सुधार के लिए अनेक समाज-सुधारक, सन्त-महात्मा व भक्त हुए हैं। जिस प्रकार सूर्य की रोशनी को एक सीमा में नहीं बांध सकते, इसी प्रकार संत की विचारधारा को सीमाएं रोक नहीं सकती। सन्त ब्रह्मानन्द ने समाज की बुराइयों, विसंगतियों, कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं पाखण्डों के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया। 24 दिसम्बर, 1908 ई. दिन वीरवार को चूहड़ मुनि की पावन धरा गांव चूहड़माजरा में संत ब्रह्मानन्द सरस्वती का जन्म चौधरी बदामा के घर हुआ था। इनकी माता का नाम रामी था। स्वामी ब्रह्मानन्द ने वैदिक संस्कृति का प्रचार-प्रसार करते हुए समाज सुधार, मादक द्रव्यों के सेवन का निषेध, गो-रक्षा, पर्यावरण रक्षा, शिक्षा का प्रचार-प्रसार, पशु-पक्षियों के कल्याण का काम किया। उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना पर बल दिया, क्योंकि वे मूलतः एक मानवतावादी सन्त थे। सन्त ब्रह्मानन्द ने मानव कल्याण के लिए पंचरंगे झंडे का निर्माण किया। जिस प्रकार शरीर पांच तत्वों-आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी से निर्मित है, उसी प्रकार यह पंचरंगा ध्वज भी पांच रंगों से बना है। ध्वज के मध्य ओम आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार इन पांच विकारों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। संत ब्रह्मानन्द कहते थे कि वृद्धजन परिवार का मुख्य सतम्भ होते हैं। जो व्यक्ति अपने वृद्धजनों की सेवा करते हैं उनकी आयु दीर्घ होती है। संत ब्रह्मानन्द ने गांव-गांव जाकर शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया। खासतौर पर




उन्होंने नारी शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने इसके लिए पाठशालाओं, गुरुकुलों और आश्रमों की स्थापना की। वे पर्यावरण के बड़े संरक्षक थे। वे प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा लगाने का उपदेश देते थे। इसके साथ वातावरण शुद्धि के लिए लोगों को यज्ञ करने के लिए प्रेरित किया तथा स्वयं लगभग 200 अखिल विश्व कल्याणकारी शान्ति महायज्ञ किए। संत ब्रह्मानन्द जनसामान्य को सदाचारी बनाना चाहते थे। उनका मानना था कि सदाचार से बढ़कर कोई शास्त्र नहीं है। मनुष्य को सदैव ऊंचे आचरण का ही अनुकरण करना चाहिए। स्वामी ब्रह्मानन्द ने सदाचार की महत्ता बताते हुए कहा कि सांसारिक व्यवहार शास्त्रानुकूल होना चाहिए। कहते थे कि आधुनिक युग में मनुष्य में नैतिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है। सामाजिक अस्तित्व के लिए नैतिक आचरण आवश्यक है। उन्होंने समाज उत्थान व विकास के लिए नैतिक मूल्यों पर विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने जनसामान्य को प्रेरित किया कि प्रत्येक व्यक्ति नैतिक आचरण को अपनाकर अपना जीवन सुखमय बनाएं।

आधुनिक युग की इस चकाचौंध में प्रत्येक व्यक्ति एक-दूसरे से आगे निकलना चाहता है, इसलिए लोगों में पारस्परिक सद्भाव की भावना खत्म हो रही है, क्योंकि स्वयं आगे निकलने के लिए अपने सहयोगी का नुकसान भी करने से परहेज नहीं कर रहा है। आज परिवार में भाई-भाई तथा माता-पिता में पारस्परिक सदभावना की भावना कम हो रही है। संत ब्रह्मानन्द सरस्वती ने जनसामान्य को जागरूक किया तथा पारस्परिक सदभावना के लिए प्रेरित किया। संत ब्रह्मानन्द सात्विक प्रकृति के सन्त थे। उनका आहार- विहार भी सात्विक था। वे जनसामान्य को सात्विक आहार लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहते थे, कि सात्विक आहार आयु, बुद्धि, सुख, आरोग्य व बल को बढ़ाता है और चटपटा आहार रोग को बढ़ाता है। आधुनिक युग में मांसाहार और मादक द्रव्यों का सेवन ते बड़ी तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण समाज में अराजकता, भ्रष्टाचार, अपराध-वृत्ति बढ़ रही है। अधिक संख्या में इसके शिकार नौजवान हो रहे हैं। संत ब्रह्मानन्द ने जनसामान्य को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। आधुनिक युग में जिस तरह से टूटते परिवार, आपसी मन मुटाव, जाति पाति का भेदभाव, बढ़ती पर्यावरण की समस्या, वृद्धजनों के सम्मान व अतिथि सत्कार में कमी, अशिक्षा, सदाचार की कमी, कम होती नैतिकता, घटा पारस्परिक सद्भाव व मादक द्रव्यों का बढ़ता प्रचलन समाज में हावी हो रहा है, उसे देखते साफ तौर पर कहा जा सकता है कि आधुनिक युग में आज भी ब्रह्मानन्द की विचारधारा की प्रासंगिकता है। सन्त ब्रह्मानन्द ने समाज के उत्थान के लिए जो संदेश दिया था, वह आज भी जनसामान्य का मागदर्शन कर रहा है। वर्तमान समय में जरूरत है ऐसे संतो की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने की, जिससे सामाजिक समरसता बढ़ सके और मानव कल्याण की भावना को बल मिले।

( लेखक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
**दर्शन**

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

# हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
**प्रेरणा**

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## सटाका




## आज की पाती

### देश-समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों?

किसी भी जीवंत समाज की पहचान यह नहीं होती कि वह कितनी परंपराओं का पालन करता है, बल्कि यह होती है कि वह परंपराओं को कितनी विवेकपूर्ण दृष्टि से देखता है। इतिहास गवाह है कि जिन समाजों ने प्रश्न पूछने वालों को सम्मान दिया, वही आगे बढ़े, और जिन्होंने उन्हें दबाने की कोशिश की, वे जड़ता और पतन का शिकार हुए। आज जब कोई व्यक्ति, संगठन या विचारक अंधविश्वास, पाखंड और झूठ के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो उसके इरादों पर सवाल खड़े कर दिए जाते हैं। उसे धर्म-विरोधी, संस्कृति विरोधी या समाज विरोधी ठहराने की कोशिश की जाती है। यह प्रवृत्ति स्वयं में एक गंभीर प्रश्न है- आखिर समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों? आस्था और अंधविश्वास का फर्क समझना जरूरी है।

*- विवेक उपाध्याय, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चौधरी चरण सिंह को नमन



देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन। यह दिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में उस विचारधारा का स्मरण है, जिसने किसान को नीति और राष्ट्र के केंद्र में रखा।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### देश हित में वीबी-जी राम जी



'यह कानून देश हित में उपयोगी है, क्योंकि यह खेती करने वाले समुदाय को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। जहां 'वीबी-जी राम जी' मजदूरों के उत्थान का पूरा ध्यान रखता है, वहीं यह किसानों पर भी ध्यान केंद्रित करता है और सुनिश्चित करता है कि खेती के लिए पर्याप्त मजदूर मिलें। -शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री

### किसान दिवस की बधाई




किसानों, गरीबों एवं वंचितों के मसीहा कहे जाने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। देश के सभी किसान भाइयों को किसान दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# सूडान के पीएम का अमेरिका से संघर्ष विराम का आग्रह

सूडान के प्रधानमंत्री ने प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के साथ लगभग 1,000 दिनों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए सोमवार को एक शांति पहल का प्रस्ताव रखा लेकिन अमेरिका ने दोनों पक्षों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तत्काल मानवीय संघर्षविराम के आह्वान को स्वीकार करने का आग्रह किया। सूडान की असैन्य सरकार का नेतृत्व कर रहे कामिल इदरीस ने सुरक्षा परिषद को बताया कि उनकी योजना में संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ और अरब लीग की निगरानी में संघर्षविराम, अर्धसैनिक बलों की उनके कब्जे वाले सभी इलाकों से वापसी, उन्हें निगरानी वाले शिविरों में रखा जाना और उनका निरस्त्रीकरण शामिल है।




अप्रैल 2023 में सूडान में उस समय अराजकता पैदा हो गई थी जब सेना और शक्तिशाली अर्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' के बीच सत्ता संघर्ष खुली लड़ाई में बदल गया और इस दौरान बड़े पैमाने पर हत्या एवं बलात्कार की घटनाएं हुईं तथा जातीय आधार पर हिंसा हुई। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों के अनुसार यह युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। यह असंभव प्रतीत होता है कि 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी क्योंकि इस प्रस्ताव से सरकारी बलों को मूलतः जीत मिल जाएगी।

## ऑफ बीट

# आपदा के समय घरेलू बैटरियां हो सकती हैं बेहद उपयोगी

आमतौर पर लोग घरेलू बैटरियों का इस्तेमाल बिजली बिल घटाने के लिए करते हैं। दिन में सौर ऊर्जा या सस्ती ग्रिड बिजली को जमा कर ऐसे समय पर



उपयोग किया जाता है जब बिजली आपूर्ति महंगी या कठिन हो रही हो। केंद्र सरकार की 'चीपर होम बैटरीज़ प्रोग्राम' के तहत पांच महीनों में 1.46 लाख से अधिक बैटरियां लग चुकी हैं। लक्ष्य 2030 तक 10 लाख नई बैटरियां लगाने का है और हाल में कार्यक्रम का बजट बढ़ाया गया है। 2017 में प्यूर्टो रिको में आए तूफान मारिया के बाद सौर ऊर्जा और बैटरी की संयुक्त प्रणाली से बच्चों के एक अस्पताल में बिजली बहाल की गई थी। कैलिफोर्निया में 2025 की भीषण जंगल की आग के दौरान बैटरी समर्थित माइक्रोग्रिड ने जरूरी सेवाओं को चालू रखा। चक्रवात अल्फ्रेड के समय दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में कुछ इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों ने अपनी कारों से घर के जरूरी उपकरण चलाए। ये उदाहरण दिखाते हैं कि घरेलू बैटरियां और स्थानीय ऊर्जा भंडारण समुदायों के लिए जीवनरेखा बन सकते हैं। बैटरियां 'आइलैंडिंग' मोड में ग्रिड से कटकर आवश्यक घरेलू उपकरण चला सकती हैं। कुछ प्रणालियां आपदा के समय राहत शिविरों या अस्थायी आवासों में रोशनी, रेफ्रिजरेशन और संचार जैसी जरूरतें भी पूरी कर सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

लाइफ Style



# किआरा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

## हॉलीवुड मसाला




# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

## मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है,



बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं। 'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स


# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

*__नई दिल्ली।__ जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिमपली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गई।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सब्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।



**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा** : साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

# एलियन मिलने वाले हैं! ब्रिटेन की टॉप वैज्ञानिक ने रखी टाइमलाइन

2025 के दौरान ज्यादातर टाइम एलियंस, यूएफओ, यूएपी, ब्रह्मांड में एलियंस के अस्तित्व और उनके भविष्य में इंसानों से मिलने की संभावना जैसी चर्चाओं से भरा रहा है। जिसमें 3I/एटलस नाम के इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट के धरती के पास आने की चर्चा और भी तेज हो गई।

**लंदन।** क्योंकि, कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि ये इतने सीधे रास्ते पर है कि ये शायद एक एलियन का अंतरिक्ष यान हो सकता है। अब इस चर्चा में ब्रिटेन की एक शीर्ष अंतरिक्ष वैज्ञानिक भी शामिल हो चुकी हैं। उन्होंने घोषणा घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें पूरी तरह से विश्वास है कि ब्रह्मांड में एलियंस मौजूद हैं और उन्होंने एलियंस की खोज के लिए एक तय समय सीमा भी बताई है।



### 2075 में मिलेंगे एलियन

वैज्ञानिकों ने इसके लिए एक ड्रेक समीकरण भी प्रस्तुत किया है। जिसके अनुसार ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं की बड़ी संख्या ये दर्शाती है कि हम अकेले नहीं हैं। क्योंकि, अकेले मिल्की वे आकाशगंगा में ही 300 अरब से अधिक तारे हैं, जिनमें सभी हमारे सूर्य के समान हैं और कुछ तो उससे भी बड़े हैं। खगोलविदों का दावा है कि हमारे सौर मंडल के बाहर तारों की परिक्रमा करने वाले हजारों ग्रहों की खोज हुई है। जिनमें अकेले नासा ने ही कम से कम 6000 दूसरे ग्रहों की पुष्टि की है। आपको बता दें कि पृथ्वी से लगभग 124 प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक ऐसा ही ग्रह के2–18बी 2025 में सुर्खियां बटोर चुका है। ये पृथ्वी से बड़ा है और अपने रहने लायक क्षेत्र में मौजूद एक लाल बौने तारे की परिक्रमा करता है। जिसके वायुमंडल में वैज्ञानिकों ने ऐसे अणुओं का भी पता लगाया है, जो केवल तभी संभव हैं जब वहां किसी प्रकार का जीवन मौजूद हो।



### मैगी ने किया दावा

उनका मानना है कि अगले 50 साल के अंदर एलियन मिल जाएंगे। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग की डेम मैगी एडरिन-पोकॉक ने यह भी दावा किया कि इंसान 2075 तक किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की खोज कर लेगा। हालांकि, उनकी इस बात पर लगभग सभी वैज्ञानिक इस बात पर सहमत हैं कि जब कभी भी किसी एलियंस की खोज होगी तो वो तकनीकी तौर पर हमेशा कहीं ज्यादा विकसित होगी। डेम मैगी का भी यही मानना है और वो कहती है कि जब कभी एलियंस मिलेंगे तो वो इंसानों से कहीं अधिक प्राचीन होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मैगी ने यह भी का कि ब्रह्मांड में लगभग 200 अरब से ज्यादा आकाशगंगाएं होने का अनुमान है, जिसके चलते पृथ्वी ही अकेली ऐसी जगह नहीं हो सकती जहां जीवन के लिए आवश्यक तत्व मौजूद हों। उन्होंने अपनी थ्योरी पर विश्वास जताते हुए कहा कि कहीं न कहीं जीवन अवश्य है। इसके पीछे उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि इतने सारे तारों और इतने सारे ग्रहों के होते हुए, जीवन सिर्फ धरती पर ही क्यों होगा।

## रोचक खबरें

### रसोई की मरम्मत में निकला 400 साल पुराना खजाना

**लंदन।** इंग्लैंड के वेस्ट डॉर्सेट में रहने वाले रॉबर्ट फूक्स और उनकी पत्नी बेट्टी फूक्स अपने 400 साल पुराने फार्महाउस की किचन का रेनोवेशन कर रहे थे। मकसद था फर्श को थोड़ा नीचे कर छत की ऊंचाई बढ़ाना, लेकिन उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि यह फैसला इतिहास बना देगा। जैसे ही रॉबर्ट ने कंक्रीट फर्श हटाकर गहरी खुदाई शुरू की, उनकी गैंती किसी सख्त चीज से टकराई। टॉर्च की रोशनी में जो दिखा, उसने सबको चौंका दिया...मिट्टी के बर्तन में भरे चमकदार पुराने सिक्के। इस टूटे हुए बर्तन के भीतर करीब 100 से ज्यादा सोने और चांदी के सिक्के थे। बाद में विशेषज्ञों ने पुष्टि की कि ये सिक्के 1642 से 1644 के बीच के हैं, यानी इंग्लैंड के पहले सिविल वॉर के समय के। इस संग्रह को अब पोर्टन कॉइन होर्ड के नाम से जाना जाता है। इसमें किंग जेम्स प्रथम और किंग चार्ल्स प्रथम के सोने के सिक्के, साथ ही क्वीन एलिजाबेथ प्रथम, फिलिप और मैरी के शासनकाल के चांदी के हाफ क्राउन, शिलिंग और सिक्सपेंस शामिल थे। इतिहासकारों के मुताबिक, उस दौर में इंग्लैंड गृहयुद्ध की आग में जल रहा था। सैनिक गांव-गांव जाकर खाने और कीमती सामान की मांग करते थे। जिस परिवार पर किसी एक पक्ष का समर्थन करने का शक होता, उसकी संपत्ति जब्त कर ली जाती। ऐसे में लोग अपना धन सुरक्षित रखने के लिए जमीन में दबा देते थे। माना जा रहा है कि फूक्स परिवार के पूर्वजों ने भी इसी डर में ये सिक्के छिपाए, लेकिन शायद युद्ध या मौत के कारण वे इन्हें वापस निकालने कभी नहीं लौट पाए।



### बहुत ज्यादा खाती है...शख्स ने अपनी मंगेतर पर किया केस, मांगे खर्च किए हुए 6 लाख

**बीजिंग।** अपनी मंगेतर, गर्लफ्रेंड या पत्नी पर पैसे खर्च करना तो आम बात है। हर कोई करता है, लेकिन इसके लिए कोई उसपर केस कर दे, ये बड़ा ही अजीब और हास्यास्पद लगता है, पर चीन में कुछ ऐसा ही हुआ है और ये अजीबोगरीब घटना इंटरनेट पर भी चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल, यहां एक शख्स ने ये कहकर अपनी मंगेतर पर मुकदमा दायर कर दिया कि उसने बहुत ज्यादा खा लिया था और अब उसने उसपर खर्च किए गए सारे पैसे वापस करने की मांग की है। इस अदालती सुनवाई की खबर 9 दिसंबर को सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. हालांकि इसके बाद उसे ऑनलाइन आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। चीनी मीडिया के मुताबिक, वांग नाम के शख्स ने अपनी मंगेतर पर मुकदमा दायर कर उसके परिवार द्वारा मंगेतर के परिवार पर खर्च किए गए 20,000 युआन (2,800 अमेरिकी डॉलर) यानी करीब 2.50 लाख रुपए लौटाने की मांग की है। इसके अलावा उसने उससे वो 30,000 युआन (4,200 अमेरिकी डॉलर) यानी करीब 3.76 लाख रुपए भी वापस करने की भी मांग की, जो उसने डेटिंग के दौरान उसपर खर्च किए थे। इसमें कपड़ों की खरीदारी भी शामिल थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वांग और उनकी मंगेतर दोनों ही चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत स्थित एक ही गांव के रहने वाले हैं। उनकी मुलाकात एक मीडिएटर के जरिए हुई थी और उसके बाद उन्होंने सगाई कर ली।



### डिलीवरी बॉय ने 5 साल में बचाए 1.43 करोड़ रुपए, चुकाया कर्ज

**बीजिंग।** एक डिलीवरी बॉय कितना ही कमा लेता होगा? शायद ये बात कभी-कभी आपके भी दिमाग में आती होगी। आपको लगता होगा कि डिलीवरी बॉय अपना और अपने परिवार का पेट पालने भर तो आराम से कमा लेते होंगे, लेकिन आजकल चीन का एक ऐसा फूड डिलीवरी बॉय वायरल हो रहा है, जिसने अपनी कमाई से सबको हैरान-परेशान कर दिया है। दरअसल, इस डिलीवरी बॉय ने फूड डिलीवरी करके पिछले पांच साल में 1.12 मिलियन युआन (160,000 अमेरिकी डॉलर) यानी करीब 1.43 करोड़ रुपये की बचत की है और अपना पूरा कर्ज चुका दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 25 वर्षीय झांग जुएकियांग साल 2020 में एक प्रमुख प्लेटफॉर्म में डिलीवरी का काम करने के लिए शंघाई आए थे. उससे पहले वो दक्षिणपूर्वी चीन के फुजियान प्रांत के झांगझोउ स्थित अपने गृहनगर में अपने दोस्त के साथ मिलकर एक छोटा सा ढाबा चलाते थे, लेकिन वो बंद हो गया, जिसकी वजह से उनपर 50,000 युआन (7,000 अमेरिकी डॉलर) करीब 6.27 लाख रुपये का कर्ज हो गया। फिर उन्होंने फूड डिलीवरी का काम किया और अपना सारा कर्ज चुका दिया।



**डिलीवरी के काम से कमाए 1.4 मिलियन युआन**

पिछले महीने यानी नवंबर में झांग ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें बताया था कि उन्होंने पिछले पांच सालों में अपने डिलीवरी के काम से 1.4 मिलियन युआन कमाए हैं। उन्होंने बताया कि इन पैसों से अपने कर्ज चुका दिए और अपने रहने-खाने के खर्चों को घटाने के बाद वो 1.12 मिलियन युआन बचाने में कामयाब रहे।

#### हफ्ते में सातों दिन करते हैं काम

झांग ने बताया, 'मैं दिन में लगभग 13 घंटे और हफ्ते में सातों दिन काम करता हूं। खाने और सोने के अलावा मैं अपना सारा समय ग्राहकों को खाना पहुंचाने में बिताता हूं। वह सुबह 10.40 बजे काम शुरू करते हैं और अगले दिन सुबह 1 बजे तक काम करते हैं। वह हर दिन 8.5 घंटे सोते हैं, ताकि खुद को रिफ्रेस कर सकें। उन्होंने बताया कि वो अक्सर एक महीने में 300 से अधिक ऑर्डर पूरे करते हैं, जिनमें से प्रत्येक में औसतन 25 मिनट लगते हैं। कुल मिलाकर डिलीवरी के दौरान उन्होंने 324,000 किलोमीटर की दूरी तय की है। इसीलिए उनके साथियों ने उन्हें 'डिलीवरी किंग' नाम दिया है। झांग ने कहा कि उन्होंने अपनी कहानी ऑनलाइन इसलिए शेयर की है, क्योंकि वह अपनी उपलब्धि से खुश हैं। वह कहते हैं, 'आखिरकार मैंने कड़ी मेहनत करके अपने कर्ज चुका दिए हैं और काफी बचत भी कर ली है'। उन्होंने कहा कि उनकी योजना अगले साल शंघाई में दो नाश्ते की दुकानें खोलने की है, जिसमें करीब एक करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## दावा

क्या बदल जाएगी मेडिकल साइंस की दुनिया?

# जहर ही देगा जिंदगी, मधुमक्खियां करेंगी 'ब्रेस्ट कैंसर' का इलाज!

ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों वैज्ञानिकों ने पाया कि मधुमक्खियों का जहर आक्रामक स्तन कैंसर सेल्स को खत्म करने में काफी कारगर है। इस खोज को रोमांचक बताते हुए दावा किया जा रहा है कि हम जल्दी ही और रिसर्च के साथ दुनियाभर की महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर के मेडिकल इलाज में इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

**केनबरा।** अगर मधुमक्खी आपको डंक मार दे तो आप को असहनीय पीड़ा झेलनी पड़ती है और कभी-कभी ज्यादा मधुमक्खियों के हमले से इंसान की जान भी जा सकती है। अब अगर हम आपको बताएं कि मधुमक्खी के जहर से कैंसर जैसी घातक बीमारी का इलाज भी किया जाता है तो आप हैरत में पड़ जाएंगे। आप बिलकुल मत चौंकिए ये बिल्कुल सही है। ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने इस पर शोध शुरू कर दिया है। वैज्ञानिकों ने पाया कि मधुमक्खियों का जहर आक्रामक स्तन कैंसर सेल्स को खत्म करने में काफी कारगर है। इस खोज को रोमांचक बताते हुए दावा किया जा रहा है कि हम जल्दी ही और रिसर्च के साथ दुनियाभर की महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर के मेडिकल इलाज में इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

मधुमक्खी के ज़हर का इस्तेमाल, इसमें मौजूद मेलिटिन नाम के कंपाउंड के साथ दो तरह के कैंसर ट्रिपल-नेगेटिव और एचईआर2-एनरिच्ड के खिलाफ किया गया है जिनका इलाज करना सबसे मुश्किल है। यह कॉम्बिनेशन इन सेल्स की वायबिलिटी को कम करने में असरदार पाया गया। 25 साल की PhD रिसर्चर सिएरा डफी ने इस स्टडी को लीड किया उन्होंने बताया, 'हमने पाया कि मधुमक्खी का ज़हर और मेलिटिन दोनों ने ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर और एचईआर2-एनरिच्ड ब्रेस्ट कैंसर सेल्स की वायबिलिटी को काफी हद तक, चुनिंदा तरीके से और तेज़ी से कम किया।'



### ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और इंग्लैंड की 312 मधुमक्खियों पर रिसर्च

यह स्टडी, जो वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में हैरी पर्किन्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा की गई थी, नेचर प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी, एक पीयर-रिव्यूड जर्नल में पब्लिश हुई थी। डॉ. सिएरा डफी ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और इंग्लैंड में 312 मधुमक्खियों और भौंरों से लिए गए ज़हर के असर का अध्ययन अलग-अलग तरह के ब्रेस्ट कैंसर पर किया, जिसमें ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर भी शामिल है, जिसके इलाज के बहुत कम ऑप्शन हैं। स्टडी में पाया गया कि ज़हर की एक खास कंसंट्रेशन एक घंटे के अंदर कैंसर सेल्स को मारने में सक्षम थी, जबकि हेल्दी सेल्स को कम से कम नुकसान पहुंचा रही थी। हालांकि, ज़्यादा डोज़ ज़्यादा ज़हरीली पाई गईं।

### सिंथेटिक रूप से भी बनाया जा सकता है मेलिटिन

रिसर्चर्स ने यह भी पाया कि मधुमक्खी के जहर में पाया जाने वाला मेलिटिन एक कंपाउंड है जो कैंसर सेल्स की ग्रोथ को रोकने या बाधित करने में अपने आप में असरदार था। हालांकि, मेलिटिन स्वाभाविक रूप से मधुमक्खी के जहर में पाया जाता है। इसे सिंथेटिक रूप से भी बनाया जा सकता है। डॉ. सिएरा ने बताया, 'हमने मधुमक्खी के ज़हर में मेलिटिन नाम के एक बहुत छोटे पॉजिटिव चार्ज वाले पेप्टाइड का टेस्ट किया, जिसे हम सिंथेटिक रूप से बना सकते थे और पाया कि सिंथेटिक प्रोडक्ट ने मधुमक्खी के ज़हर के ज़्यादातर एंटी-कैंसर असर को समझाया।' ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर इस बीमारी के सबसे आक्रामक रूपों में से एक है और आमतौर पर इसका इलाज सर्जरी, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी से किया जाता है। यह सभी ब्रेस्ट कैंसर के मामलों का लगभग 10-15% होता है।

### जंगल से निकल मंदिर की सीढ़ियों पर पहुंच गया शेर डरकर भागने लगे श्रद्धालु



**नई दिल्ली।** इंटरनेट पर एक बेहद हैरान और डराने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो देखने के बाद आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। यह मामला गुजरात के विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थधाम पालिताना का है। यहां पर 22 दिसंबर की सुबह शत्रुंजय पर्वत की सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं के सामने अचानक बब्बर शेर आ गया। यात्रा के रास्ते शेर को घूमता देख वहां मौजूग श्रद्धालुओं की सांसें रुक गईं। बीते दो महीनों में दूसरी इस पवित्र पर्वत पर शेर नजर आया है।

**लोगों के सामने आ गया अचानक शेर** : बताया जा रहा है कि रविवार सुबह 10 बजे का यह मामला है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए शत्रुंजय पर्वत पर चढ़ाई कर रहे थे और कुछ लोग नीचे की तरफ उतर रहे थे। इसी दौरान अचानक सीढ़ियों पर एक शेर टहलता हुआ आ पहुंचा। सामने शेर को देखकर वहां भगदड़ जैसा माहौल हो गया। वायरल वीडियो में डर का माहौल साफ देख सकते हैं। वीडियो में एक युवक को डरकर चिल्लाते हुए सुना जा सकता है कि ए भाई, इस साइड आ रहा है। कुछ महिलाएं एक-दूसरे को शांत रहने और शोर न मचाने की बात कह रही हैं। डर के माहौल में भी कुछ श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डगमगाई और वे 'जय आदिनाथ' का जाप करते हुए भगवान को याद करने लगे।


**किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा**

वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग ने भी इसकी पुष्टि की है। फॉरेस्ट अधिकारी एस.डी. बारैया ने मीडिया को जानकारी दी कि यह वीडियो 22 दिसंबर, 2025 की सुबह का ही है। उन्होंने बताया कि शत्रुंजय गिरिराज पर्वत जंगल क्षेत्र का ही इलाका है, इसलिए अक्सर वन्यजीव एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल करते हैं। अच्छी बात यह है कि इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। वन विभाग ने कहा कि इलाके में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। साथ ही यात्रियों से अपील की जा रही है कि अगर जंगल क्षेत्र में कोई जंगली जानवर नजर आए शोर मचाने या वीडियो बनाने के लिए पास जाने की गलती न करें, बल्कि शांति बनाकर रखें।

# दुनिया की सबसे अनोखी जगह, जहां 82 साल से रुका हुआ है समय!

**लंदन।** दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जिनके बारे में जानकर लोग चौंक जाते हैं। अक्सर लोग इनकी चर्चा करते हैं। धरती पर एक ऐसा ही गांव जिसकी समय-समय चर्चा होती है। यहां गांव इंग्लैंड में स्थित हैं। यहां पर जाने पर पता चलता है कि समय थम गया है। गांव में घर, गलियां, चौराहे, लैंपपोस्ट सब 20वीं सदी के शुरुआत की तरह ही हैं। इस गांव में आने वाले को ऐसा लगता है, जैसे वो एक सदी पीछे चला गया हो।

साल 1943 टाइनहम गांव के लिए अहम साबित हुआ। ब्रिटिश सेना ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान इस गांव को कब्जे में ले लिया, क्योंकि यहां पर सैन्य ट्रेनिंग होनी थी। लुलवर्थ फायरिंग रेंज के पास यह गांव है। इसकी वजह से इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना गया। सेना के आदेश के बाद पूरे गांव को खाली करा दिया गया, जिसने सैकड़ों जिंदगियों को हमेशा के लिए बदलकर रख दिया। यहां के रहने वाले लोग अपना बलिदान राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में मानते हुए गांव खाली कर दिया। लोगों को युद्ध खत्म होने के बाद लौटने की उम्मीद थी।



### कभी नहीं लौट पाए यहां के निवासी

पत्थर के घर, सुनसान सड़कें और खामोशी अभी उन लोगों की याद दिलाती है, जो कभी यहां पर हंसी-खुशी के साथ अपने परिवार के साथ रहते थे। यह गांव आज भी अपने बीते कल को सीने से लगाए है। यहां पर एक समृद्ध समुदाय के लोग रहते थे। गांव को छोड़ने के बाद उन्हें फिर कभी वापस लौटने की इजाजत नहीं दी गई। टाइनहैम गांव ब्रिटिश इतिहास का एक अनोखा हिस्सा है। अतीत का एक ऐसा अवशेष जो स्मृतियों में हमेशा याद रखा जाएगा।

# दुनिया की ऐसी 7 जगह जो दिखती तो सुंदर हैं, लेकिन वहां जाना मौत से मिलने जैसा

दुनिया में खूबसूरत जगहों की कोई कमी नहीं है, लेकिन कुछ जगहें जितनी आकर्षक होती हैं, उतनी ही खतरनाक भी साबित हो सकती हैं। ये डेस्टिनेशन अपने असाधारण प्राकृतिक हालात और अनछुए माहौल से एडवेंचर पसंद करने वालों को अपनी ओर खींचते हैं, लेकिन इन्हें देखने के लिए बहुत हिम्मत, तैयारी और रिस्क लेने का जुनून चाहिए। हालांकि, इनमें से कुछ जगहें इतनी खतरनाक हैं कि वहां जाने के लिए आपको खास परमिट की ज़रूरत होती है, और कुछ तो इंसानों के लिए बैन भी हैं।

### जहरीले सांपों का घर स्नेक आइलैंड, ब्राज़ील




ब्राज़ील के तट पर बसा यह आइलैंड दुनिया के सबसे ज़हरीले सांपों का घर है। यहां दुर्लभ और बहुत खतरनाक प्रजाति, गोल्डन लांसहेड वाइपर, पाई जाती है, और इनकी संख्या इतनी ज़्यादा है कि हर कदम पर सांप मिलने की संभावना है। सुरक्षा कारणों से, इस जगह पर टूरिस्ट की एंट्री पूरी तरह से मना है।

### नॉर्थ सेंटिनल आइलैंड, इंडिया



अंडमान आइलैंड का हिस्सा, यह आइलैंड सेंटिनलीज़ ट्राइब के लिए जाना जाता है, जो वहां बाहरी दुनिया से पूरी तरह अलग-थलग रहते हैं। वे बाहरी लोगों को पास आने नहीं देते और गुस्से में रिएक्ट करते हैं। वहां जाना न सिर्फ गैर-कानूनी है बल्कि जानलेवा भी हो सकता है।

### डानाकिल डिप्रेशन इथियोपिया



धरती की सबसे गर्म जगहों में से एक माना जाने वाला डानाकिल डिप्रेशन ज्वालामुखी एक्टिविटी, एसिडिक झीलों और ज़हरीली गैसों के लिए जाना जाता है। दिन में टेम्परेचर 50 डिग्री सेल्सियस से ज़्यादा हो सकता है। इसके रंगीन लेकिन खतरनाक सल्फर पूल इसे खूबसूरत और डरावना दोनों बनाते हैं जिससे यह दुनिया की सबसे खतरनाक जगहों में से एक बन जाती है।

### डेथ वैली सबसे सूखी जगह, यूएसए



कैलिफ़ोर्निया और नेवाडा के बीच मौजूद, डेथ वैली दुनिया की सबसे गर्म और सबसे सूखी जगह है। यहां टेम्परेचर अक्सर 54 डिग्री सेल्सियस से ज़्यादा हो जाता है। पानी और छांव की कमी से हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा होता है। इसलिए, बिना तैयारी के जाना जानलेवा हो सकता है।

### बिकिनी एटोल, मार्शल आइलैंड्स

यह शांत दिखने वाला आइलैंड कभी न्यूक्लियर टेस्टिंग सेंटर था। मिट्टी, पानी और समुद्री जीवों में रेडिएशन की मौजूदगी जानलेवा है। इसके अलावा, आस-पास के पानी में बड़ी संख्या में शार्क रहती हैं, जो इंसानों के लिए खतरनाक हैं।



### माउंट एवरेस्ट, नेपाल

दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना हर माउंटेन क्लाइंबर का सपना होता है, लेकिन यह बहुत खतरनाक जगह भी है। ऑक्सीजन की कमी, एवलांच, बहुत ज़्यादा ठंड और ट्रैफिक जाम जैसी दिक्कतें इसे जानलेवा बना देती हैं। इस चैलेंज को पूरा करने की कोशिश में कई क्लाइंबर अपनी जान गँवा चुके हैं।

### लेक नेट्रॉन, तंजानिया

यह नमकीन झील अपने एल्कलाइन पानी और लाल रंग के लिए मशहूर है। ऐसा ज्वालामुखी की एक्टिविटी की वजह से होता है, और पानी को छूने से जलन हो सकती है और मौत भी हो सकती है।


## वैज्ञानिक हैरान, अब प्राचीन इतिहास का खुलेगा रहस्य

# मुस्लिम देश मिस्र में मिला 4500 साल पुराना सूर्य मंदिर

**काहिरा।** मिस्र में पुरातत्वविदों ने 4,500 साल पुराना सूर्य देव का मंदिर खोजा है। राजधानी काहिरा में यह खोज हुई है। इस मंदिर से मिस्र की प्राचीन सभ्यता की महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से मिस्र के प्राचीन इतिहास को जानने में मदद मिल सकती है। पुरातत्व विभाग ने मिस्र की राजधानी काहिरा में एक खोज की है, जिसने दुनिया को हैरान कर दिया है। यहां पर एक सूर्य मंदिर खोजा गया है, जो करीब 4500 साल पुराना है। प्राचीन समय में इस मंदिर के कुछ हिस्सों को तोड़ दिया गया, जहां पर पांचवें साम्राज्य के छठे राजा ने अपने मंदिर का निर्माण कराया। पुरातत्व विभाग ने कई वर्षों की खोज और कड़ी मेहनत के बाद ऐतिहासिक मंदिर के अवशेषों को सुरक्षित ढंग से खोजा है। यह मिस्र की प्राचीन सभ्यता की महत्वपूर्ण झलक दिखाता है। मिस्र के पुरावशेष और पर्यटन मंत्रालय की तरफ से मंदिर की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर की गई हैं। मंत्रालय ने बताया इटली और पोलैंड के संयुक्त आर्कियोलॉजिकल मिशन के तहत यह खोज की गई है।

### क्या-क्या खोज में मिला?

इटली और पोलैंड की संयुक्त खोज टीम ने मंदिर के अंदर से मिट्टी के बर्तन और बियर ग्लास भी खोजे हैं, जिससे प्राचीन मिस्र के जीवन और पूजा पद्धति को समझने में मदद मिल सकती है। मंदिर के अवशेषों में पांचवें साम्राज्य के राजाओं के नाम वाले कुछ टिकट खोजे गए हैं। पुरावशेष और पर्यटन मंत्रालय ने बताया कि मंदिर की इमारत के कुछ हिस्सों को बाद में पांचवें साम्राज्य के छठे फारोह ने ध्वस्त करवा दिया था। उन्होंने अपना मंदिर बनवाने के लिए ऐसा किया।



### विज्ञान और खगोल ज्ञान का केंद्र भी था मंदिर

वैज्ञानिकों ने मंदिर के अंदर पत्थरों पर उकेरा धार्मिक कैलेंडर खोजा है। इसमें सोकार, मिन और रा से जुड़े त्योहारों की जानकारी दी गई है। सबसे खास बात यह है कि मंदिर की छत का इस्तेमाल तारों और ग्रहों के अध्ययन के लिए होता था। इससे पता चलता है कि यह पूजा स्थल नहीं, बल्कि विज्ञान और खगोल ज्ञान का केंद्र भी था।

### 10 हजार वर्ग फीट में फैला था मंदिर

मंदिर करीब 10,000 वर्ग फीट में फैला था। इसकी भव्यता का अंदाजा सफेद चूना पत्थर की नक्काशी, ग्रेनाइट के स्तंभ, गलियारे और छत तक जाने वाली सीढ़ियों से लगाया जा सकता है। इसमें एक ढलान भी खोजी गई, जो नील नदी या उसकी किसी शाखा से जुड़ी मानी जा रही है। संभावना है कि नावों से श्रद्धालु यहां आते थे।



- एलन शिक्षा संबल अभियान के तीसरे सत्र के रजिस्ट्रेशन शुरू
- एलन कोटा में 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ नीट की नि:शुल्क कोचिंग
- एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निशुल्क भोजन व आवास व्यवस्था

# एलन कोटा देगा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नीट की नि:शुल्क कोचिंग



**कोटा।** एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एलन शिक्षा संबल अभियान निःशुल्क नीट कोचिंग के तीसरे सत्र की प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। एलन परिवार के पितृ पुरुष लक्ष्मीनारायण माहेश्वरी की पुण्यतिथि के अवसर पर यह शुरुआत की गई। एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने संकल्प कैम्पस में वीडियो बटन दबाकर व पोस्टर विमोचन कर यह शुरुआत की। इच्छुक विद्यार्थी https://lnmp-nyas.org/ पर आवेदन कर सकते हैं।

इस योजना के तहत उत्तर भारत के हिन्दी भाषी प्रदेशों के सरकारी स्कूलों के चयनित 126 विद्यार्थियों को नीट-यूजी के लिए निशुल्क कोचिंग के साथ-साथ निशुल्क आवास व भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसमें 81 छात्राएं एवं 45 छात्र शामिल हैं। योजना के तहत एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की एक साल के लिए निशुल्क कोचिंग (100 प्रतिशत स्कॉलरशिप) दी जा रही है। वहीं एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से इन विद्यार्थियों के निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है।

निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि पिता श्री एलएन माहेश्वरी जी ने हमेशा शिक्षा के लिए प्रेरित किया। वे बच्चों की पढ़ाई के प्रति बहुत सरोकार रखते थे और इसके लिए मदद भी किया करते थे। इन्हीं संस्कारों से प्रेरित होकर, उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए यह पहल शुरू की गई है। ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाते हुए उनके सपने सच करना ही ध्येय है। शिक्षा संबल योजना के तहत मध्य भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के हिन्दी माध्यम के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन की वरीयता के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी के लिए चुना जाता है। विद्यार्थियों को एलन कोटा के बारां रोड नया नोहरा स्थित सुपथ कैम्पस में निशुल्क कोचिंग दी जाती है। इसके साथ ही एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निकट के हॉस्टल्स में निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था की जाती है। पहले वर्ष में 105 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा दी, जिसमें से 103 ने नीट क्वालीफाई किया। दो स्टूडेंट्स राजकीय मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत हैं। दूसरे वर्ष के विद्यार्थी नीट-2026 में प्रवेशित होंगे।

# इस शापित गांव की कहानी है रहस्यमयी, जहां बड़ी होते ही लड़कियां बन जाती हैं लड़का



**रोसेउ।** किसी का लड़का या लड़की के रूप में जन्म लेना कुदरत की देन है। जन्म से पहले ही इंसान का जेंडर तय हो जाता है। लेकिन, इंसानों ने इतनी तरक्की कर ली है कि सर्जरी के जरिए अब जेंडर तक बदला जा सकता है। दुनिया में कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने सर्जरी के माध्यम से अपना जेंडर बदल दिया है। हालांकि, ऐसा सर्जरी के माध्यम से ही संभव है, लेकिन क्या आपको पता है कि धरती पर एक ऐसा भी गांव है जहां एक उम्र के बाद लड़कियां लड़का बन जाती हैं, वो भी बिना किसी सर्जरी के? ये बात हैरान करने वाली जरूर है, लेकिन बिल्कुल सच है।

इस गांव का नाम है ला सेलिनास जो कि डोमिनिकन रिपब्लिक देश में है। इस गांव की कई लड़कियां 12 साल की उम्र में आते-आते लड़के में तब्दील होने लगती हैं। लड़कियों के साथ ऐसा क्यों होता है, इस रहस्य का आज तक वैज्ञानिक भी पता नहीं लगा पाए हैं, लेकिन लड़कियों के साथ होने वाले इस बदलाव की वजह से लोग इस गांव को श्रापित गांव मानते हैं। ला सेलिनास गांव की लड़कियों के लड़का बनने की अजीब बीमारी की वजह से यहां के लोग बेहद परेशान रहते हैं। कई लोग तो ये भी मानते हैं कि इस गांव में किसी अदृश्य शक्ति का साया है। वहीं, कुछ बुजुर्ग गांव को श्रापित मानते हैं। इस गांव में ऐसे बच्चों को 'ग्वेदोचे' कहा जाता है।

आलम यह है कि इस गांव के लोग लड़कियों के पैदा होने से घबराते हैं। सिर्फ यहीं नहीं, जब गांव में किसी के घर लड़की का जन्म होता है तो उस परिवार में मातम पसर जाता है, क्योंकि उन्हें डर होता है कि उनकी बेटी बड़ी होने पर लड़का बन जाएगी। इस बीमारी की वजह से गांव में लड़कियों की संख्या भी काफी कम होती जा रही है। ये गांव समुद्र किनारे बसा हुआ है और गांव की आबादी करीब 6 हजार है।

अजीब रहस्य की वजह से ये गांव दुनियाभर के शोधकर्ताओं के लिए रिसर्च का विषय बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ डॉक्टर्स कहते हैं कि ये बीमारी 'आनुवंशिक विकार' है। इस गांव में 90 में से 1 एक बच्चा इस बीमारी से ग्रसित होता है। जिन भी लड़कियों को ये बीमारी होती है, एक उम्र के बाद उनके शरीर में पुरूषों जैसे अंग बनने लगते हैं। साथ ही उनकी आवाज भारी होने लगती और शरीर में वो बदलाव आने शुरू हो जाते हैं जो धीरे-धीरे उन्हें लड़की से लड़का बना देते हैं।



# सचिन तेंदुलकर बने टुजोन सोलर के रणनीतिक साझेदार

**मुंबई।** सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख ब्रांड टुजोन सोलर ने महान क्रिकेटर और वैश्विक आइकन सचिन तेंदुलकर के साथ रणनीतिक निवेश एवं दीर्घकालिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी कंपनी के विस्तार, निष्पादन क्षमताओं और परिचालन ढांचे को मजबूत करेगी तथा 2030 तक भारत की शीर्ष तीन सोलर ईपीसी कंपनियों में शामिल होने के लक्ष्य को गति देगी। टुजोन सोलर तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में मजबूत उपस्थिति के साथ उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा और केरल में विस्तार करेगी। कंपनी रूफटॉप, यूटिलिटी-स्केल, पीएम-कुसुम, कृषि सोलर और O&M सेवाओं सहित एंड-टू-एंड सोलर समाधान प्रदान करती है। यह साझेदारी भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान देते हुए स्वच्छ और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# वियतनाम में जाते ही आपको आएगी रईसों वाली फीलिंग

## जहां आपके 10 रुपए बन जाते हैं 3 हजार

**इनोई।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है जहां लोग बता रहे हैं कि दुनिया का वो देश कौन सा है जहां भारतीय रुपये की वैल्यू इतनी ज्यादा हो जाती है कि पहुंचते ही अमीर वाली फीलिंग आने लगती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं वियतनाम की, जहां वर्तमान एक्सचेंज रेट के अनुसार 1 भारतीय रुपया करीब 290-295 वियतनामी डोंग के बराबर है। यानी आपके 10 रुपए वहां बदलते ही लगभग 3000 डोंग बन जाते हैं। ढेर सारे हाई डेनॉमिनेशन नोट्स हाथ में देखकर हर भारतीय टूरिस्ट को मिलियनेयर जैसा फील होता है। वियतनाम की करेंसी है वियतनामी डोंग और इसके नोट्स पर राष्ट्रपिता हो ची मिन्ह की तस्वीर छपी होती है। सबसे बड़े नोट 5 लाख डोंग के होते हैं, जो भारतीय रुपए में सिर्फ 1700-1800 रुपए के बराबर होते हैं। लेकिन, जब आप एक्सचेंज कराते हैं तो जेब में लाखों-करोड़ों डोंग आ जाते हैं, जो देखने में बेहद मजेदार लगता है। 2025 में भी यहां एक्सचेंज रेट स्थिर है, जहां 1 आईएनआर = लगभग 292 वीएनडी है। हालांकि, रेट रोज बदलते हैं।



लेकिन वियतनाम हमेशा भारतीयों के लिए सस्ता रहा है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, हर साल लाखों भारतीय वियतनाम घूमने आते हैं। वियतनाम की खूबसूरती भी कमाल की है। यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट हा लॉन्ग बे की नीली पानी वाली खाड़ी, हजारों द्वीप और गुफाएं देखकर मन मोहित हो जाता है। हनोई की पुरानी गलियां, स्ट्रीट फूड मार्केट और हो ची मिन्ह की जीवंत नाइट लाइफ काफी लुभावनी है। दक्षिण में मेकॉन्ग डेल्टा की नदी यात्रा और बीचेस पर रिलैक्स करना लोगों को पसंद आता है। यहां हर तरह का ट्रैवलर खुश हो जाता है चाहे वो एडवेंचर, कल्चर, फूड या लग्जरी पसंद करने वाला हो।

### अमीरों जैसा करें फील

भारतीय टूरिस्ट्स अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करते हैं जहां वे ढेर सारे डोंग नोट्स पकड़े मुस्कुरा रहे होते हैं। लेकिन, यह सिर्फ नंबर गेम नहीं है। वियतनाम में चीजें वाकई सस्ती हैं। एक प्लेट फेमस फो सूप (नूडल सूप) मात्र 30 हजार -50 हजार डोंग में मिल जाता है, जो 100-170 रुपए होते हैं। स्ट्रीट फूड, कॉफी और लोकल ट्रांसपोर्ट बेहद अफोर्डेबल है। हा लॉन्ग बे पर लग्जरी क्रूज, जो भारत में हजारों रुपए खर्च कराती है, वहां बजट में हो जाती है। हनोई, हो ची मिन्ह सिटी, दा नांग और होइ आन जैसे शहरों में होटल, स्पा और शॉपिंग भारतीयों के लिए जन्नत जैसी लगती है। पिछले कुछ सालों में वियतनाम भारतीय टूरिस्ट्स की टॉप डेस्टिनेशन बन गया है। इसकी वजह है आसान वीजा (ई-वीजा या वीजा ऑन अराइवल), सस्ती फ्लाइट्स और मजबूत रुपये की वैल्यू।

### ठंड शबाब पर, सुबह के वक्त घना कोहरा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ठंड अपने शबाब पर है, साथ ही सुबह के वक्त छाने वाले घना कोहरा भी परेशानी का कारण बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा इसे लेकर चौबीस घंटे का अलर्ट भी जारी किया है। अभी अंबिकापुर के सीमावर्ती इलाकों में रिकार्डतोड़ ठंड पड़ रही है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## लाखों साल पहले धरती पर करता था राज

# 1500 किलो का जंगली गुंडा जिसके सामने हाथी भी लगते थे बच्चे

**न्यूयार्क।** दुनिया से सबसे बड़े भालुओं (ध्रुवीय भालू) के आने से बहुत पहले दक्षिण अमेरिका में एक ऐसा विशाल जीव रहता था जिससे सभी जानवरों की रूह कांपती थी। इसका नाम था आर्कटोथेरियम एंगुस्टिडेंस। यह इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा भालू माना जाता है। जब यह अपने पैरों पर खड़ा होता था तो इसकी ऊंचाई 3.5 मीटर तक पहुंच जाती थी। इसका वजन 1,500 किलो से भी ज्यादा था। आज के समय का सबसे बड़ा ध्रुवीय भालू लगभग 700 किलो का होता है।


**कितने साल पहले रहता था भालू :** यह विशालकाय भालू आज से लगभग 10 से 20 लाख पहले धरती पर रहता था। उस समय दुनिया में हाथी जैसे दिखने वाले मैस्टोडॉन और स्लॉथ जैसे बड़े जानवर पाए जाते थे। इसके अवशेष मुख्य रूप से अर्जेंटीना, उरुग्वे और ब्राजील में मिले हैं। यह दक्षिण अमेरिका के उन बड़े मैदानों और जंगलों में रहता था जहां शिकार के लिए कई सारे जानवर थे।

### बेहद खतरनाक था ये भालू



वैज्ञानिकों का मानना है कि यह विशालकाय भालू खाने के मामले में बहुत खतरनाक था। यह मांस और पेड़-पौधे दोनों खाता था, लेकिन ज्यादातर यह मांस पर ही निर्भर रहता था। यह अपने समय के बड़े, लेकिन कमजोर शाकाहारी जानवरों का शिकार आसानी से कर लेता था। उस समय के खूंखार जानवर, यहां तक की हाथी भी इसके सामने नहीं टिकते थे। सीधे शब्दों में कहें तो यह उस समय जंगल का ऐसा गुंडा था जिससे सब डरते थे।

## शब्द पहेली - 6087



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

### शब्द पहेली -6086 का हल



## सूडोकु नवताल - 6097

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6096 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

क्रिसमस से पहले ट्रंप का अवैध प्रवासियों को ऑफर

# 2.7 लाख लो और अमेरिका छोड़ो, स्वदेश जाने के लिए फ्री फ्लाइट भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में रहने वाले अवैध प्रवासियों को ट्रंप ने जबरदस्त क्रिसमस ऑफ दिया है। उन्होंने अमेरिका छोड़कर जाने के लिए तीन गुना बड़ी रकम की पेशकश की है। ट्रंप का कहना है कि धनराशि के साथ-साथ अमेरिकी सरकार उनके लौटने का खर्च उठाएगी। अमेरिका के होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने अवैध प्रवासियों को 3000 डॉलर (लगभग 2 लाख 70 हजार रुपए) देने की घोषणा की है। अगर वो इस साल के अंत तक अमेरिका से बाहर जाने के लिए राजी हो जाते हैं, तो वो इस राशि के हकदार होंगे।

*मई में ट्रंप की टीम ने अवैध प्रवासियों को देश छोड़कर जाने के बदले 1000 डॉलर देने की घोषणा की थी, जिसे अब क्रिसमस पर बढ़ाकर तीन गुना कर दिया गया है। ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों को जल्द से जल्द देश से निकालने के लिए यह कदम उठाया है*

अवैध प्रवासियों पर लगे जुर्माने रद्द होंगे

सुरक्षित घर पहुंचाने की जिम्मेदारी भी ली


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### सीबीपी के पास करें आवेदन

डीएचएस ने बयान जारी करते हुए कहा कि जो भी अवैध प्रवासी इस साल के अंत तक डिपोर्टेशन के लिए कस्टम एंड बॉर्डर पुलिस (सीबीपी) के पास आवेदन करेंगे, उन्हें 3000 डॉलर समेत स्वदेश जाने के लिए फ्री फ्लाइट मुहैया करवाई जाएगी। इसके अलावा उनपर लगे सभी तरह के जुर्माने भी रद्द कर दिए जाएंगे। बता दें मई में ट्रंप की टीम ने अवैध प्रवासियों को देश छोड़कर जाने के बदले 1000 डॉलर देने की घोषणा की थी, जिसे अब क्रिसमस पर बढ़ाकर तीन गुना कर दिया गया है। ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों को जल्द से जल्द देश से निकालने के लिए यह कदम उठाया है।

### » एप डाउनलोड कर भरें जानकारी

डीएचएस के अनुसार कि सीबीपी का ऐप डाउनलोड करके अवैध प्रवासी अपनी जानकारी भर सकते हैं। आगे की कार्रवाई खुद डीएचएस करेगा। उन्हें पैसा देने के लेकर फ्लाइट मुहैया कराने और सुरक्षित घर पहुंचाने की जिम्मेदारी डीएचएस की होगी।
**प्रशासन ने दी चेतावनी:** डीएचएस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि इस खास ऑफर का फायदा उठाना ही अवैध प्रवासियों के पास एकमात्र विकल्प है। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो उन्हें गिरफ्तार करके डिपोर्ट किया जाएगा और दोबारा उन्हें कभी अमेरिका में घुसने का मौका नहीं मिलेगा।

सूडान के पीएम ने पेश की शांति योजना

### अमेरिका ने मानवीय संघर्षविराम का आग्रह किया

*सूडान के पीएम ने प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के साथ लगभग 1,000 दिनों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए सोमवार को एक शांति पहल का प्रस्ताव रखा लेकिन अमेरिका ने दोनों पक्षों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तत्काल मानवीय संघर्षविराम के आह्वान को स्वीकार करने का आग्रह किया। सूडान की असैन्य सरकार का नेतृत्व कर रहे कामिल इदरीस ने सुरक्षा परिषद को बताया कि उनकी योजना में संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ और अरब लीग की निगरानी में संघर्षविराम, अर्धसैनिक बलों की उनके कब्जे वाले सभी इलाकों से वापसी, उन्हें निगरानी वाले शिविरों में रखा जाना और उनका निरस्त्रीकरण शामिल है। इदरीस से पहले परिषद को संबोधित करते हुए अमेरिका के उप राजदूत जेफ्री बार्टोस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने आगे बढ़ने के रास्ते के रूप में एक मानवीय संघर्षविराम समझौते की पेशकश की है और हम दोनों पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे बिना किसी शर्त के इस योजना को तुरंत स्वीकार करें।*

## खबर संक्षेप

### पत्नी उषा पर कमेंट करने वालों को वेंस ने लताड़ा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दक्षिणपंथी कमेंटेटर निक फुएंतेस और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की प्रेस सेक्रेटरी जेन साकी पर पलटवार किया है। दोनों ने वेंस की पत्नी उषा वेंस को निशाना बनाते हुए यहूदी-विरोधी और भारत-विरोधी टिप्पणियां की थीं। जेडी वेंस ने कहा कि जो कोई भी मेरी पत्नी पर हमला करता है, वह भाड़ में जाए। कंजर्वेटिव आंदोलन के अंदर यहूदी-विरोध या सभी तरह की जातीय नफरत स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आप किसी पर इसलिए हमला कर रहे हों क्योंकि वह गोरा या काला या यहूदी है।



### एनआईए ने डॉ. फई की संपत्ति जब्त का दिया आदेश

**बड़गाम।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने मंगलवार को अमेरिकी निवासी कश्मीरी लॉबिस्ट गुलाम नबी शाह उर्फ़ डॉ. फई की 1.5 कनाल से जमीन अटैच करने का बड़ा आदेश जारी किया है। यह फैसला 2020 में दर्ज आतंकवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान लिया गया, जिसमें डॉ. फई की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। उन्हें पहले ही भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। कोर्ट के जज याहया फिरदौस ने मोहम्मद इकबाल राठेर की ओर से दाखिल आवेदन पर यह आदेश सुनाया।



### यूएस नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 5 की मौत

**गैलवेस्टन।** अमेरिका के मेक्सिको की नौसेना का एक छोटा विमान सोमवार को गैलवेस्टन के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी और टेक्सास तट पर अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। इस विमान में एक मरीज और सात अन्य लोग सवार थे। नौसेना ने कहा कि विमान में सवार 8 लोगों में से चार नौसेना के अधिकारी थे और चार आम नागरिक थे, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था। यह दुर्घटना सोमवार दोपहर को गैलवेस्टन के पास हुई जो ह्यूस्टन से लगभग 80.5 किलो दक्षिण-पूर्व में टेक्सास तट पर स्थित है।



जयशंकर की श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात

## 'सागर बंधु' के तहत 450 मिलियन डॉलर का पैकेज


श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात करते जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को कोलंबो में अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और चक्रवात दितवाह के बाद भारत की ओर से एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी श्रीलंकाई राष्ट्रपति तक पहुंचाईं। विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका के लिए 450 मिलियन डॉलर (45 करोड़ डॉलर) के पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा भी की। इस पैकेज के तहत सड़कों, रेलवे और पुलों की मरम्मत और बहाली, और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों का निर्माण, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों को सहायता, कृषि क्षेत्र में सहयोग और आपदा प्रबंधन व तैयारी को मजबूत करने जैसे कार्य शामिल होंगे।

### *भारत की एकजुटता का दिया संदेश*

*जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि कोलंबो में राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके से मिलकर प्रसन्नता हुई। चक्रवात दितवाह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं और भारत की एकजुटता का संदेश दिया। 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता की भूमिका निभाते हुए भारत श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है और यह सहयोग पड़ोसी पहले नीति, सभ्यतागत संबंधों और विजन महासागर पर आधारित है। भारत ने 28 नवंबर को चक्रवात के तुरंत बाद ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया था, जिसके तहत श्रीलंका को मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान की जा रही है।*

### श्रीलंकाई पीएम अमरसूर्या से की मुलाकात



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोलंबो में श्रीलंका की पीएम डॉ. हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात की और चक्रवात दितवाह के बाद श्रीलंका के पुनर्निर्माण में भारत की अटूट प्रतिबद्धता का भरोसा दिलाया। वहीं, श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेरथ ने भारत द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत दी जा रही सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया।

पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के साथ हुए समझौते को बताया ऐतिहासिक

# देश का पहला एफटीए जिसमें भारत की ओर से बातचीत में शामिल सभी सदस्य महिलाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के साथ हुए इस एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता भी है

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) एक ऐतिहासिक समझौता है और यह देश का पहला महिलाओं के नेतृत्व वाला एफटीए है। इस एफटीए के लिए न्यूजीलैंड से बातचीत हेतु बनाई गई पूरी टीम की सभी सदस्य महिलाएं ही थीं।

पीएम मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखित एक आर्टिकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया, जिसमें बताया गया है कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते आज केवल शुल्क कटौती से कहीं अधिक हैं और यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं।

■ एफटीए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मिशन

पीएम ने कहा कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह भारत का पहला महिला नेतृत्व वाला मुक्त व्यापार समझौता है। वार्ता टीम में लगभग सभी महिलाएं शामिल थीं।

भारतीय वस्तुओं को बेहतर बाजार मिलेगा अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को फायदा होगा


पीएम मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन

### भारतीय निर्यात पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म

*न्यूजीलैंड के साथ हुए इस एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता भी है। न्यूजीलैंड का मार्केट एक्सेस ऑफर 'एंट्री इनटू फोर्स' (ईआईएफ) से न्यूजीलैंड की 100 प्रतिशत टैरिफ लाइनों (8,284 टैरिफ लाइनें) पर तुरंत ड्यूटी खत्म (जीरो ड्यूटी) हो जाएगी।*

### *आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे*

*पीएम मोदी ने कहा कि यह मुक्त व्यापार समझौता भारत की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो व्यापक आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खोलता है। भारतीय वस्तुओं के लिए बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करके, सेवाओं और परिवहन में अवसरों का विस्तार करके और कृषि, निवेश एवं उभरते क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करके, यह समझौता अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ठोस और व्यापक लाभ प्रदान करता है।*

**विश्व में भारत की स्थिति मजबूत होगी**

*सरकार के अनुसार किसानों और एमएसएमई से लेकर छात्रों और कुशल प्रोफेशनल्स तक, इस समझौते से बड़े पैमाने पर फायदा होने की उम्मीद है, जिससे एक भरोसेमंद, दूरदर्शी वैश्विक भागीदार के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी और विश्व स्तर पर एकीकृत विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाया जाएगा।*

न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री पीटर्स का ऐलान

### भारत के साथ एफटीए बुरा सौदा संसद में करेंगे विरोध

न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए इसे न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी न्यूजीलैंड फर्स्ट इसका विरोध करती है क्योंकि भारत ने न्यूजीलैंड के प्रमुख डेयरी निर्यात पर लगे महत्वपूर्ण टैरिफ को कम करने पर सहमति नहीं जताई है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश, यह न्यूजीलैंड के लिए एक बुरा सौदा है जिसमें दूध, पनीर और मक्खन जैसे प्रमुख डेयरी उत्पादों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि संसद में बहुमत प्राप्त होगा या नहीं, इस अनिश्चितता के बावजूद समझौते पर हस्ताक्षर न करें।



## 'प्रचंड' हेलिकॉप्टर बनेंगे दुश्मन के काल


**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना अपने हेलिकॉप्टर बेड़े को आधुनिक बना रही है। इस बड़े बदलाव के तहत, वायुसेना अपने पुराने सोवियत-निर्मित एमआई-35 अटैक हेलिकॉप्टरों को रिटायर करने की तैयारी कर रही है। इनकी जगह अब हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा बने 'प्रचंड' हेलिकॉप्टर लेंगे। 'प्रचंड' एक मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलिकॉप्टर है जिसे भारत की खास भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह दुनिया का एकमात्र अटैक हेलिकॉप्टर है जो 5,000 मीटर (लगभग 16,400 फीट) की ऊंचाई पर उतर और उड़ान भर सकता है।

*एयर मार्शल दीक्षित बोले*

## रक्षा तैयारियों व विकसित भारत के लिए क्रिटिकल मिनरल्स महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा तैयारियों और 'विकसित भारत 2047' के लिए क्रिटिकल मिनरल्स महत्वपूर्ण हैं। क्रिटिकल मिनरल्स अब राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा क्षमता निर्माण के प्रमुख रणनीतिक सक्षमकर्ता बन चुके हैं।



यह महत्वपूर्ण तथ्य चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड डिफेंस, एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सामने रखे हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक सैन्य प्रणालियां जैसे कि जेट इंजन, मिसाइलें, प्रिसिशन म्यूनिशन, रडार, नेविगेशन और संचार उपग्रह, बैटरी व सेमीकंडक्टर आदि की उन्नत तकनीकों का आधार खनिज आपूर्ति पर निर्भर है।

एयर मार्शल दीक्षित ने बताया कि क्रिटिकल मिनरल्स की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला अत्याधिक केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि कई देश अब इनकी निर्यात नीतियों का उपयोग भू-राजनीतिक दबाव के तौर पर कर रहे हैं। इस परिस्थिति में भारत की आयात निर्भरता रक्षा तैयारी के लिए रणनीतिक जोखिम बन सकती है।

'लाल आतंक' का सरेंडर

## ओडिशा में 1.84 करोड़ के इनामी 22 छग नक्सलियों ने डाले कई हथियार

एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के 22 नक्सलियों ने ओडिशा पुलिस के सामने सरेंडर किया है। एक-47, इंसास समेत कुल नौ हथियारों के साथ सरेंडर करने सभी नक्सली पहुंचे थे। इन नक्सलियों पर एक करोड़ 84 लाख 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। ये नक्सली कई हिंसक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं।

बताया जाता है कि ये सभी नक्सली बस्तर संभाग में कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। इन पर पुलिस ने कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था। सरेंडर करने वालों में डीवीसीएम, एसीएम रैंक के नक्सली हैं। वहीं अपने साथ एके-47, इंसास, एसएलआर जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी साथ लेकर आए हैं। ये सभी नक्सली दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी अंतर्गत केरलापाल एरिया कमेटी, जगरगुंडा एरिया कमेटी, प्लाटून 26 और प्लाटून 31 में सक्रिय थे।



## फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी ने बांग्लादेश के हालात पर जताई चिंता

चेतावनी दी पुराने दोस्तों को नजरअंदाज करने की न करे गलती

### रूस की नसीहत: भारत से बैर मतलब पूरे क्षेत्र के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभी तक पश्चिमी देशों की आलोचना झेल रही बांग्लादेश सरकार को अब रूस की तरफ से भी स्पष्ट संदेश मिला है। ढाका में रूसी राजदूत अलेक्जेंडर ग्रिगोरियेविच खोजिन ने जो कहा, वह एक तरह से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार यूनुस सरकार के लिए चेतावनी है।

उन्होंने कहा कि तनाव कम करना दोनों देशों और पूरे दक्षिण एशिया के लिए अहम है। भारत विरोधी भावनाओं को हवा दे रही यूनुस सरकार को रूसी राजदूत ने याद दिलाया कि 1971 में बांग्लादेश की आजादी में भारत की बड़ी भूमिका रही थी और उस समय रूस ने भी समर्थन दिया था। रूसी राजदूत का यह बयान कूटनीतिक भाषा में एक बड़ा इशारा है कि बांग्लादेश अपने उन पुराने दोस्तों भारत और रूस को नजरअंदाज करने की गलती न करे, जिन्होंने उसके अस्तित्व में भूमिका निभाई थी।


फ्रांसीसी राजदूत शार्लेट और जर्मन दूतावास की प्रभारी केर्स्टन ने ढाका का दौरा किया

### *फ्रांस-जर्मनी ने जताई प्रेस की आजादी*

*फ्रांस और जर्मनी ने बांग्लादेश को लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाई है। सोमवार को फ्रांसीसी राजदूत जीन-मार्क सेरे-शार्लेट और जर्मन दूतावास की प्रभारी अंजा केर्स्टन ने ढाका में उस जगह का दौरा किया, जो हाल ही में भीड़ के न्याय का गवाह बनी थी। राजनयिकों ने जली हुई इमारत, टूटे शीशे और उस पहली मंजिल का मुआयना किया जहां आग लगाई गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्रांस और जर्मनी प्रेस की आजादी के साथ खड़े हैं।*

### बांग्लादेश ने बंद की वीजा सेवाएं

बांग्लादेश ने भारत में अपनी वीजा सेवाएं बंद करने का एलान कर दिया है। इससे पहले भारत ने भी बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के चलते चटगांव में अपनी वीजा सेवाएं बंद करने की घोषणा की थी।

### यूनुस ने अमेरिका को मिलाया फोन

मोहम्मद यूनुस ने अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर से फोन पर बात की और आम चुनाव समय पर करने का भरोसा दिया।

मौलाना रहमान ने ल्यारी से मुनीर को ललकारा

## पाकिस्तान का काबुल पर अटैक सही तो 'धुरंधर' हिंदुस्तान ने क्या गलत किया?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तानी सरकार और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर से सवाल किया कि अगर अगर पाकिस्तान अफगानिस्तान में कार्रवाई को जायज ठहराता है, तो फिर भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर आतंकी ठिकानों पर हमले को गलत कैसे कह सकता है।

बॉलीवुड फिल्म धुरंधर से सुर्खियों में आए ल्यारी से रहमान ने कहा कि हमने अफगानिस्तान में अपने दुश्मन पर हमला किया और उसे सही ठहराते हैं। फिर हिंदुस्तान आपसे कहता है कि उसने बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी कैंप पर हमला कर पहलगाम हमले का बदला लिया तो फिर आप भारत की कार्रवाई पर एतराज क्यों कर रहे हैं? मौलाना फजलुर रहमान एक प्रमुख इस्लामी विद्वान और अनुभवी राजनेता हैं।



### झेलम और नीलम नदी का बहाव घटा

सिंधु जल पर पाकिस्तान के कमिश्नर सैयद मेहर अली शाह ने कहा कि झेलम नदी में मंगला बांध में पानी का बहाव कम हो रहा है। मंगला बांध पाकिस्तान के मीरपुर में है। यह बांध पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पानी सप्लाई करने का सबसे बड़ा सोर्स भी है। झेलम और नीलम नदियों में पानी का बहाव घटकर 3,000 क्यूसेक हो गया है, जो 5,000 क्यूसेक से काफी कम है।

# बॉक्सिंग डे मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान, कमिंस बाहर, मर्फी करेंगे टेस्ट डेब्यू

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में विश्राम दिया जाएगा जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड ने तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रख चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी लेकिन अगले मैच के लिए उन्हें विश्राम दिया जाएगा। कमिंस ने एडिलेड में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 82 रन की जीत के बाद कहा था कि उनका एमसीजी में खेलना मुश्किल है।






**ऑस्ट्रेलिया टीम:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।

### टी20 विश्व कप में कमिंस का खेलना संदिग्ध

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस का अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह पीठ की चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट में वापसी की और छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कमिंस अब इस श्रृंखला के बाकी बचे दो मैच में नहीं खेल पाएंगे और यहां तक कि उनका टी20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'विश्व कप का बेसब्री से इंतजार है। वह (कमिंस) इस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे या नहीं, मैं अभी इस बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कर सकता।

### स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

स्टीव स्मिथ अस्वस्थ होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन अब उनके ठीक होने की उम्मीद है। कमिंस की अनुपस्थिति में वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन टीम में वापस बुलाए जाने के बाद चार साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए दावेदार हैं। तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन चौका बचाने के लिए डाइव लगाते समय लियोन की हैमस्ट्रिंग में मोच आ गई। 38 वर्षीय लियोन अपने टेस्ट करियर में अधिकतर समय चोटों से मुक्त रहे। इससे पहले उन्हें एक बार 2023 में पिंडली की चोट के कारण एशेज टेस्ट मैच से बाहर होना पड़ा था। इंग्लैंड में खेली गई इस श्रृंखला में लियोन के चोटिल होने के बाद मर्फी ने दो टेस्ट खेले थे, जिसमें उन्होंने ओवल में छह विकेट लिए थे। एशेज श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हरमनप्रीत और सविता को सूरमा हॉकी क्लब की कमान



**नई दिल्ली।** स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर सविता आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में फिर से सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष और महिला टीमों की कमान संभालेंगे। मिडफील्डर सलीमा टेटे को महिला टीम की उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टीम का नेतृत्व करना विशेष होता है। पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रहने से हमारी क्षमता का पता चलता है और इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा मानना है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही संयोजन है।' महिला टीम पिछले साल उपविजेता रही थी, जिसमें सविता और सलीमा ने अहम भूमिका निभाई थी।

### स्ट्राइकर नेमार की हुई सर्जरी खेल सकते हैं विश्व कप

**साओ पाउलो।** स्टार स्ट्राइकर नेमार के बाएं घुटने की सर्जरी हुई है लेकिन उन्हें अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में खेलने और ब्राजील की तरफ से फाइनल में गोल करने की उम्मीद है। नेमार के क्लब सैंटोस ने बताया कि इस 33 वर्षीय खिलाड़ी के बाएं घुटने की मामूली सर्जरी हुई है। इस चोट के कारण वह इस साल लंबे समय तक बाहर रहे। उनकी आर्थोस्कोपी सर्जरी रोड्रिगो लास्मार ने की, जो ब्राजील टीम से भी जुड़े हुए हैं।



### कोच के रूप में भविष्य नियंत्रण में नहीं : मैकुलम

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ऑस्ट्रेलिया के हाथों एशेज श्रृंखला में हार के बावजूद अपने पद पर बने रहना चाहते हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में उनका भविष्य अब उनके नियंत्रण में नहीं है। इंग्लैंड ने पहले तीन टेस्ट मैचों के अंदर ही एशेज को 3-0 से गंवा दिया, जिसके बाद मैकुलम की भूमिका पर सवाल उठने लग गए हैं।




### आज सुबह 9 बजे से बेंगलुरु में घरेलू वनडे, खेलेंगे दिग्गज खिलाड़ी

# सितारों की मौजूदगी से दमकी विजय हजारे ट्रॉफी, कोहली-रोहित-गिल से बढ़ा रोमांच

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित कई शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों की उपस्थिति से 24 दिसंबर से शुरू होने वाले विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है, जिसमें इन दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की कतार में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम शामिल हैं, लेकिन कोहली और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं।

### घरेलू ट्रॉफी के दो मैच में खेलना अनिवार्य

कोहली और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। कोहली 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। यह दोनों खिलाड़ी अभी क्रिकेट जगत के स्टार हैं लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसका असर इन दोनों पर पड़ना लाजमी है।




### टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे पंत

खिलाड़ियों में पंत भी शामिल है, जो टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं। पंत विजय हजारे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अगस्त 2024 के बाद से वनडे या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।

### गिल करेंगे लय हासिल करने की कोशिश

गिल आगामी टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज पंजाब के लिए खेलते हुए अपनी निराशा को दूर करने का प्रयास करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे।

### तेज गेंदबाजों पर चयनकर्ताओं की निगाह

इस टूर्नामेंट में चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी। कुछ साल पहले मोहम्मद सिराज के रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद से कोई भी अन्य तेज गेंदबाज ऐसा करने में सफल नहीं रहा है। भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इस संदर्भ में गुरजपनीत सिंह (तमिलनाडु), गुरनूर बरार (पंजाब), युद्धवीर सिंह (जम्मू कश्मीर), अनुज ठकराल (हरियाणा) और साकिब हुसैन (बिहार) आदि खिलाड़ियों में चयनकर्ताओं की विशेष रुचि होगी।

**मुंबई की तरफ से खेलेंगे रोहित**

रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। कोहली ने मुंबई में भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन से दो या तीन मैच खेलेंगे। दिल्ली एलीट ग्रुप डी में बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यह मैच बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई) में खेला जाएगा क्योंकि कर्नाटक सरकार ने सुरक्षा कारणों से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैचों के आयोजन को अनुमति नहीं दी। दिल्ली का अगला मुकाबला गुजरात से होगा।

## आईसीसी रैंकिंग

# दुनिया की नंबर-1 गेंदबाज बनीं दीप्ति, मंधाना से छिना ताज

एजेंसी ⏭ दुबई

स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं। स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं।

- ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर दीप्ति




### जेमिमा पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर

विशाखापत्तनम में 44 गेंद में नाबाद 69 रन बनाकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं।

### वोलवार्ट ने स्मृति पर बनाई नौ अंक की बढ़त

आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच में 124 और नाबाद 100 रन बनाकर लगातार दो शतक जड़ने वाली वोलवार्ट ने स्मृति पर नौ अंक की बढ़त बना ली। वोलवार्ट ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 820 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस 45 और 64 रन की पारियों के बाद चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी टीम की साथी ऐमी हंटर 31वें से 28वें स्थान पर पहुंच गईं जबकि दक्षिण अफ्रीका की सुने लुस (सात स्थान ऊपर 34वें स्थान पर) और डेन वैन नीकर्क (24 स्थान ऊपर 95वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।






# मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराया स्ट्राइकर सलाह ने दागा शानदार गोल

एजेंसी ⏭ रबात

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के गोल की मदद से मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 129वें स्थान की टीम जिम्बाब्वे ने मिस्र के सामने कड़ी चुनौती पेश की और एक समय वह मैच ड्रॉ कराने के करीब पहुंच गया था। ऐसे में सलाह में इंजरी टाइम में गोल करके मिस्र को जीत दिलाई। एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अंगोला को 2-1 से हराया। यह दक्षिण अफ्रीका की अंगोला के खिलाफ पिछले छह मैचों में पहली जीत है। कैसाब्लांका में खेले गए एक अन्य मैच में पैटसन डाका ने स्टॉपेज टाइम में गोल किया, जिससे जाम्बिया ने माली के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराया। मेजबान देश मोरक्को ने रविवार को कोमोरोस पर 2-0 से जीत हासिल की थी।

# नेपोली ने तीसरी बार जीता इटालियन सुपर कप, नेरेस ने लगाए जोरदार शॉट

एजेंसी ⏭ रियाद

डेविड नेरेस ने दोनों हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे मौजूदा सीरी ए चैंपियन नेपोली ने सऊदी अरब में खेले गए फाइनल में बोलोग्ना को 2-0 से हराकर तीसरी बार इटालियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता। नेरेस का 39वें मिनट में पहला गोल किया। उनका 25 मीटर की दूरी से बाएं पैर से लगाया गया शॉट दूर के कोने में जाकर लगा। उन्होंने बोलोग्ना के गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया को इसे बचाने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने मैच का एक घंटा पूरा होने के बाद अपना दूसरा गोल किया। नेरेस ने रावाग्लिया के एक ढीले पास का फायदा उठाया और जॉन लुकुमी से गेंद छीनकर गोलकीपर के ऊपर से उसे गोल में डाल दिया। नेपोली ने इससे पहले 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था।

- 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था



## यादें 2025 : जूनियर खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक

# भारतीय कुश्ती के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा यह साल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती के लिए वर्ष 2025 उतार चढ़ाव से भरा रहा, जिसमें सीनियर स्तर पर अपेक्षित परिणाम नहीं मिले लेकिन जूनियर स्तर पर किए गए अच्छे प्रदर्शन ने उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जगाई। सीनियर खिलाड़ियों में अंतिम पंघाल ही अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रख पाई। हरियाणा की इस पहलवान ने विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इस प्रमुख प्रतियोगिता की पदक तालिका में भारत की उपस्थिति सुनिश्चित की। कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाली अंतिम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में भी तीसरा स्थान हासिल किया, जिससे महाद्वीपीय स्तर पर उनकी साख और बढ़ी।

### अमन सेहरावत के लिए मुश्किलों भरा रहा साल

इस साल सभी की निगाह इस पर टिकी थी कि अमन सेहरावत (57 किलोग्राम) के लिए यह सत्र कैसा रहेगा। पिछले साल ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बनकर पूरे देश के चहेते बने इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए वर्ष 2025 मुश्किलों भरा रहा।

### सीनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत को मात्र एक पदक

सीनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत का समग्र प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा, जिसमें उसे केवल एक पदक से संतोष करना पड़ा। यह पदक अंतिम ने कांस्य पदक के रूप में जीता था। भारत के कई पहलवान शुरुआती दौर में हारने के बाद बाहर हो गए। महाद्वीपीय स्तर पर एक प्रमुख उपलब्धि मनीषा भानवाला (62 किलोग्राम) का एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना रही।



### विनेश फोगाट का संन्यास से वापसी का निर्णय

इस वर्ष चर्चा का एक और प्रमुख विषय विनेश फोगाट का ओलंपिक पदक जीतने की अपनी कवायद में संन्यास से वापसी करने का निर्णय था। पेरिस ओलंपिक खेलों में 50 किलोग्राम वर्ग के फाइनल से पहले 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था। हरियाणा की इस जुझारू पहलवान ने इस निराशा से खुद को बाहर निकाला। उन्होंने अब पहले से भी अधिक मजबूत होकर वापसी करने का वादा किया है।

### अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन

भारत ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सुजीत का स्वर्ण पदक प्रमुख रहा। अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में भारत ने विभिन्न वर्गों में कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अग्रणी देशों में अपना स्थान बनाया। सत्रह वर्षीय काजल ने महिलाओं के 72 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि तपस्या गहलावत (57 किलोग्राम) ने भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

# प्रियांदना ने टी20 में किया कमाल एक ओवर में झटके 5 विकेट

**बाली।** इंडोनेशिया के गीड प्रियांदना टी20 इंटरनेशनल में एक ओवर में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने कंबोडिया के खिलाफ मुकाबले में यह करिश्मा किया। गीड प्रियांदना ने बाली में खेले गए मुकाबले में एक ही ओवर फेंका और इसमें हैट्रिक समेत पांच विकेट चटकाए। इससे इंडोनेशिया ने 60 रन से मैच जीत लिया। कंबोडिया का स्कोर प्रियांदना के ओवर से पहले पांच विकेट पर 106 रन था और उसे जीत के लिए पांच ओवर में 62 रन की जरूरत थी।

28 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियांदना पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में एक ओवर में पांच विकेट लिए हैं। वे 16वें ओवर में बॉलिंग के लिए आए। उन्होंने पहली तीन गेंदों पर शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चांटथुम रथानक को आउट कर हैट्रिक पूरी की। उनकी अगली गेंद खाली रही। इससे अगली गेंद पर उन्होंने मोंगदरा सोक को आउट किया। फिर एक वाइड रही। आखिरी गेंद पर पेल वेनाक को आउट कर उन्होंने पांच विकेट पूरे किए। साथ ही कंबोडिया की पारी भी सिमट गई। प्रियांदना के ओवर से केवल एक रन गया, जो वाइड के जरिए था। पुरुष टी20 क्रिकेट में एक ओवर में पांच विकेट लेने का कमाल दो बार हो चुका है। 2013-14 में बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने अबाहनी लिमिटेड के खिलाफ विक्ट्री डे टी20 कप में पांच विकेट लिए थे। 2019-20 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक के अभिमन्यु मिथुन ने हरियाणा के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में एक ओवर में पांच शिकार किए।






सीबीआई ने 17 दिसंबर की शाम कार्रवाई करते हुए सेंट्रल जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा और इंस्पेक्टर सचिनकांत खरे को चार लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था

# सेंट्रल जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर व इंस्पेक्टर जेल भेजे गए

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर में सेंट्रल जीएसटी विभाग में पदस्थ रहे असिस्टेंट कमिश्नर और इंस्पेक्टर को रिश्वतखोरी के गंभीर मामले में अदालत ने जेल भेज दिया है। सीबीआई ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के लिए चार दिन की रिमांड ली थी, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वहीं, शिकायतकर्ता होटल व्यवसायी ने पूरे मामले को लेकर कई अहम खुलासे किए हैं, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार होटल कारोबारी विवेक त्रिपाठी की शिकायत पर सीबीआई ने 17 दिसंबर की शाम कार्रवाई करते हुए सेंट्रल जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा और इंस्पेक्टर सचिनकांत खरे को चार लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में कार्यालय अधीक्षक मुकेश बर्मन अब तक फरार है, जिसकी तलाश जारी है।



## ओयो छापे से जुड़ा है पूरा मामला

शिकायतकर्ता ने बताया कि पूरे मामले की जड़ वर्ष 2018 में की गई एक बड़ी कार्रवाई से जुड़ी है। उस दौरान सेंट्रल जीएसटी की दिल्ली टीम ने ओयो होटल्स के दिल्ली स्थित कार्यालय पर छापा मारा था। जांच के दौरान देशभर के ओयो से जुड़े होटलों के व्यापारिक दस्तावेज जब्त किए गए थे। जांच में यह भी सामने आया था कि कंपनी ने अपने कारोबार को वास्तविकता से कहीं अधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था, क्योंकि उसे आईपीओ लाना था। दिल्ली जीएसटी कार्यालय द्वारा तैयार की गई सूची देशभर के जीएसटी कार्यालयों को भेजी गई थी। इसी सूची में जबलपुर के भी 50 से अधिक ऐसे होटल शामिल थे, जो ओयो से जुड़े हुए थे।

## टैक्स रिकवरी के नाम पर दबाव

सूची मिलने के बाद जबलपुर सेंट्रल जीएसटी कार्यालय ने संबंधित होटलों को नोटिस जारी कर टैक्स रिकवरी की प्रक्रिया शुरू की। विवेक त्रिपाठी को भी कार्यालय बुलाया गया, जहां उनसे वर्ष 2018 से संबंधित सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। दस्तावेज जमा करने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इनका कोई महत्व नहीं है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अधिकारियों ने उन्हें बताया कि यदि उनके खिलाफ ऑर्डर पारित किया गया तो करीब एक करोड़ रुपए जीएसटी और दो करोड़ रुपए पेनल्टी, यानी कुल तीन करोड़ रुपए की देनदारी बनेगी।

## धमकी और अपील के नाम पर दबाव

विवेक त्रिपाठी का कहना है कि जब उन्होंने इतनी बड़ी राशि चुकाने में असमर्थता जताई, तो अधिकारियों ने कहा कि यदि आदेश के खिलाफ अपील करनी है तो पहले 10 प्रतिशत यानी करीब 30 लाख रुपए जमा करने होंगे। उनका आरोप है कि कार्यालय बुलाकर उन्हें लगातार मानसिक दबाव में रखा गया और धमकाया गया कि यदि मामला नहीं निपटाया गया तो बार-बार परेशान किया जाएगा।

## 10 लाख में समझौते की बात

शिकायतकर्ता के अनुसार काफी मिन्नतों के बाद सेंट्रल जीएसटी के अधिकारियों ने कथित तौर पर 10 लाख रुपए की रिश्वत लेकर मामले को निपटाने की सहमति जताई। इसके बाद उन्होंने सीबीआई से संपर्क किया। सीबीआई ने करीब दो महीने तक पूरे प्रकरण की गोपनीय जांच की और यह पता लगाया कि रिश्वत की मांग किन अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद 17 दिसंबर को जब रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 4 लाख रुपए दिए जा रहे थे, उसी दौरान सीबीआई ने इंस्पेक्टर सचिनकांत खरे और असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल मामले की जांच जारी है और फरार आरोपी की तलाश के साथ ही सीबीआई अन्य पहलुओं की भी गहन पड़ताल कर रही है।

तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत

# कटंगी में नहीं थम रहा तेंदुए का आतंक

**जबलपुर।** कटंगी अंचल में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मुरई गांव के बाद अब समीपस्थ कुसली गांव में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। देर शाम गांव की बस्ती से लगे खेतों और झाड़ियों के पास तेंदुए के देखे जाने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने एहतियातन अपने घरों से बाहर निकलकर बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ खेतों की ओर से गांव की तरफ बढ़ता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और टॉर्च की रोशनी से उसे भगाने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण तेंदुआ झाड़ियों में ओझल हो गया। इसके बाद गांव में भय और अनिश्चितता का माहौल बन गया। कई ग्रामीणों ने पूरी रात जागकर पहरा दिया, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। तेंदुए की लगातार गतिविधियों के कारण कटंगी क्षेत्र के कई गांवों में रात होते ही सन्नाटा पसर जा रहा है। लोग सूर्यास्त के बाद घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। खेतों की ओर जाने का सिलसिला लगभग थम गया है, जिससे ग्रामीणों का सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

वन विभाग की रेस्क्यू टीम द्वारा आधुनिक उपकरणों और ट्रैकिंग तकनीक की मदद से तेंदुए की तलाश की जा रही है। साथ ही तेंदुए की संभावित आवाजाही वाले स्थानों पर पिंजरा लगाने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि उसे सुरक्षित रूप से पकड़कर वन क्षेत्र में छोड़ा जा सके।

वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से संयम बरतने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण रात के समय अकेले बाहर न निकलें, खेतों और झाड़ियों की ओर जाने से बचें तथा बच्चों पर विशेष निगरानी रखें।



## गांव में भय और चिंता का माहौल कायम

कुसली गांव सहित आसपास के इलाकों में तेंदुए की दस्तक से भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि तेंदुआ आबादी के और करीब पहुंचा तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि वन विभाग की लगातार निगरानी से लोगों को कुछ हद तक राहत जरूर मिली है।

## किसान रात में सिंचाई से कतरा रहे

तेंदुए के मटर की फसल वाले खेतों में देखे जाने के बाद खासकर रात के समय सिंचाई करने वाले किसानों और खेत मजदूरों में भारी दहशत है। कई किसान रात में खेतों की ओर जाने से कतरा रहे हैं, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर नहीं भेजा गया, तो खेती-किसानी पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है। फिलहाल वन विभाग की टीम क्षेत्र में डटी हुई है और ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही तेंदुए को पकड़कर जंगल में छोड़ा जाएगा, जिससे कटंगी क्षेत्र में फिर से सामान्य स्थिति बहाल हो सके।

# पमरे ने नवंबर में टिकट जांच से 11.74 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के नवंबर माह में टिकट जांच अभियानों के माध्यम से 11 करोड़ 74 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 22.83 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान तीनों मंडलों में कुल 1 लाख 79 हजार प्रकरण पकड़े गए।

रेलवे मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा 3 हजार प्रकरणों से 20 लाख रुपये, जबलपुर मंडल में 78 हजार प्रकरणों से 5.70 करोड़ रुपये, भोपाल मंडल में 53 हजार प्रकरणों से 3.42 करोड़ रुपये तथा कोटा मंडल में 45 हजार प्रकरणों से 2.42 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## बिजली मांग का रिकार्ड, 19371 मेगावाट दर्ज

जबलपुर। मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की मांग का नया रिकार्ड गत दिवस 22 दिसंबर को प्रातः 10.40 बजे उस समय बना जब विद्युत की शीर्ष मांग 19371 मेगावाट दर्ज गई। विशेष बात यह रही कि प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की मांग की आपूर्ति निर्बाध रूप से की गई। इससे पूर्व 12 दिसंबर को प्रदेश में बिजली की मांग 19113 मेगावाट दर्ज हुई थी। प्रदेश में कैसी रही बिजली की मांग-प्रदेश में जब बिजली की मांग 19371 मेगावाट पर दर्ज हुई उस दौरान मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर व रीवा संभाग) में 5228 मेगावाट, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल व ग्वालियर संभाग) में 6022 मेगावाट, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर व उज्जैन संभाग) में 7743 मेगावाट, एस.ई.जेड में 45 मेगावाट एवं रेलवे में 333 मेगावाट बिजली की मांग दर्ज हुई।

## अवैध रिफलिंग कर महंगे दाम पर बेच रहा था छोटे गैस सिलेण्डर

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत रजा चौक में छोटे गैस सिलेण्डर में अवैध रुप से गैस रिफलिंग कर ज्यादा कीमत में बेच रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 2 छोटे गैस सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रानिक तराजू, गैस रेग्युलेटर मय नोजल जब्त किया है। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात मुखबिर की सूचना पर रजा चौक में अलमाश रिपेयरिंग सेंटर में नसीम खान अपनी दुकान में घरेलू एलपीजी गैस कम्पनी से खरीदकर गैस के तय दाम से अधिक कीमत लेकर छोटे छोटे गैस सिलेण्डरों में घरेलू एलपीजी गैस भर रहे डॉ.तकीरजा कंपाउंड ओमती निवासी 45 वर्षीय नसीम खान को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 गैस सिलेण्डर एचपी कम्पनी के, एक इलेक्ट्रानिक तराजू, 1 रेग्युलेटर मय सटक तथा एक सप्लाई नोजल जब्त करते हुये आरोपी नसीम खान के विरूद्ध धारा के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# रीवा-मुंबई के बीच दो स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल ने यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए रीवा और मुंबई (सीएसएमटी) के बीच दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी होकर गुजरेंगी, जिससे इन क्षेत्रो के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।



रेलवे प्रशासन के मुताबिक रीवा से सीएसएमटी के लिए स्पेशल ट्रेन गुरुवार, 1 जनवरी और 8 जनवरी 2026 को रवाना होगी। वापसी में, सीएसएमटी से रीवा के लिए यह ट्रेन शुक्रवार, 2 जनवरी और 9 जनवरी 2026 को चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन रीवा से दोपहर 3:50 बजे प्रस्थान करेगी। यह रात 11:20 बजे इटारसी पहुंचेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से दोपहर 1:30 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन रात 1:15 बजे इटारसी पहुंचेगी और सुबह 9:45 बजे रीवा पहुंचेगी।

इन स्पेशल ट्रेनों का ठहराव सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक, कल्याण और दादर स्टेशनों पर निर्धारित किया गया है। प्रत्येक ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे, जिनमें 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 1 एसी टू-टियर, 4 एसी थ्री-टियर, 12 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन शामिल हैं।

सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# खेलों में नया इतिहास रच रहा मध्य प्रदेश : मंत्री विश्वास सारंग



हरिभूमि जबलपुर।

सांसद खेल महोत्सव का जबलपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश खेलों के क्षेत्र में नया इतिहास रच रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मध्य प्रदेश खेलों में देश में तीसरे स्थान पर है और सरकार का लक्ष्य इसे नंबर वन राज्य बनाना है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनहित से जुड़े हर विषय को गंभीरता से लेकर उसे धरातल पर उतार रही है। उन्होंने घोषणा करते हुए बताया कि जबलपुर लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभाओं में आधुनिक सुविधाओं से युक्त "खेल परिसर" का निर्माण किया जाएगा, जिससे युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।

मंत्री श्री सारंग ने जबलपुर सांसद श्री आशीष दुबे की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं की जरूरतों को समझते हुए पूरे लोकसभा क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि सांसद श्री दुबे ने यह स्पष्ट किया है कि हर विधानसभा में एक-एक खेल परिसर बनाया जाएगा, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को समान अवसर मिलेंगे।

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 तक विकसित भारत का है और इसमें खेलों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर न केवल उन्हें आगे बढ़ाया जा सकता है, बल्कि देश और प्रदेश का नाम भी रोशन किया जा सकता है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी 'इंदु', नीरज सिंह, पूर्व मंत्री अंचल सोनकर, विनोद गोटिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, रिकुंज विज सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही जबलपुर में खेल प्रतिभाओं को नई दिशा और नया मंच मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## विदेश में जब तब अपने बयानों से देश के सम्मान को कमजोर कर रहे राहुल गांधी

पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा में खेल मंत्री विश्वास सारंग बोले, प्रदेश में धर्मान्तरण स्वीकार नहीं होगा

**जबलपुर।** सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करने जबलपुर पहुंचे प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने यहां अपने आगमन के दौरान पत्रकारों से हुई अनौपचारिक चर्चा में लोक सभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार विदेशी दौरो पर देश की संवैधानिक संस्थाओं, व्यवस्था और लोकतंत्र के खिलाफ गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य देते रहते हैं। उनके ये बयान या वक्तव्य देश के सम्मान और मनोबल को कमजोर करने का ही काम करते हैं। उनकी ऐसी गतिविधियां विदेशी षडयंत्र और साजिश का हिस्सा प्रतीत होती हैं जिससे देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री सारंग ने इस दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव आयोग की जारी प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाने को लेकर कहा कि चुनाव आयोग पर सवाल खडे करना कांग्रेस की आदत हो गई है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह अपना जमीनी आधार और जन आधार खो चुकी है और यही कारण है कि वह कोरी लोकप्रियता हासिल करने के लिए इस तरह के बयानों में भरोसा करती है परंतु जनता उनकी पार्टी के नेताओं और उनके बयानों को अच्छी तरह समझती है तथा देश के लोकतंत्र व लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर पूरा भरोसा करती है।

प्रदेश में लव जेहाद तथा धर्मान्तरण जैसी घटनाओं की चर्चा करते हुए खेल मंत्री ने कहा कि किसी भी स्तर पर डरा धमका कर या बहला फुसालाकर अथवा प्रेम जाल में फंसाकर धर्मान्तरण कराने अथवा लव जेहाद को सहन नहीं किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने सख्त कानून बनाया है और जो भी अलग अलग तरीके से धर्मान्तरण जैसे दुष्कर्म करेगा उसे कानून के अनुसार कठोर दण्ड मिलेगा। ऐसे कृत्य को प्रदेश में किसी भी सूरत में स्वीकार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। श्री सारंग यहां सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करने पहुंचे थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240